* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

29 मई, 2024
ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष, षष्ठी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
बुधवार, वर्ष 09, अंक 218

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही





### प्रधानमंत्री ने दुमका की चुनावी सभा से संथाल के रण में भरी हुंकार

# भ्रष्टाचार बन गयी है झारखंड की पहचान, इसे मिटायेंगे: मोदी

- नक्सलवाद और घुसपैठियों की आग में जल रहे आदिवासी
- देश भर में लव जिहाद की शुरुआत भी झारखंड से ही हुई

आजाद सिपाही संवाददाता

**दुमका।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि कभी पहाड़ों और झरनों के लिए चर्चित झारखंड की पहचान आज भ्रष्टाचार बन गयी है। चार जून के बाद केंद्र में बननेवाली एनडीए सरकार भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्रवाई तेज करेगी और झारखंड के माथे से यह कलंक मिटायेगी। वह मंगलवार को दुमका हवाई अड्डा मैदान में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड में नक्सलवाद और घुसपैठियों को सबसे ज्यादा बढ़ावा कांग्रेस और जेएमएम के लोग दे रहे हैं, जबकि इस आग में सबसे ज्यादा आदिवासी ही जल रहे हैं। आदिवासी बेटियों को शिकार बनाया जा रहा है और राज्य की सरकार उनको संरक्षण दे रही है। पीएम ने कहा कि विपक्ष के लोग मोदी को हटाना चाह रहे हैं, लेकिन वे यह नहीं जानते कि जनता मोदी के साथ है।



### नोटों के पहाड़ के नाम से चर्चा में झारखंड

पीएम मोदी ने लोगों से कहा कि जिस झारखंड को पहाड़ों के नाम से जाना जाता था, वही झारखंड आज नोटों के पहाड़ के नाम से चर्चा में है। कांग्रेस सांसद से लेकर विधायक तक के ठिकानों से नोटों के पहाड़ मिल रहे हैं। सांसद के ठिकाने से 350 करोड़ से ज्यादा नगद की बरामदगी होती है, जबकि विधायक के करीबी के ठिकानों से 37 करोड़ से ज्यादा की रिकवरी होती है। झारखंड को 'लूटखंड' बना दिया गया है और राज्य सरकार तमाशा देख रही है।

### जमीन, खनिज से लेकर टेंडर तक में घोटाला

पीएम मोदी ने कहा कि झारखंड में खनिज से लेकर टेंडर तक में घोटाले किये जा रहे हैं। टेंडर में घोटाला करने वालों ने नोटों के पहाड़ तक खड़े कर दिये हैं। पीएम ने इडी जांच का हवाला देते हुए कहा कि हेमंत सोरेन ने मां-बाप का नाम तक बदल दिया। सरकार में शामिल लोग आदिवासियों से लेकर सेना तक की जमीन हड़पने को तैयार बैठे हैं। क्या ऐसे लोगों पर कार्रवाई नहीं की जाये। लोकसभा चुनाव में जीत के प्रति आश्वस्त पीएम मोदी ने कहा कि चार जून के बाद भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्रवाई और तेज की जायेगी।

### थाली का राशन तक लूट लिया कांग्रेस-जेएमएम ने

पीएम मोदी ने झारखंड सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यहां के नेताओं के पास जो भी पैसा मिल रहा है, वे शराब घोटाले, जमीन घोटाले और खनिज घोटाले के हैं। जेएमएम वालों ने आपकी थाली का राशन लूटा है। इन्हें शर्म आनी चाहिए कि इन्होंने आपकी 'हर घर जल योजना' में भी घोटाला किया है, लेकिन आप चिंता मत करिये। मोदी गरीब के अन्न-पानी को किसी को छूने नहीं देगा। पीएम मोदी ने कहा कि हमने आदिवासी कल्याण के लिए बजट को चार गुणा से भी ज्यादा बढ़ाया है। यहां के खनिज का पैसा आपके बच्चों पर खर्च हो, इसको लेकर हमने कानून बनाया है। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर हमारी सरकार गौरव दिवस मनाती है, वहीं कांग्रेस इन योजनाओं का विरोध करती है। उन्होने कहा कि जब तक कांग्रेस की सरकार रही, यहां नक्सलवाद, घुसपैठ और तुष्टिकरण का बढ़ावा मिला है।

### 30-01 को ध्यान में लीन रहेंगे पीएम


लोकसभा चुनाव 2024 के आखिरी चरण के लिए चुनाव प्रचार थमने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 मई से एक जून तक कन्याकुमारी के दौरे पर जाने वाले हैं, जहां के प्रसिद्ध रॉक मेमोरियल के ध्यान मंडपम में ध्यान करेंगे। इसी स्थान पर स्वामी विवेकानंद ने भी ध्यान किया था। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2019 में लोकसभा चुनाव समाप्त होने के बाद ध्यानमग्न हुए थे। उस समय पीएम मोदी ने आखिरी चरण के मतदान के समय केदारनाथ का दौरा किया था। वहां उन्होंने रूद्र गुफा में ध्यान किया था। पीएम मोदी के उस दौरे की चर्चा हमेशा की जाती है। आज भी ध्यान में लीन पीएम मोदी की तस्वीरें सोशल मीडिया में शेयर की जाती हैं।

### आदिवासियों का आरक्षण मुसलमानों को नहीं

पीएम मोदी ने आरक्षण पर वार करते हुए कहा कि आदिवासियों-गरीबों का आरक्षण मुसलमानों को नहीं दिया जा सकता। बता दें कि मोदी ने पहले भी दावा किया है कि उनके जिंदा रहते कोई भी संविधान को हाथ नहीं लगा सकता। विकास पर वादे करते हुए मोदी ने कहा कि अगले पांच साल में देश में विकास की रफ्तार दिखने लगेगी। उन्होंने कहा कि और तीन करोड़ गरीबों को पक्के मकान मिलेंगे। साथ ही सोलर पैनल से बिजली मुफ्त कर दी जायेगी।

# रांची में आर्मी जवान की पत्नी से बच्चों के सामने सामूहिक दुष्कर्म

- आदिवासी परिवार मूल रूप से खूंटी जिले का रहने वाला है
- नामकुम के लालखटंगा पोखर टोली में अर्धनिर्मित मकान में बच्चों के साथ थी महिला
- ग्रामीण एसपी, डीएसपी जांच करने पहुंचे घटना स्थल



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची में नामकुम इलाके के खरसीदाग ओपी क्षेत्र अंतर्गत लालखटंगा पोखर टोली में सेना के जवान संजय कच्छप की पत्नी से सामूहिक दुस्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। मामले में महिला के बयान पर प्राथमिकी दर्ज की गयी है। घटना सोमवार की देर रात 12 से 1 बजे की है। पीड़िता ने मंगलवार की सुबह पुलिस को जानकारी दी गयी। जिसके बाद पुलिस रेस हुई है। महिला का मेडिकल कराया। वहीं घटना की जानकारी मिलने के बाद ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल देर शाम खरसीदाग पहुंचे एवं घटनास्थल पर जाकर आवश्यक जांच की। उनके साथ मुख्यालय वन डीएसपी अमर कुमार पांडेय भी थे। एसपी ने स्थानीय लोगों एवं परिजनों से पूछताछ की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार महिला के पति लेह लद्दाख में तैनात हैं। वे मूल रूप से खूंटी जिले के कर्रा गोविंदपुर का रहने वाला। जवान कोकर में परिवार सहित किराया में रहता है एवं खरसीदाग के लालखटंगा पोखर टोली में जमीन खरीद कर घर बना रहे हैं। बताया जाता है 15 दिनों से महिला अर्धनिर्मित घर बनाने के लिए पोखर टोली में रह रही थी। उसके साथ एक 7 साल का एवं एक चार माह का बेटा था। पीड़िता के अनुसार रात बारह से एक बजे के बीच चार युवक उनके घर में प्रवेश किये एवं बारी बारी से दुष्कर्म किया। महिला के बयान पर मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई में पुलिस जुटी है। वहीं लालखटंगा में रहने वाले एक युवक ने बताया कि मंगलवार की सुबह पांच बजे महिला की बहन का फोन आया। उसने कहा दीदी का फोन नहीं लग रहा है जाकर देखो। जब युवक घर पहुंचा तो महिला ने उसे बताया कि रात में लाइट कटी हुई थी। रात में पानी लेने घर से बाहर निकली थी इसी दौरान उसके घर में एक युवक प्रवेश कर गया। युवक ने कहा चुप रहो नहीं तो बच्चा को मार डालेंगे। उसके बाद तीन अन्य युवकों को भी घर में बुलाया एवं बारी-बारी से दुष्कर्म किया। युवकों ने महिला के कपड़े फाड़ दिये एवं मोबाइल तोड़ डाला। इधर ग्रामीण एसपी ने बताया कि महिला का मेडिकल कराया गया है। पुलिस विभिन्न विंदुओं पर जांच कर रही है जल्द स्पष्ट हो जायेगा एवं आरोपियों की गिरफ्तारी होंगी। वहीं महिला के साथ दुष्कर्म की घटना के बाद आसपास में सनसनी फैल गयी है।

# आज फिर से तानशाही सरकार के खिलाफ हूल-उलगुलान की जरूरत: कल्पना सोरेन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झामुमो नेता कल्पना मुर्मू सोरेन ने राजमहल लोकसभा क्षेत्र में मंगलवार को दो चुनावी सभाओं को संबोधित करते हुए इंडिया गठबंधन के झामुमो प्रत्याशी विजय हांसदा के लिए वोट मांगा। उन्होंने साहेबगंज के उधवा इंगलिश मैदान और पतना में कहा कि झारखंड के मान-सम्मान और स्वाभिमान, तीर धनुष, दिशोम गुरुजी और हेमंत के प्रति पूरे संताल परगना में अटूट प्रेम, विश्वास और अपनत्व है। वीर क्रांतिकारियों के खून-पसीने से सिंचित इस धरती ने हमेशा शोषण और अत्याचार के खिलाफ आवाज उठायी है। आज फिर हूल-उलगुलान के आह्वान के साथ केंद्र में बैठी तानाशाही भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने का काम झारखंड की जनता कर रही है। हेमंत को साजिशन जेल में डालने वाली भाजपा के खिलाफ लोगों में भयंकर रोष है। यह चुनाव जनता लड़ रही है, भाजपा के खिलाफ है।






### अपने वोट से हेमंत की रिहाई का रास्ता खोलें

कल्पना ने कहा कि भाजपा नहीं चाहती थी कि झारखंड और झारखंडवासी आगे बढ़ें। इसलिए चुनाव से ठीक पहले उसने हेमंत को जेल में डाल दिया है। इस तानाशाही सरकार को मिलकर सबक सिखाना है। हेमंत की जेल की चाबी आप सभी के पास है। आपसे आग्रह है एक जून को चार नंबर पर तीर-धनुष का बटन दबाकर आपके चहेते बेटे और भाई हेमंत को जेल से मुक्त कराने और अपने हक-अधिकार के लिए विजय हांसदा को भारी से भारी मतों से जिताने का काम करें।

### हेमंत के काम से टेंशन में थी भाजपा

कल्पना ने कहा कि हेमंत का कसूर क्या था? जिस जमीन के साथ उनका नाम जोड़ा गया, उससे उनका कोई लेना-देना ही नहीं था। हेमंत का कसूर यह था कि वह राज्य का 1.36 लाख करोड़ रुपये बकाया, 1932 के खतियान पर आधारित स्थानीय नीति, पिछड़ों को 27 प्रतिशत आरक्षण, सरना आदिवासी धर्म कोड आदि की मांग कर रहे थे, लाखों लोगों को आवास, पेंशन, राशन दे रहे थे। यही भाजपा के डर का कारण था।

# इडी ने की आइएएस मनीष रंजन से पूछताछ, कई सवालों पर घिरे


आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बहुचर्चित टेंडर कमीशन घोटाले की जांच में मंगलवार को उस समय महत्वपूर्ण मोड़ आया, जब आइएएस मनीष रंजन से इडी ने पूछताछ शुरू की। वह सुबह सवा 11 बजे इडी के दफ्तर पहुंचे। इसके बाद उनसे पूछताछ का सिलसिला शुरू हो गया। बता दें कि इसी घोटाले में इडी ने हाल ही में झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम को गिरफ्तार किया है। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। मनीष रंजन ग्रामीण विकास विभाग के पूर्व सचिव हैं। वह वर्तमान में भू-राजस्व, पथ निर्माण और भवन निर्माण विभाग के सचिव हैं। उन्हें 28 मई को पेश होने के लिए कहा गया था। उनको इससे पहले 24 मई को इडी अधिकारियों के समक्ष पेश होने के लिए बुलाया गया था, लेकिन वह उपस्थित नहीं हुए और अधिक समय मांगा था।



**कई सवालों पर घिरे आइएएस :** जानकारी के अनुसार इडी की टीम ने मनीष रंजन से ग्रामीण विकास विभाग में उनके कार्यकाल के दौरान जारी किये गये टेंडर के बारे में जानकारी मांगी। इसके अलावा उनसे मंत्री आलमगीर आलम और उनके ओएसडी संजीव लाल के साथ उनके संबंधों के बारे में सवाल किये गये। उनसे संजीव लाल के घरेलू सहायक जहांगीर आलम के बारे में भी पूछा गया। बताया गया कि मनीष रंजन ने कई सवालों के गोल-मटोल जवाब दिये, जबकि कई सवालों पर वह 'जानकारी नहीं' या 'याद नहीं' कहते रहे। इसके अलावा इडी की जांच में जिन लोगों के नाम सामने आये हैं, उनके बारे में पूछने पर मनीष रंजन ने चुप्पी साध ली।



# दुमका में लोगों की भावनाओं को छू गये मोदी

## ■ प्रधानमंत्री ने संताल के तीन लोकसभा क्षेत्रों को साधा

## ■ देश के विकास के लिए कामना करने का लिया वायदा

**संताल परगना की तीन लोकसभा सीट दुमका, गोड्डा और राजमहल में 1 जून को मतदान है। इससे चार दिन पहले मंगलवार यानी 28 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दुमका में सभा थी। दोपहर 12 बजे का कार्यक्रम था। उस वक्त दुमका का तापमान 38 डिग्री सेलसियस था। सूर्य देवता अपनी तपिश बिखेर रहे थे। चिलचिलाती धूप लोगों को बेचैन करने के लिए काफी थी। इसके बाद भी संताल के लोगों ने प्रधानमंत्री का जोरदार स्वागत किया। उन्होंने दिखा दिया कि धूप और गर्मी हमारे उत्साह को कम नहीं कर सकती है। हजारों की संख्या में लोग दुमका हवाई अड्डा पहुंचे थे। नेता और कार्यकर्ताओं की भीड़ लगी थी। मंच पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, प्रतिपक्ष के नेता अमर बाउरी, दुमका की प्रत्याशी सीता सोरेन, गोड्डा के निशिकांत दुबे और राजमहल प्रत्याशी ताला मरांडी समेत अन्य नेतागण मौजूद थे। इस बीच प्रधानमंत्री का आगमन हुआ। प्रधानमंत्री लगातार लंबे समय से चुनाव प्रचार में लगे हैं। हर दिन तीन-चार सभाएं कर रहे। सुबह से रात तक चुनाव में लगे हैं। इसके बाद भी जब भरी दोपहर में मंच पर पहुंचे तो भीड़ देख कर लोगों को 'जोहार' कहने से खुद को रोक नहीं पाये। चिलचिलाती धूप में लोगों को खड़े देख कर उनका धन्यवाद अभिवादन करने से भी नहीं रह सके। इतना ही नहीं उन्होंने अपनी भाव-भंगिमा और बातों से लोगों की भावनाओं को छू लिया। पूरे संताल के कार्यकर्ताओं को 'मोदी' बना दिया। लोगों से दो वायदा लिया। जाते-जाते लोगों को दिल्ली को मजबूत करने के लिए तीनों लोकसभा सीटों को भी साध गये। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा पर आजाद सिपाही के राजनीतिक संपादक प्रशांत झा की विस्तृत रिपोर्ट।**

आजाद सिपाही विशेष



प्रशांत झा

देश में लोकसभा चुनाव सात चरणों में हो रहा है। छह चरणों का चुनाव संपन्न हो चुका है। अब आखिरी चरण के लिए मतदान 1 जून को होना है। वहीं, झारखंड की 14 सीटों पर चार चरणों में मतदान संपन्न कराया जा रहा है। तीन चरणों का चुनाव हो चुका है। आखिरी चरण में संताल की तीन सीटें दुमका, गोड्डा और राजमहल पर 1 जून को मतदान होना है। प्रधानमंत्री ने हर चरण से पहले झारखंड में जनसभा को संबोधित किया। इस बार भी दुमका से तीनों सीटों के लिए नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को जनसभा को संबोधित किया। उनकी सभा में तीनों लोकसभा क्षेत्र के लोग आये थे। दूर-दूर के गांव से सुबह रवाना होकर सभा से ठीक पहले दुमका हवाई अड्डा तक लोगों का आना हुआ था। लोगों की भीड़ का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि मोदी की सभा 1 बजे समाप्त हुई और पार्किंग स्थल से सड़क पर हमारी गाड़ी 2.30 बजे निकल पायी। हवाई अड्डा के दो किलोमीटर की लंबी सड़क पर केवल लोगों का सिर ही सिर दिख रहा था। तिल रखने की जगह नहीं थी। भीड़ में बूढ़े-बुजुर्ग और बच्चे भी शामिल थे।

### जुनून में कदमताल कर रहे थे लोग

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगभग 12 बजे मंच पर पहुंच चुके थे। सभा स्थल का शामियाना लोगों के लिए छोटा पड़ गया था। जितने लोग सभा स्थल पर थे, उससे कहीं ज्यादा लोगों का आने का सिलसिला जारी था। मंच से प्रधानमंत्री के आने की घोषणा हो चुकी थी। जिसकी अवाज दो किलोमीटर तक लगी माइक पर आ रही थी। लोगों में मोदी को देखने-सुनने का जुनून ऐसा था कि उनके कदमताल तेज हो गये थे। चुनाव, उम्मीदवार आदि से संबंधित सवाल पूछने के लिए सभा की ओर जा रहे कई पुरुष और महिलाओं को हमने रोकने का प्रयास किया। लेकिन जुनून ऐसा कि लोग एक सकेंड भी रूकने को तैयार नहीं थे। चलते-चलते कुछ ने केवल इतना कहा कि 'आते हैं, तब बात करेंगे। मोदी जी आ गये हैं। देर हो गयी है। हम समझ रहे थे कि मोदी जी 1 बजे आयेंगे, लेकिन वह तो पहले ही पहुंच गये हैं। समय को लेकर थोड़ा कन्फ्यूजन हुआ है।'




### नयी उपाधि 'टाइगर' भी सुनने को मिला

सभा में जाने वाले लोगों से जब बातचीत सही तरीके से नहीं हो पायी, तो मैं सभा स्थल से एक किलोमीटर दूर एक तीराहे पर आकर रुक गया। लोगों के कदम तेजी से सभा स्थल की ओर बढ़ रहे थे। जगह-जगह लगी माइक पर नेताओं के भाषण की आवाज आ रही थी। भाजपा के नेता और प्रत्याशियों का भाषण खत्म हो चुका था। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का भाषण चल रहा था। लोगों का बदस्तूर सभास्थल की ओर जाना जारी था। इसी बीच बाबूलाल ने अपना भाषण समाप्त करते हुए प्रधानमंत्री को संबोधित करने के लिए आमंत्रित किया। उसी वक्त वहां से 10-15 लोगों की एक टोली जा रही थी। वह सभी वहीं पेड़ के नीचे रूक गये। उनमें से एक ने कहा कि 'देखिये अब हमारा टाइगर दहाड़ेगा। बोलेगा भारत माता की जय।' तभी प्रधानमंत्री की आवाज माइक पर आयी भारत माता की जय। सभी 10-12 लोग प्रसन्नता दिखाते हुए चिल्ला उठे, ' भारत माता की जय'। 'टाइगर जिंदाबाद'।

### मन खुश कर दिया प्रधानमंत्री ने

प्रधानमंत्री का भाषण समाप्त हो चुका था। लोग सभा स्थल से निकलने लगे थे। अब लोग रूक कर बातचीत करने के लिए भी तैयार थे। प्रश्नों का जवाब भी दे रहे थे। लोग खुश नजर आ रहे थे। उनकी बातों से एक बात साफ हो गयी, मोदी ने लोगों की भावनाओं को छुआ। उनके प्रति लोगों की आस्था, प्यार, सम्मान और उन्हें दोबारा देश की कमान सौंपने का मन बना लिया है। लोगों ने कहा कि 'अब हम भी मोदी हैं। प्रधानमंत्री ने हमें मोदी बना दिया है। हम लोगों से वादा करेंगे। प्रधानमंत्री उसे पूरा करेंगे।' दरअसल प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में कहा कि 'आप लोग एक वादा करेंगे? 4 जून के बाद घर-घर जायें। लोगों को देखें कि आवास है या नहीं। अगर पक्का मकान नहीं है, तो आप मोदी बन कर वादा करें कि उनका घर बनेगा। उस व्यक्ति का नाम पता, लेकर मुझे भेज दें। उनका घर बनवा दूंगा।' इससे लोगों को खुद को मोदी के करीब होने का एहसास हुआ। लोग बातचीत में खुद को प्रधानमंत्री से कनेक्ट कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने भाषण में लोगों से दूसरा वादा लिया।

सभा से निकलने वाले लोगों के बीच इसकी भी चर्चा थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि 'आज आप एक और वादा करें। हर किसी का अपना इष्ट देव, देवी-देवता, मंदिर होता है। सभा से जाने के बाद अप वहां जायें। भगवान से अपने लिए नहीं। मोदी के लिए नहीं। मोदी के परिवार के लिए नहीं। देश के विकास के लिए प्रार्थना करें। विकसित भारत बने, इसके लिए प्रार्थना करें।' इस बात ने लोगों के दिल को छू लिया। लोगों ने कहा कि प्रधानमंत्री को देखा, उन्हें हमेशा लोगों की और देश की ही फिक्र रहती है। लोग यह भी कह रहे थे कि मोदी अकेले ऐसे व्यक्ति हैं, जिनका अपना घर परिवार नहीं है। उन्होंने पूरे देश को अपना परिवार बना लिया है। हर समय देश के लिए सोचते हैं, करते हैं।

### जो राम को लाये हैं, हम उनको लायेंगे

भीड़ में शामिल छोटे-छोटे बच्चे भी राम मंदिर की बात कर रहे थे। वह कह रहे थे कि देखा न मोदी जी ने राम मंदिर बनवा दिया। कह रहे थे जो राम को लाये हैं, हम उनको लायेंगे। बच्चे प्रणाम, नमस्ते या जोहार की जगह राम-राम बोल रहे थे।

# झारखंड को लूटने से बचाने और विकास के लिए कमल छाप पर एक जून को बटन दबायें : बाबूलाल

## राजमहल, दुमका और गोड्डा से एनडीए प्रत्याशियों को रिकॉर्ड मतों से विजयी बनाने की अपील

- जिस पार्टी ने झारखंड अलग राज्य बनाया है, हमें उसी पार्टी को वोट करना है
- दुमका लोकसभा में आयोजित महा विजय संकल्प सभा को बाबूलाल मरांडी ने किया संबोधित



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने 28 मई को दुमका लोकसभा में आयोजित महा विजय संकल्प सभा को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह लोकसभा का चुनाव है। संथाल परगना क्षेत्र में अंतिम चरण का चुनाव है। झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस दोनों ही संताल परगना में चुनाव लड़ रहे हैं। दोनों पार्टी झारखंड के विरोधी रहे हैं। झारखंडवासियों के भी विरोधी रहे हैं। आजाद भारत में 55 वर्षों तक कांग्रेस पार्टी ने राज किया। झारखंड मुक्ति मोर्चा इन्हीं के साथ रहा, लेकिन इन लोगों ने झारखंड अलग राज्य नहीं बनाया। भारतीय जनता पार्टी ने वादा किया था कि केंद्र में हमारी सरकार बनने पर झारखंड अलग राज्य का गठन किया जायेगा। केंद्र में अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में सरकार बनने पर झारखंड अलग राज्य बना। झारखंड अलग राज्य भारतीय जनता पार्टी और अटल बिहारी वाजपेयी के कारण बना है। जिस पार्टी ने झारखंड अलग राज्य बनाया है, हमें उसी पार्टी को वोट करना है। झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस विकास के भी विरोधी हैं। पहले गांव तक सड़कें नहीं हुआ करती थीं। नदी नाले में पुल भी नहीं हुआ करता था। घरों तक बिजली भी नहीं थी। जब केंद्र में और झारखंड में बीजेपी की सरकार बनी, तब गांव तक सड़क बन गयी। घर-घर तक बिजली पहुंच गयी। बिजली नहीं रहने से केरोसिन और लालटेन के लिए सभी इधर-उधर दौड़ लगाते थे। विकास की रोशनी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गांव तक पहुंचायी है। कांग्रेस चाहती तो गांव तक सड़क पहुंच जाती। बिजली घर-घर तक पहुंचा देती, लेकिन इन्होंने काम नहीं किया। प्रधानमंत्री आवास नरेंद्र मोदी गरीबों को दे रहे हैं। मुफ्त में गरीबों को अनाज भी दिया जा रहा है। इलाज और दवा के लिए 5 लाख रुपये तक का बीमा भी कराया है। जो हमारे लिए इतनी चिंता करते हैं, उन्हें हमें 2024 में फिर से प्रधानमंत्री बनाना है। उन्होंने कहा कि झारखंड में कांग्रेस, झारखंड मुक्ति मोर्चा और राजद की बीते साढ़े चार वर्षों से सरकार है। इस सरकार ने विकास का कोई काम की नहीं किया। झारखंड को लूटने में लग गयी। चाहे वह हेमंत सोरेन हो या आलमगीर आलम। आज भी जो सरकार है, वह अलग नहीं दिख रही है। लूटने में लगी है। इन लोगों ने नदी का बालू, कोयला, पहाड़ को लूटा। जमीन का फर्जी कागजात बनाकर उसको लूट लिया। आज लूट गए पैसे का चारों तरफ अंबर दिखायी पड़ता है। आज हेमंत सोरेन, आलमगीर आलम जेल में है। दो-दो आइएएस जेल में है। एक इंजीनियर जेल में है। दलाल और बिचौलिए भी जेल में है। इन लोगों ने इस राज्य को लूटा है। हमें झारखंड को लूटने से बचाना है। दलाल और बिचौलिया से झारखंड को बचाना है, तभी झारखंड का विकास होगा। 1 जून को अपना वोट कमल छाप को दें।इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, दुमका प्रत्याशी सीता सोरेन, गोड्डा प्रत्याशी डॉ निशिकांत दुबे, राजमहल प्रत्याशी ताला मरांडी, सहित पार्टी के कई पदाधिकारी मौजूद थे।

# सारठ में नड्डा, विष्णुदेव साय राजमहल और दुमका में आज करेंगे सभा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा 29 मई को सारठ के पालाजोरी के खागा बड़जोरी स्थित सरस्वती शिशु मंदिर के समीप स्थित मैदान में जनसभा को संबोधित करेंगे। सभा दिन के 12:30 बजे आयोजित है। इसके साथ ही नड्डा दिन के 2.55 बजे से देवघर जिले के त्रिलोक परिसर से वीर कुंवर सिंह चौक तक रोड शो भी करेंगे।



### छत्तीसगढ़ सीएम राजमहल और दुमका में

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 29 मई को राजमहल लोकसभा के साहिबगंज जिले के बरहेट में स्थित गोपलाडीह फुटबॉल मैदान में 11:00 से आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम में भाजपा प्रत्याशी ताला मरांडी भी मौजूद रहेंगे। साय पाकुड़ जिला के अमरापाड़ा स्थित पाडरकला चुडुक पुल फुटबॉल मैदान में 1:00 से आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री दुमका लोकसभा के दुमका जिला के शिकारीपाड़ा स्थित सरसडगाल में 3:00 से आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे।

# निशिकांत के समर्थन में निरहुआ और आम्रपाली ने किया रोड-शो, उमड़ी भीड़

- भीड़ को संभालने में पुलिस को करनी पड़ी भारी मशक्कत

आजाद सिपाही संवाददाता

**गोड्डा।** लोकसभा चुनाव का प्रचार अभियान अब अंतिम दौर में पहुंच गया है। सभी दलों के प्रत्याशी और उनके समर्थक अपनी ओर से जोर लगाये हुए हैं। गोड्डा लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी निशिकांत दुबे के समर्थन में मंगलवार को यूपी के आजमगढ़ से सांसद सह भोजपुरी फिल्मों के सुपरस्टार दिनेश लाल यादव उर्फ निरहुआ व अभिनेत्री आम्रपाली दुबे रोड-शो किया।

सड़क पर उतरकर जनता से निशिकांत दुबे के लिए वोट मांगा। जिले के पथरगामा प्रखंड मुख्यालय से दोपहर बाद शुरू हुए रोड-शो में चिलचिलाती धूप के बावजूद हजारों की भीड़ उमड़ पड़ी। निरहुआ और आम्रपाली दुबे ने प्रत्याशी निशिकांत दुबे के साथ खुली कार पर सवार होकर पथरगामा मुख्य पथ स्थित लकड़ी मिल मोड़ से टावर मोड़ तक रोड-शो किया। इस दौरान दोनों कलाकारों ने भोजपुरी गाना भी गाकर सुनाया।



दोनों स्टार प्रचारकों की सुरक्षा के लिए पत्थरगामा थाना प्रभारी अभिनव आनंद व इंस्पेक्टर विष्णुदेव चौधरी के नेतृत्व में पुलिस टीम साथ चल रही थी।

भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। रोड-शो जिला मुख्यालय पहुंचा, जहां पहले से हजारों की संख्या में भीड़ इंतजार कर रही थी। काफिला के गोड्डा पहुंचने के बाद भीड़ बेकाबू हो गयी फिल्मी कलाकारों की एक झलक पाने और इन्हें माला पहनाने के लिए लोगों में धक्का-मुक्की होने लगी। पुलिस काफी मशक्कत के बाद भीड़ को नियंत्रित किया। काफिला गोड्डा कारगिल चौक से निकलकर सरकंडा चौक होते हुए पोड़ैयाहाट के लिए निकल गया।

# 4 जून को देख लीजिएगा, हम रिकार्ड मतों से जीतेंगे: बाबूलाल

## ■ कहा-जयराम महतो ने एनडीए को नहीं, इंडी को नुकसान पहुंचाया है

## ■ दावा-गांडेय में भाजपा प्रत्याशी सभी को चौंकायेगा

## ■ सीता सोरेन के लिए खुलेमन से काम कर रहे हैं भाजपा कार्यकर्ता

**आजाद सिपाही विशेष**

लोकसभा चुनाव अपने अंतिम चरण में है। झारखंड में ग्यारह सीटों पर मतदान हो चुका है। संथाल का रण शेष है। इनमें गोड्डा, दुमका और राजमहल सीटों पर एक तारीख को वोटिंग होनी है। संथाल फिलहाल चुनावी अखाड़े में तब्दील हो चुका है। सभी दल के नेताओं ने फिलहाल संताल परगना को अपना बसेरा बना लिया है। भाजपा और झामुमो ने संथाल के इस रण में अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। क्या दिन, क्या रात, प्रत्याशी और उसके दल के नेता जनता के करीब पहुंचने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। एक तरफ जहां शिबू सोरेन की बड़ी बहू और झामुमो छोड़ भाजपा में आयीं सीता सोरेन अपने विरोधी के गढ़ में सेंध लगाने में लगी हुई हैं और उस इलाके को भेदने के लिए हरसंभव कोशिश कर रही हैं, वहीं झामुमो के नलिन सोरेन भी सीता सोरेन के समर्थकों को अपने पाले में करने के लिए पसीना बहा रहे हैं। वहीं गोड्डा में भी प्रत्याशियों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। सभी टेक्निक लगायी जा रही है कि कैसे अपने विरोधियों की हवा निकाली जाये। गोड्डा भी फिलहाल रोचक चुनावी अखाड़े में तब्दील हो चुका है। यहां के प्रत्याशी एक अलग ही स्वैग में रहते हैं। भाजपा उम्मीदवार निशिकांत दुबे जहां विकास की लंबी लकीर खिंच कर बैठे हैं, वहीं कांग्रेस के प्रदीप यादव उस विकास की क्रेडिट उनसे छीनने में लगे हुए हैं। इन दोनों उम्मदीवारों के बीच एक अलग सी टकराहट है, जो चुनाव को और मजेदार बना रही है। गोड्डा में निर्दलीय उम्मीदवार अभिषेक झा भी इंट्रेस्टिंग करैक्टर हैं। वह निशिकांत के खिलाफ तो हैं लेकिन भाजपा से उन्हें कोई शिकायत नहीं है। हां प्रदीप यादव से उनकी ठना-ठनी जरूर है। ऐसे कई पात्र गोड्डा लोकसभा में घूम रहे हैं। राजमहल में भी जुगाड़ू राजनीति हावी है। झामुमो के विजय हांसदा, भाजपा के ताला मरांडी और निर्दलीय लोबिन हेंब्रम ने यहां का रण मजेदार बना दिया है। इस रण में लोबिन हेंब्रम किसी एक प्रत्याशी के लिए निर्णायक हो सकते हैं। संथाल के इस रण को समझने के लिए आजाद सिपाही की टीम भी मैदान में पसीना बहा रही है। इसी क्रम में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी से दुमका में मुलाकात हुई। फिर क्या था सवालों का पिटारा हमने खोल दिया। बाबूलाल मरांडी ने भी हमारे सवालों का साफगोई से जवाब दिया। **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह ने बाबूलाल मरांडी से कई सवाल किये।** प्रस्तुत है बातचीत के अंश।



राकेश सिंह

**सवाल: लोकसभा चुनाव का आखिरी चरण है। चुनाव प्रचार भी जोर-शोर से चल रहा है। भाजपा का लक्ष्य होगा इस आखिरी चरण में संथाल फतह करना, क्या यह इतना आसान है। आपके सामने क्या चुनाती है और क्या आपके पक्ष में है?**

**जवाब:** देखिये, प्लस और माइनस हम नहीं देख रहे। संथाल में तीन में से दो सीटों पर भाजपा ने 2019 के चुनाव में कब्जा जमाया था। सिर्फ राजमहल भाजपा ने नहीं जीता था। इस बार तीनों ही लोकसभा क्षेत्रों में भाजपा और उसके कार्यकर्ताओं ने कमर कस ली है और काम में लग चुके हैं और हम कह सकते हैं कि भाजपा इस बार संथाल की तीनों सीटों पर जीत दर्ज करेगी। इस जीत की योजना में हम सभी लगे हुए हैं।

**सवाल: दुमका से इस बार भाजपा की तरफ से प्रत्याशी सीता सोरेन हैं। वह झामुमो से आयी हैं। उनका भाजपा में शामिल होने के बाद भाजपा को कितना बल मिला है। क्या भाजपाई उन्हें खुलेमन से स्वीकार कर रहे हैं?**

**जवाब:** सीता सोरेन के लिए यह क्षेत्र कोई नया नहीं है। वह जामा विधानसभा से विधायक भी हैं। सीता सोरेन दुर्गा सोरेन की पत्नी हैं। दुर्गा सोरेन जब जीवित थे, तब वह शिबू सोरेन के साथ कंधे से कंधा मिला कर आंदोलन में साथ रहे थे। सीता सोरेन उस व्यक्ति की पत्नी हैं, जो झारखंड आंदोलन से जुड़ा रहा था। उसका लाभ सीता सोरेन को मिल रहा है। भाजपा का अपना वोट तो है ही दुमका लोकसभा क्षेत्र में। पहले भी हमने दुमका जीता है। पिछली बार सुनील सोरेन यहां से चुनाव जीते थे। मैं खुद दो बार यहां से जीता हुआ हूं। यह हमारे लिए कोई नयी सीट नहीं है, बल्कि जीती हुई सीट है। वहीं सीता सोरेन के आने से हमारी ताकत और बढ़ी है। इसलिए मैं कह सकता हूं कि इस सीट को हम आसानी से जीतेंगे। रही बात सीता सोरेन को भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा खुलेमन से स्वीकार करने की, तो हम कह सकते हैं कि भाजपा ही एक मात्र पार्टी है, जिसके कार्यकर्ता आलाकमान के निर्णय पर कभी सवाल नहीं करते। यहां भाजपा कार्यकर्ता खुलेमन से सीता सोरेन के लिए काम कर रहे हैं।

**सवाल: इस बार झारखंड में जहां-जहां चुनाव हुए, कहीं वोटिंग प्रतिशत बढ़ा है, तो कहीं कम भी हुई है, लेकिन पिछली बार की तुलना में अधिक मतदाताओं ने मतदान किया है। इसका लाभ किसे मिलने जा रहा है। क्या यह झामुमो-कांग्रेस की तरफ लोगों के बढ़ते लगाव का प्रतीक तो नहीं।**

**जवाब:** आपने बिल्कुल सही कहा। इस बार के चुनाव में वोट हर सेक्शन में बढ़ा है, हर वर्ग में बढ़ा है। अगर वोटर्स बढ़ते हैं तो उसी अनुपात में हर जगह बढ़ता है। उस वोट का फायदा उसी अनुपात में हर किसी पोलिटिकल पार्टी को मिलता है। पिछली बार भाजपा को अधिक वोट मिला था, जाहिर है, उसी अनुपात में बढ़े हुए वोट का लाभ भी भाजपा को मिला है। इसमें जो नये मतदाता होते हैं, उनका अधिक संबंध विकास से होता है। उनका अपने भविष्य से होता है। नये मतदाता जाति और धर्म से ऊपर उठ कर सोचते हैं। उसका फायदा भाजपा को ही अधिक मिलता है। इस बार भी अधिक मिलनेवाला है। झामुमो-कांग्रेस की हवा निकल चुकी है।



**सवाल: 4 जून को लोकसभा चुनाव का परिणाम आ जायेगा, आपको क्या लगता है, झारखंड में भाजपा कितनी सीटें जीतेगी?**

**जवाब:** झारखंड में 12 लोकसभा सीटें पहले ही भाजपा और एनडीए गठबंधन ने जीता हुआ है। ग्यारह सीट भाजपा ने जीती थी और एक सीट आजसू ने जीती थी। फिर गीता कोड़ा भी भाजपा में शामिल हो गयीं। वह सिंहभूम से जीती हुई सांसद हैं। यानी 13 सीटें तो भाजपा के खाते में पहले से ही हैं। एक बचा राजमहल, जिस पर हमने जीत दर्ज नहीं की थी, वह भी इस बार जीतेंगे। रही बात गांडेय विधानसभा सीट की, तो वह भी हम जीतने वाले हैं और अधिक मार्जिन से जीतेंगे।

**सवाल: गांडेय सीट पर जो आपने जीत वाली बात कही, उसका आधार क्या है। यह सिर्फ राजनीतिक बयान है या धरातल पर भी ऐसा हुआ है? इसमें कितनी सच्चाई है, कैसे जीतेंगे?**

**जवाब:** बिल्कुल सच्चाई है। पिछली बार का गांडेय का वोट प्रतिशत देखेंगे, तो भाजपा वह चुनाव करीब आठ हजार के मामूली अंतर से हारी थी। वहां से जेवीएम ने दिलीप वर्मा को अपना उम्मीदवार बनाया था। भाजपा ने उसी दिलीप वर्मा को इस बार मैदान में उतारा है। उस चुनाव में दिलीप वर्मा को ठीकठाक वोट मिला था। उस वोट को हम जोड़ लें तो जो पिछले चुनाव में झामुमो और भाजपा में जो वोट डिफरेंस रहा, उस समीकरण से बढ़ जायेगा और भाजपा चुनाव जीतती हुई नजर आ रही है। अगर 2019 के लोकसभा चुनाव के परिणाम को ही आप देख लें तो भाजपा से अन्नपूर्णा देवी चुनाव लड़ रहीं थीं और मैं भी गठबंधन की तरफ से चुनाव लड़ रहा था। पोलिंग कैपेसिटी तो वही है। मैं वहां से लीड नहीं कर पाया। भाजपा वहां से लीड की। इसलिए मैं कह सकता हूं कि हम अगर दोनों ही एंगल से देखें विधानसभा हो या 2019 का लोकसभा चुनाव, जो सीधा-सीधा एक दूसरे के विरोध में लड़े थे, तो भाजपा आगे दिखायी पड़ती है। इस आधार पर मैं कह सकता हूं कि कहीं कोई दुविधा नहीं है। देखिए, जो भाजपा के वोटर्स हैं, उन्होंने भाजपा को ही अपना वोट दिया है, वे इधर-उधर कहीं नहीं गये हैं। बल्कि विरोधियों के वोट में हमने सेंधमारी की है। अब चार तारीख को जब काउंटिंग होगी तो सब पता चल ही जायेगा।

**सवाल: आप 2019 के लोकसभा की बात कर रहे हैं, लेकिन लोकसभा चुनाव के बाद तुरंत विधानसभा का चुनाव हुआ था और विधानसभा के चुनाव में कई ऐसे लोकसभा के क्षेत्र थे, जहां से भाजपा को करारी पराजय मिली थी, चाहे वह कोल्हान हो या फिर संथाल। परिणाम बिल्कुल उल्टा हुआ। आखिर 2019 के विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा ने कौन सा ऐसा परिवर्तन कर दिया है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को यह उम्मीद बंधी है कि पार्टी कम से कम 13 सीटें जितने में कामयाब होगी?**

**जवाब:** यह बिल्कुल स्पष्ट है कि पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो गरीब कल्याण योजना के लिए काम किया है, आज इन योजनाओं का लाभ जनता उठा रही है और ये योजनाएं लोगों के दिमाग में बैठी हुई हैं। इसलिए हम ही नहीं, पीएम मोदी भी इन्ही बातों पर विशेष बल दे रहे हैं। पीएम मोदी गरीबों के भोजन की भी चिंता कर रहे हैं। कोई भी व्यक्ति भूखा नहीं सोये, इसकी चिंता कर रहे हैं। गरीबों के घर की भी चिंता कर रहे हैं। गरीब बीमार हो तो उसके इलाज के लिए भी चिंता कर रहे हैं। गरीबों को स्वच्छ जल मिले, इसकी भी चिंता पीएम मोदी कर रहे हैं। इन योजनाओं का सीधा लाभ गरीबों को सफलतापूर्वक मिल रहा है। देखिये आजाद भारत में पहले सिर्फ नारा ही दिया गया गरीबी हटाओ का, लेकिन इस क्षेत्र में अगर किसी ने काम किया है तो वह पीएम नरेंद्र मोदी ही हैं। आज धरातल पर सभी स्वीकार कर रहे हैं कि पीएम मोदी द्वारा शुरू की गयी गरीब कल्याण की योजनाएं डायरेक्ट लाभार्थियों को मिल रही हैं। हम भी जनता तक पहुंच रहे हैं और केंद्र की योजनाओं से जनता को अवगत कराते हैं, उसे जनता तक पहुंचाने का भी काम करते हैं। इस आधार पर मैं कह सकता हूं कि इस बार भी भाजपा 2024 के लोकसभा चुनाव में रिकॉर्ड मतों से और रिकार्ड सीटों से विजय हासिल करेगी।

**सवाल: जो पहले जेवीएम के मतदाता थे और आजसू के मतदाता हैं, क्या वे भाजपा के वोटर्स में तब्दील हो रहे हैं?**

**जवाब:** जो हमारे साथ मतदाता थे, जिन लोगों ने हमें 2019 के चुनाव में चाहे वह विधानसभा का चुनाव हो या लोकसभा का चुनाव हो, जिन्होंने हमें वोट डाला था, कुछ वर्ग को छोड़ दिया जाये तो जितने भी वर्कर्स हमसे जुड़े थे, सभी आज पार्टी के साथ कदम से कदम मिला कर काम कर रहे हैं। आज भी वे लोग पूरी शिद्दत के साथ भाजपा के साथ खड़े हैं। समर्पण भाव के साथ खड़े हैं। वोट में भी तब्दील होते वे मतदाता भी दिखेंगे। हां आजसू पार्टी को जो बड़ा वर्ग वोट दे रहा था, उसमें कहीं न कहीं, जो जानकारियां मिल रही हैं, जयराम महतो एक फैक्टर बना है, जिसने उस वोट को काटा है। जयराम के वोट काटने से हमें घाटा नहीं हुआ है, बल्कि फायदा ही हुआ है। जैसे गिरिडीह लोकसभा की बात की जाये, हम लोग चिंतित भी थे कि क्या होगा इस क्षेत्र का। लेकिन जब पोलिंग हुई, उसके एक दिन बाद मैंने पता किया तो लोगों ने कहा कि यह सीट आप लोग आराम से जीत रहे हैं। मैंने पूछा कैसे, तब लोगों ने कहा कि जयराम महतो अच्छी मात्रा में वोट ले जा रहे हैं और उस वोट को ले जा रहे हैं जो वोट कभी भी गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र में भाजपा को नहीं मिला था। बाकी जो नये वोटर्स थे वे या तो जयराम के पाले में गये या फिर एनडीए के पाले में गये। उससे जेएमएम या इंडी गठबंधन को कोई लाभ नहीं मिला है। सच तो यही है कि जयराम महतो ने झामुमो उम्मीदवार को जम कर नुकसान पहुंचाया है।

# संताल में लोगों ने ठान लिया है, अबकी बार बीजेपी तड़ीपार : सुप्रियो भट्टाचार्य

आजाद सिपाही संवाददाता

**दुमका।** दुमका में जेएमएम नेता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि इस लोकसभा चुनाव में लोगों के ठान लिया है कि अबकी बार बीजेपी तड़ीपार। पूरे संथाल में यही स्थिति है। कहा, दुमका के लिए शिबू सोरेन के संघर्ष से बड़ा क्या प्रचार हो सकता है। हेमंत सोरेन के संघर्ष से बड़ा क्या प्रचार और संदेश हो सकता है। दुमका में जो गुरु जी शिबू सोरेन का कर्मक्षेत्र रहा है, हेमंत सोरेन का कर्म क्षेत्र रहा है, यहां का हर वोटर स्टार प्रचारक है और हर वोटर उम्मीदवार है। कहा जो भी लोग यहां जेएमएम की ओर से प्रचार करने आये हैं, वे दरअसल गुरु जी शिबू सोरेन को शुभकामना देने, कंप्लीमेंट देने आये हैं। गुरु जी के संघर्ष से बड़ा कोई स्टार प्रचारक नहीं हो सकता।



**बताया, बीजेपी के नेता क्यों कर रहे रोड शो :** पीएम मोदी और बीजेपी पर उन्होंने निशाना साधते हुए कहा कि ये लोग अब मोहल्लों और गली कूचों में प्रचार कर रहे हैं। ये लोग अब सिर्फ रोड शो कर रहे हैं। कहा वोटरों के सवाल से बचने के लिए ऐसी जगह पर जा रहे हैं, जहां उनसे कोई सवाल पूछने वाला नहीं रहे। इस संदर्भ में उन्होंने मयूरभंज, सिमरिया आदि का जिक्र किया, जहां पीएम मोदी ने पिछले दिनों सभाएं की हैं। कहा, रोड शो से ये फायदा होता है कि जाम में फंसे लोगों को मोदी या बीजेपी का समर्थक मान लिया जाता है। लोग ये समझ गये हैं कि आपकी हांडी (बीजेपी की) बार-बार चूल्हे पर नहीं चढ़ने वाली है।

कहा, बीजेपी ये तय नहीं करेगी कि हमारी पार्टी के स्टार प्रचारक कौन हैं। आरोप लगाया कि बीजेपी तय करती है कि किसको इडी का समन जायेगा और किसको नहीं।

**4 जून के बाद क्या होगा :** पीएम ने कहा है कि 4 जून के बाद भ्रष्टाचारियों पर नकेल कसी जायेगी, इस सवाल पर सुप्रियो ने कहा कि उनको मालूम है कि 4 जून को क्या होने वाला है। उनके हाथ से सत्ता खिसकने वाली है। इसका डर उनको सताने लगा है। कहा कि संसद में लगे सिक्यूरिटी सर्विसेज को हटा दिया गया है। संसद की सिक्यूरिटी सीआइएसएफ को दे दी गयी है। वहां मॉक ड्रिल हुआ है। ये सब इसलिए कि उनको डर है कि 4 जून के बाद सिंहासन खाली करना पड़ सकता है। इसीलिए उन्होंने कहा, 4 जून के बाद। सुप्रियो ने आगे कहा, कभी इनकम टैक्स ऑफिस में आग लग रही है। कभी गृह विभाग में आग लग रही है। कहा, आशंका है कि इसमें जरूरी फाइलों को जला दिया जा रहा है। कहा, 4 जून के बाद बीजेपी के कई नेता आपको तिहाड़ में दिखायी देंगे।

## हेमंत का नाम क्यों नहीं लेते पीएम

हेमंत के प्रचार में हिस्सा नहीं ले पाने के सवाल पर सुप्रियो ने कहा कि जब-जब जेएमएम पर हमला हुआ, मोर्चा और मजबूत हुआ है। इस बात का सबसे बड़ा गवाह दुमका और दुमका की जनता है। कहा, जितनी बार हमले होते हैं, हम उतनी बार एकजुट होते हैं। पहले से अधिक ताकतवर होते हैं। पीएम मोदी ने इसी बात को न समझने की भूल कर दी और हेमंत को जेल में डाल दिया। आज पीएम को हिम्मत नहीं है कि वे हेमंत सोरेन का नाम लें। कहा, आप याद कीजिये विधानसभा चुनाव को। बरहेट में, सुंदरपहाड़ी में विधानसभा चुनाव का प्रचार करने मोदी गये थे। हर जगह उन्होंने हेमंत सोरेन का नाम लिया था। लेकिन अब उनकी जुबान से हेमंत सोरेन का नाम नहीं निकलता है। उनको हिम्मत नहीं है हेमंत सोरेन के बारे में किसी तरह का जिक्र करने करें। क्योंकि फिर जनता को उनकी गिरफ्तारी का जवाब देना उनको यानी पीएम मोदी को देना होगा।

# लोकतंत्र का डंका बजाने के कारण मारा गया चतरा का पंकज बिरहोर

आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** चतरा में टीएसपीसी नक्सलियों ने पुलिस मुखबिरी के आरोप में बिरहोर जनजाति के दो लोगों की हत्या कर दी। उनकी पहचान पंकज बिरहोर और उसके पिता के रूप में हुई है। पंकज चतरा-पलामू सीमा पर स्थित हिंदियाकला गांव का रहनेवाला था और मैट्रिक पास करनेवाले बिरहोर समाज का एकमात्र युवक था। उसने विपरीत परिस्थितियों में पढ़ाई की और फिलहाल लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए काम कर रहा था। इस वजह से वह अपने गांव और समाज के युवाओं के लिए आदर्श बन चुका था। पंकज सोशल साइट पर 'पंकज हिंदियाकला', 'पंकज ब्लॉग' और 'बिरहोर फैमिली ब्लॉग' के नाम से अलग-अलग पेज बनाकर समाज और इसकी कुरीतियों के प्रति लोगों को जागरूक करने में भी जुटा था। उसे मतदाताओं को जागरूक करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा 'स्वीप आइकन' भी नियुक्त किया गया था।



## मौत सामने देख कर भी पंकज ने नहीं हारी हिम्मत

पंकज के बड़े भाई विधायक बिरहोर ने बताया कि 60-70 हथियारबंद नक्सलियों ने घर पर हमला बोला। उस समय घर में पंकज के अलावा उसकी पत्नी और बच्चों के साथ-साथ उसके वृद्ध पिता भी मौजूद थे। नक्सलियों ने पहले घर का दरवाजा तोड़ने का प्रयास किया। फिर वे छत पर चढ़कर अंदर घुसने की कोशिश करने लगे। पंकज ने घर के अंदर से ही उनका भरपूर सामना किया। पूरी ताकत लगाने के बाद भी जब नक्सली अंदर नहीं घुस सके, तो छत से ही पंकज और उसके परिवार वालों पर ईंट, पत्थर और टांगी से हमला शुरू कर दिया। यह देखकर पंकज ने घर का दरवाजा खोलकर खुद को नक्सलियों के हवाले कर दिया। जब तक नक्सली उसे पकड़ पाते, तब तक उसने अपने हाथ में पकड़ी टांगी से नक्सली दस्ते पर ही हमला बोल दिया। इससे कई नक्सलियों को भी गंभीर चोटें आयी हैं। इसके बाद नक्सलियों ने पंकज को पकड़ लिया और उसकी बेरहमी से पिटाई करते हुए उसके आंगन में ही उसे गोली मार दी।

## आचार्या दीदी के बीच बांटी गयी पानी बोतल




**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** कुशवाहा धर्मशाला गुरुचट्टी बड़कागांव में संचालित एकल विद्यालय के आचार्या वर्ग अभ्यास का मासिक बैठक की गयी। जिसकी अध्यक्षता रंजीत कुमार चौबे वहीं संचालन प्रखंड मंत्री पिंटू गुप्ता ने किया। बैठक में आचार्या दीदियों के बीच गर्मी को देखते हुए उपहार स्वरूप पानी का बोतल वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विश्व हिंदू परिषद प्रखंड मंत्री पिंटू गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष सह संच सचिव प्रो लालदेव महतो, संच प्रमुख सुषमा राणा, इनके अलावा कई आचार्य दीदी उपस्थित थे जिनमें मालती देवी, लीला देवी, धरती देवी, संगीता देवी, पूनम देवी, राखी देवी, ज्योति देवी, विनीता देवी, अनु देवी, रीता देवी, ममता देवी, बीना देवी, गीता देवी, अनीता देवी, धानो देवी, खुशबू देवी, सुषमा देवी, कविता देवी, सविता देवी, किरण देवी के अलावा कई लोग उपस्थित थे।

## वन संरक्षण को लेकर समिति का गठन



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बरकट्ठा दक्षिणी पंचायत अंतर्गत ग्राम कोशो के देवी मंडप प्रगांन में वन संरक्षण को लेकर ग्रामीणों की बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता अयोध्या चंद्र यादव ने किया। मौके पर वनरक्षी राजेन्द्र कुमार समेत आदि वनकर्मी उपस्थित थे। बैठक में सर्वसम्मति से वन संरक्षण और पर्यावरण को बढ़ावा देने पर विचार विमर्श किया गया। साथ ही वन समिति का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष रामचंद्र यादव, उपाध्यक्ष सहदेव नायक, सह सचिव सिकंदर यादव, कोषाध्यक्ष अजय मोदी बनाया गया। सभी चयनित सदस्यों समेत आदि ग्रामीणों ने वन संरक्षण का संकल्प लिया। मौके पर उपेन्द्र यादव, सुंदर यादव, दुर्गा साव, महादेव साव, अर्जुन राणा, भोला साव, उमेश यादव, मधुलाल यादव, शंभू साव, सुंदर तूरी, अनिल यादव, सुखदेव नायक, संतोष साव, अयोध्या चंद्र यादव, रामखेलावन यादव, लक्ष्मण यादव, यशवंत यादव, मनमोहन दास, शिवकुमार यादव समेत आदि लोग उपस्थित थे।

## मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं कोठियार पंचायत के चार गांव



**सतगावां (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के कोठियार पंचायत के सुदूरवर्ती क्षेत्र कानीकेंद, रतनपुर, घोड़शाही, बैशखी गांव की 400 की आबादी आजादी के 77 साल बीत जाने के बाद भी आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। एक तरफ सरकार शहरों को सजाने व संवारने में लगी है, वहीं इस गांव में पैदल चलने के लिए कोठियार गांव से चार गांव जाने के लिए मुख्य सड़क की व्यवस्था नहीं है। कई साल पहले झारखंड अलग होने के बाद भी इन गांवों के लोग मूलभूत सुविधाओं से आज भी वंचित हैं। यहां के छात्र छात्राएं आज भी उच्च शिक्षा से कोसों दूर है। इन गांवों की आबादी लगभग 400 है लेकिन यहां न ही कोई स्वास्थ्य सुविधाएं है और न ही सरकार के द्वारा गरीबों के कल्याण के लिए चलाए जा रहे योजनाओं का लाभ मिल पा रहा है। इन गांवों में मैट्रिक पास करने वालों की संख्या 1 प्रतिशत है। जबकि गांव की दूरी मुख्य सड़क से 8 से 9 किलोमीटर है। ग्रामीण जोधी राय, एखडू राय, लिलो राय, जीतन राय, शूकर टुड्डू, जगदीश राय, किशुन राय, विद्या सिंह, महेंद्र राय, प्यारी राय, कामेश्वर राय, गुरुदेव राय, पार्वती देवी आदि ने बताया कि कोठियार पंचायत से हमलोगों का गांव टापू में है। गांव में आने जाने के लिए मुख्य सड़क नहीं है। बरसात के दिनों में मुख्य सड़क पैदल चलने लायक भी नहीं रहता है। जब कोई बीमार पड़ता है तो उसको डोली या खाट के सहारे मुख्य सड़क तक पहुंचाया जाता है। बरसात के दिनों में मुख्य सड़क नहीं रहने से 3 से 4 महीनों तक बच्चों को शिक्षा ग्रहण से वंचित रहना पड़ता है जिससे बच्चो का भविष्य पर ग्रहण लगने की संभावना है। ग्रामीणों ने बताया कि हमारे गांव में बिजली तो है लेकिन नाम का ही जब बिजली में कहीं खराबी होती है तो महीनों बिजली गायब हो जाती है। गांव आने के लिए सड़क की स्थिति ऐसी है कि गाड़ी से तो दूर पैदल चलने के लिए भी कई हचकोलो का सामना करना पड़ता है। जबकि यह गांव प्रखंड मुख्यालय से 20 से 22 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है।

## विषैले सांप ने काटा, महिला की स्थिति गंभीर



**सतगावां (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के ग्राम लेम्बो में एक महिला को देर शाम सर्प ने डस लिया है। घायल महिला की पहचान मुन्नी देवी (38 वर्ष, पति राजेंद्र राय) के रूप में की गयी है। घायल महिला घर के पास बैठी हुई थी तभी विषैला सांप ने डस लिया। महिला की स्थिति गंभीर हो गयी जिसे परिजनों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। स्वास्थ्य केंद्र में कोई डॉक्टर मौजूद नहीं था। घायल महिला काफी देर इंतजार करने के बाद मीरगंज में पदस्थापित सीएचओ हकीम सिंह ने उपचार किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इसके पूर्व भी डॉक्टर के अनुपस्थिति के कारण विवादों में रहा है। ऐसे डॉक्टर के कारण सतगावां की जनता के लिए स्वास्थ्य भगवान भरोसे हैं। इस संदर्भ में जिला परिषद नीतू कुमारी ने बताया कि इस मामले को लेकर बहुत जल्द ही उपायुक्त से शिकायत की जायेगी। इसके पूर्व भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तालाबंदी की गयी थी। इस संदर्भ में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी से संपर्क करने की कोशिश की गयी लेकिन संपर्क नहीं हो पायी है।

## ट्रांसफार्मर जलने से पूरा गांव अंधेरे में

**सतगावां (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सुदूरवर्ती पंचायत राजाबर के हड़ोलवा व मोचरामो गांव में पिछले 6 माह से बिजली का ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण पूरा गाँव अँधेरे में डूबा है। बिजली विभाग ध्यान नहीं दे रहा है, अब परेशान ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। ज्ञात हो कि ट्रांसफार्मर जलने से उपभोक्ताओं को इस भीषण गर्मी में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रदर्शन में शामिल ग्रामीण शुकर राय, नकुल राय, लल्लू मुसहर, कारु राय, विसन देव राय, दिनेश कुमार, उमेश राय, कारु राय, भादे राय, परमेश्वर मुसहर, रिंकू देवी, सबीता देवी, वेदमियां देवी, सुदमियां देवी, पवनी देवी, पवन कुमार, गौतम कुमार, सुभाष कुमार, गणेश कुमार, मनवा देवी, पनवा देवी, फुलवा कुमारी आदि दर्जनों ग्रामीण ने बताया कि पिछले 6 माह से बिजली का ट्रांसफार्मर जला हुआ पड़ा है जिसकी जानकारी बिजली विभाग को देने के बाद भी ट्रांसफॉर्मर को नहीं बदला गया है। भीषण गर्मी में लोग रात को सो नहीं पा रहे हैं। बिजली के बिना सारे काम प्रभावित हो रहे हैं। सबसे ज्यादा परेशानी छोटे बच्चों व बुजुर्गों को झेलनी पड़ रही है। बिजली नहीं रहने के कारण बच्चों की शिक्षा प्रभावित होने के साथ साथ इस भीषण गर्मी में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अगर किसी व्यक्ति को मोबाइल फोन चार्ज करने का होता है तो फिर उस व्यक्ति को दूसरे गांव जाना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि मिस्त्री तीन बार आया और पैसा मांगा। पैसे नहीं देने के वजह से ट्रांसफार्मर को नहीं बनाया। वही इस संबंध में राजाबर के पूर्व मुखिया सीताराम राय ने बताया कि सुदुरवर्ती क्षेत्र होने के कारण बिजली विभाग भी नहीं सुनता है। इस गांव के महिलाओं का कहना है कि किसी तरह हमलोगों लकड़ी चुनकर गुजर बसर करते हैं।

### कांग्रेस नेता ने आरोग्यम अस्पताल के खिलाफ खोला मोर्चा, पीआइएल करने का ऐलान

# जिला परिषद ने नियम तोड़ कर आरोग्यम अस्पताल को दी बिल्डिंग: संजय तिवारी

**कोरोना काल में आरोग्यम अस्पताल में दो पत्रकार की मौत को बताया संदेहास्पद**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** कांग्रेस नेता संजय तिवारी ने मंगलवार को प्रेस वार्ता कर हजारीबाग जिला परिषद चौक स्थित आरोग्यम अस्पताल के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। पत्रकारों के समक्ष 30 पेज का रिपोर्ट पेश करते हुए आरोग्यम अस्पताल के खिलाफ कई मामले को उठाया है। पत्रकार सम्मेलन में कहा की 12 मई को पत्रकार वार्ता में कहे अपनी बातों पर आज भी कायम हूं। संजय तिवारी ने आरोग्यम अस्पताल को मौत का सौदागर कहा था। इस पर आरोग्यम अस्पताल के निदेशक हर्ष अजमेरा ने वकालतन नोटिस भेजने की बात कही थी। संजय तिवारी ने कहा कि अभी तक मुझे कोई नोटिस नहीं मिला है। मैं आम जनता की आवाज को उठाया हूं, जो भी हो पीछे नहीं हटूंगा। श्री तिवारी ने कहा की गलत तरीके से जिला परिषद और हजारीबाग के प्रशासनिक पदाधिकारी आरोग्यम अस्पताल को जमीन दिया और अस्पताल गैर कानूनी तरीके से खुलवाया। आरोग्यम अस्पताल जिला परिषद की बिल्डिंग में चल रहा है, जबकि जिला परिषद ग्रामीण क्षेत्र के लिए कार्य करता है। इस भवन में चालीस से पचास ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को रोजगार मिलता। मगर नियम को ताक पर रख बिल्डिंग आरोग्यम अस्पताल को दे दिया। आयुष्मान योजना में भी बड़ा खेल हुआ है यह भी जांच जा विषय है। कोरोना काल में हजारीबाग के दो वरिष्ठ पत्रकार स्व टीपी सिंह और सादवल कुमार की मौत को संदेहास्पद बताते हुए सरकार से जांच की मांग की है। कहा की इन सभी मामलों को लेकर 4 जून के बाद पीआइएल दायर करेंगे। संजय तिवारी ने यह आरोप लगाया है कि आरोग्य अस्पताल जिस भवन में चल रहा है वह गैर कानूनी ढंग से जिला परिषद ने हस्तांतरित किया है। आगे श्री तिवारी ने कहा कि अस्पताल के नाम पर लूट बची हुई है। मरीजों से इलाज के नाम पर मोटी रकम वसूली जाती है। यही नहीं जिस भवन में आरोगगम अस्पताल चल रहा है वह अस्पताल भी नियम के खिलाफ हस्तांतरित की गयी है। जमीन खास महल की है और जिला परिषद से धन बल के सहारे भवन हस्तांतरित कराया गया है। आरोग्यम अस्पताल के ऊपर कई गंभीर आरोप लगाये गये हैं और अब पीआइएल करने की बात कही जा रही है। प्रेस वार्ता में कांग्रेस नेता संजय तिवारी के अलावा, कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष अवधेश सिंह, सीपीएम नेता गणेश कुमार सीटू, दारू प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष शशि मोहन सिंह, ओमप्रकाश गोप, डॉ प्रकाश कुमार, राजद जिला अध्यक्ष हीरामन यादव उर्फ चरका यादव, भैया असीम कुमार समेत कई अन्य उपस्थित थे।

## हाथियों के आतंक से लोग परेशान

आजाद सिपाही संवाददाता



**टाटीझरिया।** प्रखंड क्षेत्र के लोगों को रात गुजारने में परेशानी बढ़ गयी है। लोग हाथियों के आतंक से परेशानी बढ़ गया है। जंगल या गांव से बाहर रहने वाले लोगों को रात का नींद लेने में परेशानी हो रही है। प्रखंड के खैरा में उत्पात मचाने के बाद बगल दारू प्रखंड में प्रवेश कर उत्पात मचाया और टाटीझरिया और दारू प्रखंड के सिमाने पर दिन बिताने के बाद हाथियों का झुंड किसी एक ओर अपना निशाना बना लेता है। दो दिन पुर्व दारू प्रखंड के कविलासी पंचायत के पुर्व मुखिया प्रतिनिधि बलिया निवासी का जान लेने के बाद सोमवार रात को झरपो पंचायत के लोधी गांव में प्रवेश किया और केदार प्रसाद का घर तोड़ कर रखा सारा अनाज को चट कर गया। इसके अलावा बारी में भी लगा फसल को नष्ट कर दिया। हाथियों की झुंड में संख्या अधिक रहने के कारण वन विभाग के टीम भी भगाने में सफल नहीं हो पा रहा है। लोगों को रात बिताना काफी मुश्किल हो रहा है। लोगों के मन में भय बना हुआ है कि हाथी कब गांव में प्रवेश कर जाय। वन विभाग के पदाधिकारी विद्याभुषण ने लोगों को रात में वेवजह घर से नही निकलने का आग्रह किया है साथ ही हाथियों के साथ छेड़छाड़ नहीं करने का आग्रह किया है। वन विभाग के टीम भगाने का प्रयास कर रहा है।

## 44 डिग्री पहुंचा कोडरमा का पारा

**कोडरमा(आजाद सिपाही)। एक ओर जहां बंगाल समेत अन्य जगहों पर चक्रवाती तूफान 'रेमल' ने बंगाल के तटीय इलाकों में जमकर तबाही मचायी, वहीं कोलकाता समेत कई शहरों में झमाझम बारिश हुई तो वहीं कोडरमा जिले में मौसम का तेवर बेहद सख्त नजर आ रहा है। मंगलवार को जिले का तापमान करीब 43 डिग्री तक जा पहुंचने से दिन में सड़कों पर सन्नाटा छाया रहता है। लू के कारण दिन में 12 बजे के बाद लोग घरों में कैद होकर रह जा रहे हैं। मंगलवार को सुबह से ही मौसम गर्म रहा। मौसम की दुश्वारियों का असर सरकारी और निजी अस्पतालों में बीमारों की भीड़ के रूप में देखने को मिला।**

## विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस पर निकाली गयी रैली

आजाद सिपाही संवाददाता




**बरकट्ठा।** विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा में रैली निकाली गयी। रैली की शरुआत चिकित्सक डॉ निशांत बेक ने किया। बीटीटी प्रकाश पंडित के नेतृत्व में निकाली गयी रैली अस्पताल परिसर से शुरू होकर प्रखंड मुख्यालय, बरकट्ठा चौक, डाकडीह होते हुए पुन वापस लौट गयी। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं और युवतियों को माहवारी स्वच्छ्ता के विषय पर जागरूक करना था। चिकित्सा प्रभारी डॉ रत्ना रानी कुंज ने बताया कि माहवारी एक सामान्य प्राकृतिक प्रक्रिया है इस पर किसी भी तरह का अंधविश्वास अथवा झिझक नहीं रखना चाहिए। उन्होंने इस विषय पर खुल कर बात करने पर जोर दिया। कहा कि माहवारी के दौरान स्वच्छ्ता न रखने से महिलाओं में कई तरह की बीमारी और समस्या होने की आशंका बनी रहती है। दुनिया भर में प्रत्येक वर्ष आज ही के दिन मासिक धर्म के दौरान स्वच्छ्ता के महत्व को लोगों तक पहुंचाने के लिए ही अंतरराष्ट्रीय माहवारी स्वच्छ्ता दिवस मनाया जाता है। डॉ निशांत बेक ने कहा कि मासिक धर्म का होना कोई अपराध नही है और इस दौरान हीन भावना से ग्रसित होने की भी आवश्यकता नहीं है। सदियों से समाज मे बैठी हुई भ्रांतियों को मिटाने की जिम्मेदारी आज के युवा पर है ताकि भविष्य सुरक्षित हो सके। माहवारी स्वच्छता से ही कल का भविष्य स्वस्थ और सुरक्षित हो सकता है। कार्यक्रम सफल बनाने में चिकित्सा प्रभारी डॉ रत्ना रानी कुंज, बीपीएम रंजीत कुमार सिंह, प्रधान सहायक सोनी रविदास, एमपीडब्ल्यू दीपेश कुमार, जस्टिन बिगहा, चंदन कुमार, सहिया दीदी पार्वती देवी, सायरा खातून, कंचन देवी, पूनम देवी, शैली देवी, सहिया साथी सुनीता देवी समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल थे।

### डीसी की अध्यक्षता में जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक

# अवैध खनन पर कार्रवाई करने का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त सह अध्यक्ष जिला खनन टास्क फोर्स समिति मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में खनन टास्क फोर्स की बैठक संपन्न हुई। बैठक में पत्थर और बालू खनिज के अवैध खनन, परिवहन, भंडारण की रोकथाम, वन क्षेत्र में अवैध खनन की रोकथाम और भंडारण पर विस्तृत चर्चा किया गया। उपायुक्त ने जिला खनन पदाधिकारी को पत्थर व बालू खनन का अवैध रूप से खनन, परिवहन, भंडारण करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही वन क्षेत्र में अवैध खनन करने वालों पर भी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। ब्लू स्टोन का अवैध खनन करने वालों पर कार्रवाई करने को कहा। साथ ही अंचलाधिकारी और थाना प्रभारी को आपस में समन्वय स्थापित कर अवैध रूप से बालू परिवहन करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक में मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह, वन प्रमंडल पदाधिकारी सूरज कुमार सिंह, अपर समाहर्ता पूनम कुजुर, अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह, जिला खनन पदाधिकारी दारोगा राय, सभी अंचलाधिकारी व थाना प्रभारी मौजूद रहे।

## यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने का निर्देश




**कोडरमा। मंगलवार को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में सड़क दुघर्टना की अद्यतन स्थिति, ट्रॉमा सेंटर, ऑटो स्टैंड निर्माण, सड़क जागरूकता कार्यक्रम, यातायात व्यवस्था समेत कई बिन्दुओं पर विचार विमर्श किया गया। उपायुक्त ने जिला परिवहन पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाते हुए बिना हेलमेट के दुपहिया वाहन चलाने वाले और बिना शीट बेल्ट के वाहन चलाने वालों का नियमित रूप से जांच कर आवश्यक कार्रवाई करें। उपायुक्त ने एनएच के कार्यों की जानकारी ली और धीमी गति से कार्य होने पर नाराजगी जतायी। उन्होंने एनएच को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि एनएच के कार्यों में तेजी लायें और जहां जहां साइनेज लगाने की जरूरत है, उन सभी स्थानों पर यथाशीघ्र साइनेज लगायें। ब्लैक स्पॉट पर रबर स्ट्रीप लगाने को कहा गया। शहरी क्षेत्रों में ट्रैफिक व्यवस्था को सुगम बनाने को लेकर आवश्यक कार्रवाई करने को कहा गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह, वन प्रमंडल पदाधिकारी सूरज कुमार सिंह, अपर समाहर्ता पूनम कुजुर, अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह, जिला परिवहन पदाधिकारी विजय कुमार सोनी, सभी अंचलाधिकारी और थाना प्रभारी मौजूद रहे।**

## डोमचांच के नाजिर का शव बरामद



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले के डोमचांच में पदस्थापित नाजिर निरंजन कुमार का शव उसके आवास से पंखे से झूलता हुआ मिला है। नवादा जिले की नगर थाना पुलिस ने बिजली पंखे से झूलता युवक का शव बरामद किया। शव की पहचान निरंजन कुमार के रूप में की गयी। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है। आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हुआ है। संकट मोचन मंदिर के पीछे गोपाल नगर में मकान बनाकर रह रहे मृतक के भाई पप्पू कुमार ने बताया कि देर रात भाई अपने कमरे में सोने गये। सुबह देर तक नहीं उठने के बाद कमरे का दरवाजा खटखटाना शुरू किया। खिड़की से झांकने पर पंखे से झूलता शव देखकर होश उड़ गये। सूचना नगर थाना को दी गयी। सूचना के आलोक में पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मौत के बाद परिवार वालों में कोहराम मचा है। मृतक कोडरमा जिला के डोमचांच प्रखंड कार्यालय में नाजिर के पद पर कार्यरत था। आत्महत्या के कारणों का अबतक खुलासा नहीं हो सका है।

## कंद्रपडीह में 253 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के दामोदर घाटी निगम कोडरमा ताप विद्युत केंद्र के नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत ग्राम पंचायत कन्द्रपडीह के दक्षिणी टोला में उत्क्रमित मध्य विद्यालय के प्रांगण में सामान्य स्वास्थ्य परिक्षण लू से बचाव के बारे में विस्तृत चर्चा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डीजीएम सीएसआर बिनोद कुमार राय ने किया। वहीं डॉ विकास कुमार ने बताया कि गर्मी में अनावश्यक बाहर नहीं निकले, बाहर जाने से बचें। अगर बाहर निकलते हैं तो माथा पर तोलिया रखें। उन्होंने कहा कि भरपूर पानी पिये, ओआरएस इत्यादि का प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि हरा साग सब्जी का प्रयोग करें जिसमें प्रचुर मात्रा में पानी पाया जाता है। वहीं 253 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया साथ ही नि:शुल्क दवा वितरण किया। मौके पर मेडिकल टीम से शिल्पी, अशोक कुमार, अब्दुल्ला, अनुप, सीएसआर के प्रबंधक कुलदीप राम सहित सैकड़ों महिला-पुरुष मौजूद थे।

## मजदूरी नहीं मिलने के कारण धरना शुरू




**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के डीवीसी केटीपीएस बॉझेडीह कोडरमा में मेसर्स मनोरंजन सिंह में सफाई कार्य कर रहे मजदूरों को फरवरी 2024 से 24 मई तक मजदूरी नहीं मिला है। बीते दिनों से एडमिन बिल्डिंग के समक्ष मजदूर अनिश्चितकालीन धरना पर बैठ गये है और मजदूरों का कहना है कि जबतक हम मजदूरों को बकाया मजदूरी का भुगतान नहीं किया जायेगा तब तक अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा। मौके पर पिंटू साव, मंटू साव, मोइज अंसारी, महेश यादव, धनेश्वर यादव, अजय साव, प्रभु यादव, बसंत कुमार, गोविंद साव, रोहण साव, कुलदीप साव, मालती देवी, सूरज डोम, विक्की डोम, सरिता देवी, सावित्री देवी, मंजू देवी सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## एनटीपीसी आइटीआइ संस्थान में दस दिवसीय लाह चूड़ी कार्यशाला का समापन




**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** एनटीपीसी पकरी बरवाडी सीएसआर विभाग के तत्वाधान से ग्रामीण महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से 10 दिवसीय लाह चूड़ी बनाने की कार्यशाला का समापन किया गया। समापन समारोह में आइटीआइ के प्राचार्य मिथलेश उपाध्याय ने मुख्य अतिथि पंकज ध्यानी का स्वागत पौधा प्रदान कर किया। एनटीपीसी पकरी बरवाडीह के भू-अर्जन सह पुनर्वास और सीएसआर के महाप्रबंधक पंकज ध्यानी ने कार्यशाला के दौरान प्रशिक्षु महिलाओं द्वारा बनाये। लाह चूड़ी की प्रशंसा की और महिलाओं को अपने गांव से स्वयं सहायता समूह बनाकर लाह चूड़ी का निर्माण और व्यापार कर स्वावलंबी बनने की ओर अग्रसर होने की बात कही। इस 10 दिवसीय कार्यशाला में परियोजना प्रभावित कदमाडीह गांव की 12 महिला और एनटीपीसी पुनर्वास कॉलोनी में अवस्थित 5 महिला ने लाह चूड़ी के बनाने की विधि का प्रशिक्षण लिया। एनटीपीसी सीएसआर विभाग के उपप्रबंधक एसके सेनापति ने महिलाओं को 30 दिवसीय प्रशिक्षण देने की बात कही और एनटीपीसी पकरी बरवाडी द्वारा हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया गया। आइटीआइ के प्राचार्य मिथलेश उपाध्याय ने मुख्य अतिथि पंकज ध्यानी का स्वागत पौधा प्रदान कर किया।

## पेयजल की समस्या को लेकर भाजपा नेता ने नगर आयुक्त से की मुलाकात



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** भाजपा नेता अनुपम सिन्हा नगर निगम के कार्यालय में नगर आयुक्त शैलेन्द्र लाल से कोलघट्टी में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी घटक में 288 फ्लैट के सदस्यों को हो रहे पेयजल की समस्या को लेकर मुलाकात किया। नगर आयुक्त शैलेन्द्र लाल ने बातचीत के दौरान बताया कि उस कॉलोनी में 8 में 6/7 डीप बोरिंग भारी गर्मी के कारण सुख गये है। उन्होंने बताया कि फिलहाल पानी की व्यवस्था की जा रही है, ताकि पानी की दिक्कत न हो। हमलोगों कि कोसिस होगी कि इस पाइप लाइन को जल्द से जल्द प्रारंभ करवा दिया जाय। ज्ञात हो कि हजारीबाग नगर निगम के द्वारा कोलघट्टी में प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी घटक में आये दिन पेयजल की समस्या को लेकर 288 फ्लैट के सदस्यों ने बैठक करके पेयजल की समस्या को उजागर किया था। उन्होंने बताया कि पेयजल की समस्या को लेकर प्रतिदिन आपस मे झगड़ा होते रहता है। उन्होंने यह भी बताया कि पानी के लिए प्रतिदिन दूर दराज से बाल्टी में भरकर पानी लाने को मजबूर होना पड़ता है।

# सयाल डी कोलियरी में पेलोडर फूंकने वाला उग्रवादी समरित गंझू गिरफ्तार

## गिरफ्तार उग्रवादी के पास से दो देशी पिस्तौल, चार जिंदा कारतूस और मोबाइल जब्त

**कांड में संलिप्त अन्य उग्रवादियों की जल्द होगी गिरफ्तारीः एसपी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** भुरकुंडा ओपी क्षेत्र के सायल डी कोलियरी में आतंक मचाने वाला टीपीसी उग्रवादी संगठन का सक्रिय सदस्य समरित गंझू उर्फ मलिंगा उर्फ महु गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके पास से दो देशी पिस्तौल और चार जिंदा कारतूस भी बरामद हुआ है। इस मामले की जानकारी मंगलवार को प्रेस कांफ्रेंस के दौरान रामगढ़ एसपी डॉ बिमल कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि यह कुख्यात नक्सली अपने ससुराल में छुपा हुआ था। एसपी ने बताया कि 27 मई को पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि भुरकुंडा ओपी क्षेत्र के सायल नाला पर टीपीसी उग्रवादी संगठन का सक्रिय सदस्य अपने ससुराल में छुपा हुआ है। इस सूचना के आधार पर तत्काल पतरातू इंस्पेक्टर योगेंद्र सिंह के नेतृत्व में एक छापेमारी दल का गठन किया गया।

**एरिया कमांडर दिवाकर के निर्देश पर फैलायी गयी थी दहशत :** पुलिस की टीम ने छापेमारी कर टीपीसी के उस कुख्यात सदस्य समरित गंझू उर्फ मलिंगा को गिरफ्तार किया गया। मलिंगा मूल रूप से हजारीबाग जिले की बड़कागांव थाना क्षेत्र अंतर्गत कोयलंग गांव का रहने वाला है। जब उसकी तलाशी ली गयी तो उसके पास से दो लोडेड पिस्तौल भी बरामद हुआ। पूछताछ के दौरान मलिंगा ने बताया कि टीपीसी के एरिया कमांडर दिवाकर गंझू के आदेश पर 20 मई 2024 को 10 नंबर सवाल डी कोलियरी के डंप के पास एक पेलोडर में आग लगायी थी। उसने पुलिस को यह भी बताया कि दिवाकर गंझू के आदेश पर उसका भतीजा बोटल और विशाल जी और दो अज्ञात उग्रवादी उसके पास गये थे। बोटल और विशाल जी के माध्यम से दिये गये दो अवैध पिस्तौल और कारतूस को लेकर चारों उग्रवादियों ने एकसाथ मिलकर वे सायल डी कोलियरी पहुंचे और वहां पेलोडर पर पेट्रोल छिड़क कर आग लगा दी। उन लोगों का मकसद उस इलाके में दहशत फैलाने का था और इस वजह से उन लोगों ने वहां फायरिंग भी की।

**पिपरवार और पतरातू में भी घटना को दे चुका है अंजाम :** एसपी ने बताया कि सायल डी कोलियरी में आतंक मचाने के बाद उसने हथियार को अपने पास ही छुपा कर रखा था। पुलिस ने उस कुख्यात नक्सली के पास से एक बुलेट मोटरसाइकिल जेएच 24 एल 2264 और एक मोबाइल भी जब्त किया है। पूछताछ के दौरान यह पता चला कि समरित गंझू ने वर्ष 2022 में पिपरवार थाना क्षेत्र में भी एक वारदात को अंजाम दिया था और वहां उसने गोली चलायी थी। उस मामले में भी उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज हुआ था। इसके अलावा पतरातू थाना कांड संख्या 135/ 24 के तहत विभिन्न सुसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज है।

**छापामारी में ये थे शामिल**

छापेमारी दल में पतरातू आंचल पुलिस निरीक्षक योगेंद्र सिंह, भुरकुंडा ओपी प्रभारी अभिषेक कुमार, पतरातू थाना प्रभारी शिवलाल गुप्ता, भुरकुंडा ओपी के सब इंस्पेक्टर अविनाश कुमार सहित सशस्त्र बल के जवान व गृहरक्षक शामिल थे।

# फर्जी हस्ताक्षर कर 10 लाख का गबन, बर्खास्त

**रामगढ़ के तत्कालीन प्रभारी प्रधानाध्यापक के खिलाफ एक्शन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** फर्जी हस्ताक्षर कर पैसे की निकासी करने के आरोप में रामगढ़ जिले के गोला स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय, कुम्हरदगा के तत्कालीन प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार को बर्खास्त कर दिया गया है। उपायुक्त चंदन कुमार ने जांच के बाद ये कार्रवाई की है। इस बाबत उन्होंने डीएसइ को आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया है, ताकि गबन की गयी राशि की वसूली हो सके।

**डीएसइ को डीसी ने दिया ये निर्देशः** रामगढ़ के जिला शिक्षा अधीक्षक संजीत कुमार को तत्कालीन प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार के विरुद्ध सर्टिफिकेट केस किये समेत अन्य कार्रवाईयों को लेकर निर्देशित किया गया है। गौरतलब हो कि प्रमोद कुमार द्वारा उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुम्हरदगा, गोला के मध्याह्न भोजन की राशि तथा विद्यालय प्रबंधन समिति को प्राप्त राशि का मनमाने ढंग से अपने रिश्तेदारों के बीच कुल 8,35,900 और जगन्नाथ कुमार (दुकानदार) को पीएफएमएस के द्वारा कुल 2,56,210.00 हस्तांतरित किया गया था। इसमें से 1,83,604 जगन्नाथ कुमार (दुकानदार) के द्वारा कुमार की पत्नी लक्ष्मी देवी के खाते में फिर यूपीआइ के माध्यम से वापस किया गया। इस प्रकार प्रमोद कुमार द्वारा कुल 10,19,504 की राशि का गबन किया गया और प्रपत्र क में गठित सभी आरोप प्रमाणित हो गये।

**ये है गंभीर आरोपः** प्रमोद कुमार को अध्यक्ष और संयोजिका के फर्जी हस्ताक्षर से राशि की निकासी कर अपनी पत्नी और रिश्तेदारों के खातों में हस्तानांतरित करने और सरकारी राशि के दुरुपयोग करने के आरोप में झारखंड सरकारी सेवक नियमावली 2016 में उल्लेखित प्रावधानों के अंतर्गत प्रमोद कुमार शिक्षक, उत्क्रमित मध्य विद्यालय, कुम्हरदगा, गोला वर्तमान प्रतिनियोजित उत्क्रमित मध्य विद्यालय काचाडाड़ी, मांडू को जिला शिक्षा स्थापना समिति द्वारा सर्वसम्मति से सेवा से बर्खास्त करने का निर्णय लिया गया।

**सर्टिफिकेट केस करने का निर्देशः** समिति द्वारा जिला शिक्षा अधीक्षक को निदेशित किया गया कि वे प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, मांडू को प्रमोद कुमार द्वारा गबन की गयी राशि की वसूली के लिए सर्टिफिकेट केस करने के लिए निदेशित करेंगे व वसूल की गयी राशि में से मध्याह्न भोजन की राशि का वितरण विद्यालय प्रबंधन समिति और प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के समक्ष विद्यालय के लाभुकों के बीच किया जायेगा और विद्यालय प्रबंधन समिति की राशि का व्यय विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा किया जायेगा।

### प्रभारी प्रधानाध्यापक ने किया राशि का गबन

शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने को लेकर रामगढ़ के उपायुक्त चंदन कुमार द्वारा शिक्षा विभाग के अधिकारियों समेत अन्य अधिकारियों और कर्मियों को योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में गोला के कुम्हरदगा उत्क्रमित मध्य विद्यालय के विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार द्वारा विद्यालय प्रबंधन समिति और सरस्वती वाहिनी संचालन समिति, उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुम्हरदगा गोला के खाते से फर्जी हस्ताक्षर कर राशि की निकासी मामले में की गयी शिकायत पर उपायुक्त ने तत्काल संज्ञान लेते हुए मामले में जांच का आदेश दिया। जांच में सही पाने के बाद उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुम्हरदगा गोला के प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार पर प्रपत्र 'क' गठित किया गया। प्रपत्र की कार्यवाही पूरी होने के बाद उत्क्रमित मध्य विद्यालय, कुम्हरदगा के तत्कालीन प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है।

## नशे में धुत चालक ने महिला को मारी टक्कर, घायल





उरीमारी (आजाद सिपाही)। महालक्ष्मी ट्रांसपोर्टिंग कंपनी में कार्य कर रहे हाइवा चालक नशे में धूत उरीमारी चेक पोस्ट कालोनी निवासी अशोक साव ने हाइवा नं जेच-0 वन सी एस - 0189 से डीएवी मोड़ के पिछे उरीमारी मुख्य सड़क में किनारे चल रही शांति देवी उरीमारी प्रेम नगर निवासी को टक्कर मारी जिससे महिला को चेहरे और पैर में चोट लगी है। इससे पूर्व हाइवा चालक अशोक साव हाइवा को लेकर अपने घर की ओर गया था जिसमें कालोनी में रहने वाले नरेश साव के घर के पास नीम के पेड़ की डाली को तोड़ते हुए उसकी बाउंड्री को को तोड़ दिया और कालोनी से निकलने के बाद चेक पोस्ट समीप फिरोज पान दुकान की अल्बेस्टर सीट को तोड़ते हुए अनियंत्रित होकर मुख्य सड़क से हाइवा को लेकर कोलियरी की ओर भागने लगा इस क्रम में हाइवा नं जेच- 0 वन सी एस - 0189 से महिला को टक्कर मारकर सड़क के किनारे फंस गया। वहीं उरीमारी पुलिस ने हाइवा और चालक को अपने कब्जे में ले लिया।

## अवैध कोयला लदा वाहन जब्त, चालक फरार



**गोला (आजाद सिपाही)।** गोला के पूरबडीह स्थित वन कार्यालय के समीप चेकनाका पर बीती रात को वनकर्मियों ने अवैध कोयला लदे एक पिकअप वैन को पकड़कर जब्त कर लिया। वनकर्मियों ने बताया कि सभी वनकर्मी गस्ती में थे और सभी आते जाते वाहनों की जांच कर रहे थे। इस बीच एक पिकअप वैन में कोयला लदा हुआ मिला। कागजात की मांग करने पर चालक सहित वाहन पर सवार लोग कागजात नहीं दिखा सके। जिसके बाद वाहन को साइड करने के बहाने चालक सहित कारोबारी रात के अंधेरे का फायदा उठाते हुए भाग निकले। इस दौरान वनकर्मियों ने कोयला लदे वाहन को जब्त कर लिया। इस संबंध में वन क्षेत्र पदाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि कोयला के अवैध कारोबार में जुड़े कारोबारियों और कोयला लदे वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर मामला दर्ज कर लिया गया है। गस्ती में वनकर्मी अनिल कुमार, शिवशंकर कुमार, योगेंद्र कुमार, मनीष कुमार शर्मा, दीपक कुमार सिन्हा, दीपक दास, अजय करमाली मौजूद थे।

## विस्थापित प्रभावित संघर्ष मोर्चा ने बरका-सयाल महाप्रबंधक को सौंपा मांग-पत्र

# मांगों पर पहल नहीं हुई, तो दिया जायेगा धरना

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुरकुंडा।** विस्थापित प्रभावित संघर्ष मोर्चा ने मंगलवार को अपनी 9 सूत्री मांगों को लेकर बरका-सयाल महाप्रबंधक को मांग-पत्र सौंपा। इसमें कहा गया है कि मोर्चा की मांगों पर त्तकाल सकारात्मक पहल नहीं किया गया तो बलकुदरा आउटसोर्सिंग परियोजना में एक दिवसीय धरना दिया जायेगा। पत्र में कहा गया है कि भुरकुंडा परियोजना वर्षों से चलते आ रहा। जिसमें स्थानीय विस्थापितों का सैकड़ो एकड़ जमीन इस परियोजना के अंतर्गत अधिग्रहण किया गया है। पूर्व में भी इस परियोजना के द्वारा लोकल सेल का संचालन किया गया। लेकिन स्थाई व वैकल्पिक रोजगार यहां के विस्थापित प्रभावितों को मुहैया नहीं कराया गया। जिसके कारण यहां के स्थानीय प्रभावित अपने आप को ठगा महसूस कर रहे हैं। समय रहते हुए यहां के स्थानीय प्रभावितों का समस्या का समाधान और मांग पूरा नहीं हुआ तो आंदोलन के लिए हम ग्रामीण तत्पर रहेंगे। विस्थापित-प्रभावितों की मांगों में भुरकुंडा रोड सेल संचालन अविलंब चालू कर 80 प्रतिशत विस्थापित प्रभावितों को अधिकार देने, सीसीएल के खाली पड़े जमीन को चिन्हित कर विस्थापितों को रोजगार के लिए जमीन मुहैया कराने, बलकुदरा परियोजना में हैवी ब्लास्टिंग पर अविलंब रोक लगाने और क्षतिग्रस्त घरों को चिन्हित कर मरम्मत कराने, सीसीएल द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य और बिजली की समुचित व्यवस्था करने, सीसीएल के सीएसआर मद का योजना व खर्च के चयन का अधिकार स्थानीय जनप्रतिनिधियों को देने, विस्थापितों को विस्थापित प्रमाण-पत्र देने के लिए चिन्हित करने, सेल संचालन का अधिकार विस्थापित प्रभावित संघर्ष मोर्चा को देने शामिल है। पत्र के अंत में कहा गया है कि अगर 10 दिनों के अंदर प्रबंधन द्वारा मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं किया गया तो विस्थापित-प्रभावित बाध्य होकर उग्र आंदोलन करेंगे। जिसकी सारी जवाबदेही सीसीएल प्रबंधन की होगी। पत्र में मोर्चा के अध्यक्ष सह कुरसे मुखिया संदीप उरांव, मनोहर मुंडा, कार्तिक मुंडा, आदित्य केरकेट्टा आदि के हस्ताक्षर अंकित हैं।

## सौंदा बस्ती के सरैया टोला में महिला समिति ने की बैठक

# नीतिश के घर हुए गोलीकांड के अपराधियों को पकड़ने की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता



**उरीमारी।** सेल संचालन समिति सौंदा बस्ती के अध्यक्ष नितिश कुमार के घर पर पिछले दिनों अज्ञात अपराधियों द्वारा गोलीबारी को लेकर सौंदा बस्ती सरैया टोला के महिला समिति ने बैठक कर इस घटना की निंदा करते हुए एक स्वर में कहा कि पिछले 17 मई को सेल संचालन समिति के अध्यक्ष नितिश कुमार के घर पर किये गये गोलीबारी में पुलिस जल्द से जल्द अपराधियों को पकड़ने का काम करें। लगभग 11 दिन बितने के बाद भी अपराधियों को नहीं पकड़ा गया है। जिससे हम सभी ग्रामीणों में रोष है। आगे समिति के लोगों ने कहा कि अपराधियों को जल्दी नहीं पकड़ा गया तो हमलोग सभी ग्रामीण उग्र आंदोलन करेंगे। बैठक की अध्यक्षता सरिता देवी और संचालन रेखा गिरि ने की। बैठक में मुख्य रूप अध्यक्ष सरिता देवी, सचिव रेखा गिरि, अनुराधा देवी, बेबी देवी, अनामिका देवी, शकुंतला देवी, सुषमा देवी, शोभा देवी, संजू देवी, बसंती देवी, सुषमा देवी, निविति देवी, राधा देवी, रीता देवी, हेमंती प्रसाद,विधावती देवी, ललिता देवी, सपना देवी, अंजू कुमारी, सुनीता देवी, कुंती देवी, बसंती देवी, मधुमति देवी, रेशमा देवी, रेखा गिरि, रिमा गिरि, मीना देवी, सुनीता देवी, रेखा देवी, माया देवी, असरीता देवी, प्रतिमा देवी, सीता देवी, पाको देवी, भवनी देवी, नेहा देवी मौजूद थी।

## 1 जून से किया जायेगा रात्रि रक्त पट्ट संग्रह



**चतरा (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय के सभा कक्ष में उप विकास आयुक्त पवन कुमार मंडल की अध्यक्षता में एनबीएस (रात्रि रक्त पट्ट संग्रह) कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन से संबंधित जिला स्तरीय समन्वय समिति (फाइलेरिया उन्मूलन) की बैठक की गयी। बैठक में भीबीडी सलाहकार ने जानकारी दिया कि चतरा जिलें में फाईलेरिया उन्मुलन कार्यक्रम के अन्तर्गत 1 जुन से 10 जून तक जिलें के सभी छः सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के तहत चिन्हित 12 गांवों में, प्रत्येक गांव से 300 रक्त पट्ट संग्रह किया जायेगा। उप विकास आयुक्त ने कई बिंदुओं की समीक्षा करते हुए माइक्रोप्लान के तहत कार्य करने और लोगों को इस अभियान की जानकारी के लिए व्यापक प्रचार प्रसार करने का निर्देश दिया। इस कार्यक्रम को कराने का मुख्य उद्देश्य फाइलेरिया विलोपन में मुख्य भुमिका होती है। इस कार्यक्रम उपरांत (रिजल्ट) प्रतिवेदन के आधार पर ही मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कराया जाता है और इससे लोगों में माइक्रो फाइलेरिया का भी पता चलता है। बैठक में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक/पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी, सूचना और जनसंपर्क पदाधिकारी, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद, उपाधीक्षक सदर अस्पताल, सभी कार्यक्रम पदाधिकारी, स्वास्थ्य विभाग, सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, कार्यक्रम प्रबंधक, सभी कार्यक्रम प्रबंधन इकाई, डा मनोज कुमार, झारखंड के प्रतिनिधि समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## सोनबरसा में किसान गोष्ठी का आयोजन




**हंटरगंज (आजाद सिपाही)।** विश्व की अग्रणी बीज कंपनी पायोनियर द्वारा प्रखंड के सोनबरसा गांव में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया और आने वाले समय में सही बीज चुनाव के बारे में चर्चा किया गया। जिसमें पायनियर कंपनी के क्षेत्रीय प्रतिनिधि श्रीकांत कुमार ने किसानों के बीच बेहतर उपज देने वाली 27पी37 धान बीज के बारे में बताया गया साथ ही साथ फसल में लगने वाली कीट रोग से बचाव के बारे में भी जानकारी दी गयी और किसानों को पायनियर 27पी37 धान दो नंबर जमीन के लिए 128 से 132 दिनों के बेहतर पैदावार देने वाली धान है जो कि किसानों के प्रति एकड़ 3 से 4 किमटल ज्यादा उपज देती है जिसकी लंबी बालियां वजनदार बालियां और खाने में भी स्वादिष्ट होती है किसानों को खरीफ सीजन में सही धान का चुनाव करने की सलाह दी गयी। साथ ही साथ गांव में खुशहाली और समृद्ध के लिए 37 कदम की रैली निकाली गयी। इस गोष्ठी में उपस्थित राजीव रंजन, रविंद्र पासवान, आशीष सिंह, विजय पासवान, लक्ष्मण गुप्ता, गीता देवी, रेशमी देवी, टुनटुन शर्मा, संजय यादव और सैकड़ों किसान उपस्थित थे।

## अंशु क्लीनिक का किया गया उद्घाटन



**हंटरगंज (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के औरु-गेरुआ में मंगलवार को अंशु क्लिनिक का उद्घाटन पंचायत समिति सदस्य सुबल कुमार पांडे द्वारा फीता काटकर किया गया। इस मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण और अन्य लोग शामिल थें। क्लीनिक का संचालक डॉ आर कुमार ने बताया कि क्लिनिक में किफायती दामों पर दवा दी जायेगी और बच्चों का इलाज विशेष कर किया जायेगा। इसके अलावे अन्य कई प्रकार के बीमारियों का भी इलाज किया जायेगा।

## झारखंडी बेरोजगार संघर्ष मोर्चा की बैठक

**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** झारखंडी बेरोजगार संघर्ष मोर्चा कोयलांचल क्षेत्र की बैठक मंगलवार को भुरकुंडा पंचायत भवन में हुई। इसकी अध्यक्षता मोर्चा के अध्यक्ष किशन नायक और संचालन आजाद भुंइया ने किया। बैठक में मोर्चा की मजबुती, भुरकुंडा लोकल सेल में बेरोजगारों को रोजगार से जोड़ने सहित अन्य मुद्दों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सभी मोहल्ला में जाकर दंगल का गठन किया जायेगा। साथ ही एक दिवसीय आमसभा का आयोजन कर भुरकुंडा लोकल सेल के बावत विचार-विमर्श किया जायेगा। कहा गया कि बेरोजगारों को रोजगार से जोड़ना हमारी मोर्चा प्राथमिकता होगी। बैठक में संजीत राम, राजेंद्र करमाली, नौशाद हुसैन, प्रेम पासवान, लखन पासवान, अनिल भुंइया, संजय करमाली, विक्रम पुरणेन्दु, विश्वकर्मा कुमार, जितेंद्र वर्मा, सतीश मिश्रा, लाली करमाली, मो शहजाद, पिंटू कुमार, अमरेंद्र करमाली, रोशन पासवान, भोला कुमार, महावीर कुमार, राजेश कुमार, सुनील कुमार, सुधीर कुमार, राजन ठाकुर, राहुल यादव, दीपक करमाली, सुनील कुमार आदि मौजूद थें।

## छावनी परिषद का नगर परिषद में विलय को लेकर हुई बैठक

# संपत्ति और दायित्व से संबंधित सौंपी गयी पूरी रिपोर्ट

आजाद सिपाही संवाददाता




**रामगढ़।** रामगढ़ छावनी परिषद का नगर निकाय में विलय को लेकर अधिकारियों की मैराथन बैठक मंगलवार को संपन्न हुई। रांची में आयोजित इस बैठक में रामगढ़ जिला प्रशासन के साथ-साथ नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग सहित अन्य विभागों के पदाधिकारी भी शामिल हुए। हालांकि यह बैठक विचार-विमर्श और मंथन तक ही सीमित रही। विलय को लेकर गठित की गयी समिति कोई ठोस निर्णय पर नहीं पहुंच पायी है। कुछ अन्य मुद्दों पर भी नगर परिषद को अपनी रिपोर्ट तैयार करनी होगी। विलय के मुद्दे पर 18 जून को अगली बैठक रखी गयी है। ऐसी उम्मीद की जा रही है कि उस दिन सारे मुद्दों पर सहमति बन जायेगी।

बैठक में नगर परिषद की तरफ से छावनी परिषद के संपत्ति और उसके दायित्वों से संबंधित पूरी रिपोर्ट प्रस्तुत की गयी। इसके अलावा छावनी परिषद में वर्तमान समय में कार्यरत 152 कर्मचारी की सैलरी और उसके पेंशन को लेकर भी पूरी रिपोर्ट सौंप गयी है। रिपोर्ट पर राज्य सरकार और रक्षा मंत्रालय की ओर से मौजूद पदाधिकारियों ने अपने-अपने मंतव्य रखें। इसमें सबसे बड़ी अड़चन फ्यूचर पेंशन प्लान को लेकर उभर कर सामने आयी है। रक्षा मंत्रालय इस बोझ को राज्य सरकार को उठाने पर जोर दे रही है। हालांकि वर्तमान समय में रिटायर होने वाले कर्मचारियों का पेंशन रक्षा मंत्रालय खुद देने की बात भी कर रहा है। रामगढ़ प्रशासन की तरफ से इस मुद्दे को भी उठाया गया की छावनी परिषद क्षेत्र में बनाये गये पार्क का टेंडर किस रेट पर किया जा रहा है और होल्डिंग टैक्स किस रेट के आधार पर वसूला जा रहा है, इसकी रिपोर्ट भी अभी पूरी नहीं हुई है।

**स्वास्थ्य और शिक्षा विभाग को भी बढ़ सकती है जिम्मेदारीः** रामगढ़ छावनी परिषद क्षेत्र में सिर्फ सफाई कर्मचारी, क्लर्क और पदाधिकारी ही नहीं है। छावनी क्षेत्र में बनाये गये अस्पताल, विद्यालय, पार्क में भी चिकित्सक, शिक्षक और कर्मचारी मौजूद हैं। राज्य सरकार नगर परिषद पर छावनी का पूरा बोझ एक साथ डालना नहीं चाह रही है। स्वास्थ्य विभाग को अस्पतालों की जिम्मेदारी मिल सकती है। शिक्षा विभाग पर विद्यालयों का बोझ बढ़ सकता है। पार्क और छावनी परिषद के कर्मचारी का समायोजन नगर निकाय में होगा, तो उसका वेतन नगर निकाय से ही भुगतान किया जायेगा।

### बिना नक्शा पास के बने मकान बन सकते है सिर दर्द

रामगढ़ छावनी परिषद क्षेत्र में कैंप एरिया की बाउंड्री से 100 मीटर की परिधि में ऊंचे भवनों के निर्माण पर भी आपत्ति को लेकर विचार विमर्श किया गया है। जिला प्रशासन की ओर से यह बताया गया कि पहले यह दायरा 30 मीटर था, जिसे बाद में 50 मी किया गया। अब यह दायरा 100 मीटर कर दिया गया है, जो रामगढ़ जैसे छोटे शहर के लिए उचित प्रतीत नहीं होता है। इसके अलावा छावनी परिषद क्षेत्र में बिना नक्शा पास कराये 4000 से अधिक मकान का भी निर्माण किया जा चुका है। जिसे खाली कराना एक टेढ़ी खीर साबित हो सकती है। इन सारे बिंदुओं पर जिला प्रशासन की ओर से बात रखी गयी है। रक्षा मंत्रालय इस पर अपना जवाब 18 जून को देगा।

# चढ़ता पारा और जनजीवन

राजधानी दिल्ली और एनसीआर सहित लगभग पूरा उत्तर भारत भीषण गर्मी और लू की चपेट में है। इससे तुरंत किसी तरह की राहत मिलने के भी आसार नहीं दिख रहे। मौसम विभाग ने आने वाले कुछ दिनों के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। दिल्ली-एनसीआर के ज्यादातर हिस्सों में तापमान 45-47 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है। दिल्ली के मुंगेशपुरी और नजफगढ़ इलाकों में तो रविवार को अधिकतम तापमान 48 डिग्री सेल्सियस से भी ऊपर पहुंच गया था। राजस्थान के फलोदी में तापमान देश में सबसे ज्यादा 49.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इन्हीं गर्मियों के बीच शनिवार को दिल्ली ने मतदान भी किया। छठे चरण की इस वोटिंग के दौरान दिल्ली का तापमान 46.9 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से लगभग 7 डिग्री सेल्सियस अधिक था, जिसका असर वोटिंग पर भी दिखा। भीषण गर्मी को देखते हुए मौसम विभाग ने लोगों से अपील की है कि दोपहर के 12 बजे से तीन बजे तक घरों में ही रहें। महाराष्ट्र के अकोला शहर में तो प्रशासन ने 31 मई तक के लिए धारा 144 लागू कर दी है। यह पिछले दो दिनों से महाराष्ट्र का सबसे गर्म शहर बना हुआ है। डीएम ने जहां प्रतिष्ठानों को श्रमिकों के लिए पीने के पानी और पंखों की पर्याप्त व्यवस्था करने का आदेश दिया है, वहीं निजी कोचिंग क्लास के समय में बदलाव करने और दोपहर के समय कोई क्लास न रखने के निर्देश भी जारी किये हैं। गर्मी से बुरी तरह प्रभावित देश के अन्य हिस्सों में भी इस तरह के कदम उठाये जाने की जरूरत है, लेकिन ऐसा करते हुए इस बात का भी ध्यान रखना जरूरी है कि ऐसे सुझाव या निर्देश आबादी के हर हिस्से के लिए उपयोगी नहीं होते। बड़ी संख्या उन लोगों की होती है, जिन्हें अपना काम खुले में ही करना होता है और वे घर बैठने का जोखिम भी नहीं उठा सकते, क्योंकि परिवार के गुजारे के लिए रोज की कमाई जरूरी होती है। यह बात सही है कि प्रकृति भेदभाव नहीं करती। इस लिहाज से मौसम की तपिश भी सबके लिए समान है, लेकिन फिर भी इसकी मार समाज के निचले और कमजोर हिस्सों पर ज्यादा पड़ती है। जरूरी है कि उन लोगों को राहत देने के लिए जहां तक हो सके जगह-जगह पर छांव और ठंडे पानी की व्यवस्था की जाये। इसके अलावा जिन ऑफिसों में गर्मी से राहत की पर्याप्त व्यवस्था न हो, वहां काम के समय में बदलाव का विकल्प सुनिश्चित करने पर भी गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए। खास कर इसलिए कि जैसे आसार दिख रहे हैं, यह समस्या न तो सिर्फ इन तीन-चार दिनों की है और न ही इस सीजन की। आने वाले वर्षों में यह और गंभीर ही होती जायेगी। इसलिए नीतिगत स्तर पर भी इससे निपटने के लंबी अवधि के उपायों पर गौर करने की जरूरत है।

**यह बात सही है कि प्रकृति भेदभाव नहीं करती। इस लिहाज से मौसम की तपिश भी सबके लिए समान है, लेकिन फिर भी इसकी मार समाज के निचले और कमजोर हिस्सों पर ज्यादा पड़ती है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**कोरोना के बाद व्यापार और रोजगार खत्म होने से करोड़ों लोग आर्थिक संकट का शिकार हो गये। जिनके पास संपत्ति और नियमित आमदनी नहीं है और जो लोग इनकम टैक्स रिटर्न फाइल नहीं करते, उन्हें बैंकों से लोन मिलना मुश्किल होता है। कई जरूरतमंद लोग गोल्ड लोन के पठानी ब्याज के शिकंजे से बर्बाद हो रहे हैं। साल 2013 में गोल्ड लोन का बाजार 2 लाख करोड़ रुपये का था, जो अब बढ़ कर 6 लाख करोड़ का हो गया है। कोरोना के बाद गोल्ड लोन के बाजार में सालाना 22 फीसदी की बढ़ोतरी हो रही है।**

# 'गोल्ड लोन' की आड़ में गरीबों का शोषण बंद हो

विराग गुप्ता

चुनावों में नेताओं के भाषणों से संपत्ति के वितरण और मंगलसूत्र हड़पने जैसी बेबुनियाद बातों पर बहस हो रही है। सोने की चिड़िया कहे जाने वाले भारत में लगभग 30,000 टन सोना है, जिसकी कीमत 200 लाख करोड़ से ज्यादा है। उसकी तुलना में चीन के पास सिर्फ 16,000 टन सोना है। नोटबंदी के बाद लोगों का कर्ज और दुश्वारियां दोनों बढ़ी हैं। कोरोना के बाद व्यापार और रोजगार खत्म होने से करोड़ों लोग आर्थिक संकट का शिकार हो गये। जिनके पास संपत्ति और नियमित आमदनी नहीं है और जो लोग इनकम टैक्स रिटर्न फाइल नहीं करते, उन्हें बैंकों से लोन मिलना मुश्किल होता है। कई जरूरतमंद लोग गोल्ड लोन के पठानी ब्याज के शिकंजे से बर्बाद हो रहे हैं।

साल 2013 में गोल्ड लोन का बाजार 2 लाख करोड़ रुपये का था, जो अब बढ़ कर 6 लाख करोड़ का हो गया है। कोरोना के बाद गोल्ड लोन के बाजार में सालाना 22 फीसदी की बढ़ोतरी हो रही है। भारत में विशाल सोने के भंडार में से अगर 20 फीसदी के एवज में गोल्ड लोन दिये जायें, तो गोल्ड लोन का 24 लाख करोड़ का बाजार हो सकता है।

**भारत में विशाल सोने के भंडार में से अगर 20 फीसदी के एवज में गोल्ड लोन दिये जायें, तो गोल्ड लोन का 24 लाख करोड़ का बाजार हो सकता है।**

**रिजर्व बैंक की सख्ती :** कुछ दिनों पहले अधूरी केवाइसी वाले 1.3 करोड़ म्यूचुअल फंड खातों पर सेबी ने रोक लगा दी थी। कर्ज देने वाले बैंक फिनटेक और एनबीएफसी कंपनियों के लिए रिजर्व बैंक ने सख्त नियम बनाये हैं। नियमों के पालन में गड़बड़ी की वजह से ही पे-टीएम के खिलाफ सख्त कार्रवाई हुई। गोल्ड लोन के लिए बनाये गये नियमों के अनुसार मान्यता प्राप्त एनबीएफसी कंपनियां और बैंक ही सोने के एवज में कर्ज बांट सकते हैं। कुछ दिनों पहले गोल्ड लोन देने वाली तीसरी सबसे बड़ी कंपनी आइआइएफएल फाइनांस के खिलाफ रिजर्व बैंक ने सख्त कार्रवाई की थी। मुथुट फाइनांस और मन्नपुरम फाइनांस गोल्ड लोन बाजार की टॉप 2 एनबीएफसी कंपनियां हैं, जिनका पूरे देश में नेटवर्क है। बड़े फिल्म स्टार और खिलाड़ी ब्रांड एंबैसेडर बन कर गरीबों को झटपट गोल्ड लोन के लिए लुभाते हैं।



**सोने की कीमत, ब्याज और प्रोसेसिंग फीस के बारे में सही पड़ताल करने के बाद ही रजिस्टर्ड कंपनियों से गोल्ड लोन लेना चाहिए, लेकिन जरूरतमंद लोगों को जल्द और नगद कर्ज चाहिए होता है। गरीब लोग गैर-कानूनी कम्पनियों के शिकंजे में फंसकर पीढ़ियों से संचित सोने को गंवा देते हैं।**

आइआइएफएल कंपनी के गोल्ड लोन बिजनैस की जांच में रिजर्व बैंक को 4 तरह की गड़बड़ियां पकड़ में आयीं। **पहला**–ये कंपनियां गुणवत्ता पर सवाल उठा कर सोने की कीमत को कम आंकती हैं। कई बार 22 कैरेट वाली ज्वैलरी को 20 या 18 कैरेट का बता कर मूल्यांकन को कम कर दिया जाता है। इससे ग्राहकों को कर्ज की रकम कम मिलती है। लोन में डिफाल्ट की स्थिति में सोना जब्त हो जाता है, जिससे ग्राहकों का दोहरा नुकसान होता है। कंपनियों की इस हेर-फेर में वैल्यूवर लोग भी बड़े पैमाने पर शामिल हैं।

**दूसरा**–ये कंपनियां लोन टू वैल्यू रेशो (एलटीवी) में भी गड़बड़ी करती हैं। एलटीवी में दिये गये अनुपात के अनुसार सोने के बदले लोन की रकम का निर्धारण होता है। कोरोना काल में रिजर्व बैंक ने सोने की कीमत के 90 फीसदी वैल्यू तक लोन देने की ढील दी थी। उसके बाद 2021 में रिजर्व बैंक ने इसे 75 प्रतिशत कर दिया। रिजर्व बैंक की जांच के अनुसार आइआइएफएल के 67 प्रतिशत खातों में एलटीवी में गड़बड़ी पायी गयी है।

**तीसरा**–कई फिनटेक कंपनियां ग्राहकों के कर्ज की मांग को पूरा करने के लिए गोल्ड लोन की आड़ में गलत तरीके से पर्सनल लोन भी देती हैं। गोल्ड लोन में ब्याज दर कम होती है, जबकि पर्सनल लोन में ब्याज दर बहुत ज्यादा होती है। **चौथा**–रिजर्व बैंक नियमों के अनुसार 20,000 रुपये से ज्यादा के कर्ज की रकम बैंक खाते में जमा होनी चाहिए, लेकिन इंकम टैक्स के नियमों की आड़ में कई कंपनियां 2 लाख रुपये तक का कर्ज नकद में दे रही हैं।

**ग्राहकों का शोषण और लूट :** कर्ज देनी वाली कंपनियों और बैंकों के ऊपर नियमों को लागू करके रिजर्व बैंक अर्थव्यवस्था में स्थिरता को सुनिश्चित करता है। इससे करोड़ों ग्राहकों के हितों की भी सुरक्षा होती है। प्रॉपर्टी, शिक्षा या पर्सनल लोन की तरह गोल्ड लोन में ज्यादा कागजी कार्रवाई नहीं करनी पड़ती है, इसलिए इसके प्रति लोगों का रुझान बढ़ रहा है। गोल्ड लोन की ब्याज दरों और प्रोसेसिंग फीस के बारे में रिजर्व बैंक के नियमों का सही तरीके से पालन नहीं होने की वजह से ग्राहकों का शोषण बढ़ रहा है।

सरकारी बैंक 8.5 से 11 फीसदी की दर पर गोल्ड लोन देते हैं, जबकि कई निजी बैंक गोल्ड लोन के नाम पर 17 फीसदी तक का ब्याज वसूल रहे हैं। सरकारी बैंक 0.5 फीसदी या 5,000 रुपये की अधिकतम प्रोसेसिंग फीस लेते हैं। दूसरी तरफ निजी एनबीएफसी कंपनियां एक प्रतिशत से ज्यादा की प्रोसेसिंग फीस वसूल रही हैं। सोने की कीमत, ब्याज और प्रोसेसिंग फीस के बारे में सही पड़ताल करने के बाद ही रजिस्टर्ड कंपनियों से गोल्ड लोन लेना चाहिए, लेकिन जरूरतमंद लोगों को जल्द और नगद कर्ज चाहिए होता है। गरीब लोग गैर-कानूनी कम्पनियों के शिकंजे में फंसकर पीढ़ियों से संचित सोने को गंवा देते हैं।

गोल्ड लोन के बढ़ते बाजार को देखते हुए फर्जी ऐप से ठगी करने वाले कई गिरोह भी सक्रिय हो गये हैं। अनेक धांधलियों की वजह से गोल्ड लोन में एनपीए बढ़ने से वित्तीय अस्थिरता बढ़ रही है। रिजर्व बैंक ने शिकायत दर्ज कराने और समाधान के लिए कई नियम बनाये हैं, लेकिन जनता को सरकारी शिकायत निवारण तंत्र पर ज्यादा भरोसा नहीं दिखता। 60 लाख से ज्यादा ग्राहक गोल्ड लोन ले रहे हैं, जिनमें से सिर्फ 135 लोगों ने साल 2023-24 में शिकायत दर्ज करायी थी। गरीबों की स्याह हकीकत समझने की बजाय रिजर्व बैंक का नियमों के तकनीकी पक्ष पर ज्यादा जोर है।

जमीन पर नियम लागू नहीं होने से साहूकारों और लोन एप्स जैसे डिजिटल मगरमच्छों के चक्कर में पड़ कर लाखों गरीब परिवारों का जीवन तबाह हो रहा है। गोल्ड लोन बाजार में बढ़ रही धांधलियों को रोकने के लिए चुनावों के बाद बनी नयी सरकार को सख्त कदम उठाने होंगे।

**(लेखक सुप्रीम कोर्ट के एडवोकेट हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

# झारखंड के आयुष्मान भारत योजना में भारी गड़बड़ी, विधायक सरयू राय ने की सीएम से जांच की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** झारखंड में आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के क्रियान्वयन में हो रही भारी अनियमितता और इसमें राज्य सरकार के स्वास्थ्य मंत्री की भूमिका की जांच कराने की मांग जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू रॉय ने झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से की है। इसके कारण राज्य के मरीजों को तो परेशानी हो ही रही है सरकार के खजाना पर भी भारी चपत लग रही है। सरयू रॉय ने कहा है कि इस अनियमितता और भ्रष्टाचार में आयुष्मान भारत योजना के क्रियान्वयन के लिए चयनित बीमा कंपनी, बीमा कंपनी का बीमा करने वाली पुनः बीमा कंपनी और एक बिचौलिया निजी



कंपनी के कारिंदे शामिल हैं जिसे झारखंड सरकार के स्वास्थ्य विभाग ने आयुष्मान योजना का क्रियान्वयन करने के लिए गठित झारखंड स्टेट आरोग्य सोसाइटी के माध्यम से इस पूरी प्रक्रिया में निःशुल्क सेवा देने के नाम पर शामिल किया है. श्री रॉय ने कहा है कि स्वास्थ्य विभाग की पहल पर झारखंड स्टेट आरोग्य सोसाइटी और एक निजी कंपनी निरूज कंसलटेंट्स एलएलपी के बीच गत 11 जनवरी 2024 को एक एमओयू (सहमति पत्र ) पर हस्ताक्षर हुआ है जिसके अनुसार यह परामर्शी कंपनी आयुष्मान भारत के कतिपय कार्यों के लिए निःशुल्क सहयोग प्रदान करेगी. सहमति के बिन्दु व्यापक हैं पर अस्पष्ट हैं। उन्होंने कहा कि 9 फरवरी को सोसाइटी द्वारा जारी अधिसूचना परिपत्र मे परामर्शी निरूज को जो कार्य सौंपे गये हैं। उनमें आयुष्मान योजना के क्रियान्वयन के लिए मैनेजमेंट इंफॉरमेशन सिस्टम का प्रतिवेदन समय समय पर देना, सोसाइटी को जब भी और जहां भी जरूरत हो परियोजना के सफल क्रियान्वयन प्रक्रिया को परिभाषित करना, नियुक्त की गई बीमा कंपनी की गतिविधियों पर नियमित निगरानी रखना, परियोजना के क्रियान्वयन की सामयिक समीक्षा करना आदि शामिल है सोसाइटी और निरूज के बीच हुए समझौते में ये सभी कार्य निरूज को निःशुल्क करना है। पूर्व मंत्री सरयू रॉय ने कहा कि आश्चर्य है कि कोई भी निजी कंपनी ऐसे पूर्णकालिक काम, जिसमें पर्याप्त मानव संसाधन और वित्तीय संसाधन की जरूरत होगी, निःशुल्क करने के लिए कैसे तैयार हो गई है कई अस्पतालों को प्रतिबंधित करने और कुछ समय बाद उन्हें प्रतिबंध मुक्त कर देने की प्रक्रिया चल रही है। निरूज द्वारा इस अवधि में आरोग्य सोसाइटी को दिये गये प्रतिवेदनों की जाँच से इसका पता चल जायेगा। अस्पतालों को किसी न किसी कमी के कारण अघोषित रूप से प्रतिबंधित करने और कमी दूर हुए बिना प्रतिबंध हटा लेने की घटनाएँ सामने आ रही हैं। निरूज और आरोग्य सोसाइटी के कारनामों को स्वास्थ्य विभाग में उच्च स्तर से संरक्षण प्राप्त हुए बिना ऐसा होना संभव नहीं है। विधायक सरयू रॉय ने कहा है कि मुख्यमंत्री इसकी जांच कराये और निःशुल्क सहयोग के नाम पर निहित स्वार्थ साधने के लिए झारखंड आरोग्य सोसाइटी और निजी कंपनी निरूज के बीच किया गया एमओयू रद्द करें।

# घाटशिला कॉलेज में गर्मी की छुट्टी में चलेंगी विशेष कक्षाएं

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाटशिला।** घाटशिला कॉलेज में 1 जून से 20 जून 2024 तक ग्रीष्मावकाश है। इस गर्मी की छुट्टी में यूजी सेमेस्टर 2, 3 एवं 6 तथा पीजी सेमेस्टर 1 और 4 के छात्रों के लिए विशेष कक्षाएं चलाई जाएगी। इसको लेकर शिक्षकों के साथ प्राचार्य डॉ आरके चौधरी ने मंगलवार को बैठक की। बैठक में निर्णय लिया गया कि पिछले माह कालेज में कई विश्वविद्यालय स्तरीय परीक्षाओं को लेकर कक्षाएं बाधित हुईं है। पाठ्यक्रम पूर्ण करने हेतु विशेष कक्षाएं चलाया जाना आवश्यक है। इसमें नीड बेस्ट शिक्षक, अतिथि शिक्षक और कुछ स्थायी शिक्षक कक्षा लेंगे। विचारोपरांत निर्णय हुआ कि संताली, बांग्ला, हिंदी, इतिहास, अर्थशास्त्र, मनोविज्ञान, मानव शास्त्र,



राजनीति विज्ञान, वाणिज्य और फिजिक्स की कक्षाएं सुबह 8:00 बजे से 12:00 तक चलेगी। मौके पर प्राचार्य डॉ आरके चौधरी ने बताया कि छात्र हित में यह विशेष कक्षाएं चलवाने पर सहमति हुई है। ताकि पाठ्यक्रम को पूरा किया जा सके। इसमें वैसे ही शिक्षक कक्षा लेंगे जो गर्मी की छुट्टी के दौरान घाटशिला में रहेंगे। बैठक में डॉ पीके गुप्ता, डॉ डीसी राम, प्रो इंदल पासवान, प्रो महेश्वर प्रमाणिक, डॉ एसपी सिंह, डॉ संदीप चंद्र, प्रो मोहम्मद सज्जाद, प्रो विकास मुंडा, डॉ कुमार विशाल, प्रो सोमा सिंह, डॉ संजेश तिवारी, प्रो राम विनय श्याम, मानिक मार्डी, बसंती मार्डी, डॉ कंचन सिंहा, डॉ कन्हाई बारिक, मुकेश कुमार सिंह, सरयू पाल, चिरंतन महतो आदि शिक्षक उपस्थित थे।

# जमशेदपुर एसडीओ पारुल सिंह एक्शन में, दयाल होटल समेत कई बिल्डिंग पर बुलडोजर चलाने का आदेश

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति (जेएनएसी) के बेसमेंट पर कार्रवाई के दावों पर जमशेदपुर की अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) पारुल सिंह ने बिल्डिंग के मालिकों को कड़ी फटकार लगायी। मंगलवार को अचानक अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति के अभियंता को नक़्शा के साथ तोड़े गये सभी बेसमेंट के संरचना का अवलोकन करने की शुरूआत की। अक्षेस के अभियंताओं के दावों की कलई खोल कर रखते हुए अनुमंडल पदाधिकारी धालभूम ने संजय सिंह और एमके प्रधान को जमकर डांट पिलाते हुए 48 घंटे के भीतर अब तक कार्रवाई किए 4 भवनों के बेसमेंट को पूर्णतः समतल करने का आदेश दिया है। आनन फानन में एसडीओ द्वारा मजिस्ट्रेट नियुक्त करते हुए ही से तोड़ फोड़ करने आदेश दिया है। एसडीओ ने सबसे पहले सेंटर प्वाइंट होटल बिष्टुपुर का मुआयना करते हुए दोनों अभियंता को भवन का पूरा नक़्शा कार्यालय में जमा करने का आदेश दिया ताकि समझा जा सके कि होटल के बेसमेंट में पार्किंग कैसे बहाल किया जा सके। इसके बाद टीम होटल दयाल 112 एसएनपी एरिया साकची की जांच करने पहुंचे तो पाया कि बेसमेंट में बना किचन अपने पुरानी स्थिति में है। भवन मालिक पर प्राथमिकी दर्ज कर अनुमंडल पदाधिकारी धालभूम को प्रतिवेदन समर्पित करने को कह एसडीओ ने समयाभाव मे उपायुक्त कार्यालय के महत्वपूर्ण मीटिंग में शामिल होने चल गयी। ज्ञात हो कि झारखंड उच्च न्यायालय में अगामी 13 जून को अनुमंडल पदाधिकार धालभूम को हलफनामा देकर यह बताना है कि कितने भवनों पर कार्रवाई की जा चुकी है।

# बहुयामी प्रतिभा के धनी थे विनायक दामोदर सावरकर: विकास सिंह

**मानगो में धुमधाम से मना वीर सावरकर की 143 वीं जयंती।**

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** हिंदू महासभा ने देश के स्वतंत्रता सेनानी सह समाज सुधारक वीर विनायक दामोदर सावरकर की 143 वीं जयंती डिमना चौक के समीप धूमधाम से मनाया। मंगलवार को संगठन के संयोजक धर्मचंद पोद्दार की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा नेता विकास सिंह सहित सैकड़ो लोगों ने उपस्तित होकर उनके चित्र पर पुष्प भेट कर श्रद्धासुमन अर्पित की। मौके पर विकास सिंह ने वीर विनायक दामोदर सावरकर की जीवनी पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा वीर सावरकर स्वतंत्रता सेनानी के साथ-साथ समाज सुधारक,



लेखक, दार्शनिक व्यक्तित्व थे। उन्होंने देश के आजाद होने के बाद भी लगातार देश को मजबूत करने के लिए कई विषयों में काम किया।उन्होंने उच्च नीच का भेदभाव मिटाने के लिए संघर्षरत रहे। अंग्रेजों ने 50 वर्ष की कारावास में सबसे कठोर सजा उन्हें दी थी।उन्होंने अंडमान निकोबार के सेल्यूलर जेल में 11 साल तक कोलू बन कर तेल निकालने का कार्य किया। उनके द्वारा लिखी गई पुस्तकों को अंग्रेजों ने प्रकाशित होने पर पूर्ण पाबंदी लगा दी थी। मौके पर उपस्थित लोगों ने समाज में सुधार की दिशा में उनके द्वारा उठाए गए कदम पर चलने का संकल्प लिया।इस अवसर पर विकास सिंह, धर्म चंद्र पोद्दार,उदय कांत चौधरी ,दीप नारायण सिंह ,लक्ष्मण सिंह, एस.पी शुक्ला, धर्म नाथ प्रसाद, बीडी सिंह, रीता सिंह ,मधु सिन्हा ,कल्याणी पाठक, प्रियतमा पाठ, संध्या कुमारी, नेहा शर्मा, हरजीत कौर सहित अन्य उपस्थित रहे।

# हाइवे पर तेज रफ्तार ट्रेलर अनियंत्रित होकर पलटा, चालक बाल-बाल बचा



**चांडिल (आजाद सिपाही)।** चांडिल थाना अंतर्गत एनएच- 33 पर मंगलवार को रामगढ़ के समीप एक तेज रफ्तार ट्रेलर अनियंत्रित होकर बीच सड़क पर पलट गया। इस घटना में चालक ट्रेलर के नीचे फंस गया। जिससे एक घंटा तक एनएच 33 पर वाहनों का परिचालन ठप रहा। बताया जा रहा है कि टेलर जमशेदपुर से रांची की ओर जा रही थी। इसी क्रम में रामगढ़ के समीप ट्रेलर अनियंत्रित होकर सीधे सड़क पर ही पलट गया। ट्रेलर पलटने के बाद चालक ट्रेलर के नीचे घंटों दबा रहा। स्थानीय लोगों ने किसी तरह चालक को बाहर निकाला और जमशेदपुर के एमजीएम भिजवाया। वैसे गनीमत रही कि इस घटना में चालक बाल-बाल बच गया। घंटों मशक्कत के बाद सड़क पर आवागमन शुरू हुआ।

## मझिगावां में आठवीं का परीक्षा परिणाम रहा शत प्रतिशत

**खरौंधी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय मझिगावां का जैक रांची द्वारा घोषित आठवीं बोर्ड का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक कामेश्वर प्रसाद सिंह ने बताया कि इस वर्ष विद्यालय से 96 बच्चों ने आठवीं बोर्ड की परीक्षा दी। जिसमें सभी बच्चे प्रथम श्रेणी से सफल हुए हैं। उन्होंने कहा यह काफी हर्ष का विषय है कि सभी बच्चे उत्तीर्ण हुए और विद्यालय का नाम रौशन किया। मौके पर विद्यालय के शिक्षक अरविंद कुमार गुप्ता ने बताया की यह रिजल्ट छात्रों और शिक्षकों के सम्मिलित प्रयास का ही परिणाम है। विद्यालय लगातार बेहतर परिणाम देते आया है और आगे भी बेहतर परिणाम देने के लिए प्रयासरत रहेगा। परीक्षा परिणाम को लेकर विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं के अलावे छात्र-छात्राओं और अभिभावकों के बीच हर्ष का माहौल है। अभिभावकों ने अपने बच्चों को मिठाइयां खिलाकर खुशी जाहिर किया।

# सेल प्रबंधन ने आवास खाली करने संबंधी नोटिस जारी किया

**विधायक भानु ने सेल जीएम से मुलाकात कर आवास खाली करने संबंधी नोटिस को निरस्त करने की मांग की**

आजाद सिपाही संवाददाता



**भवनाथपुर।** सेल के टाउनशिप आवासीय क्वार्टरों में अनिधिकृत रूप से रहे लोगो सेल प्रबंधन द्वारा आवास खाली करने संबंधी नोटिस दिये जाने की सूचना मिलने के बाद क्षेत्रीय विधायक भानु प्रताप शाही ने सेल जीएम से मुलाकात कर आवास खाली करने संबंधी नोटिस को निरस्त करने की आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि टाउनशिप में 50 वर्षो से रह रहे दुकानदारो और क्वार्टरों में रहने वाले लोगो को सेल प्रबंधन द्वारा हटाने की कोशिश किया जा रहा है। सेल स्थापना के समय यहाँ के पूर्वजो ने हजारों एकड़ भूमि सेल को दिया। भू मालिक और यहां के लोगों को सेल प्रबंधन द्वारा प्रताड़ित करने की कोशिश किया जा रहा है, जो किसी भी स्थिति में बर्दास्त नहीं किया जायेगा। विधायक ने सेल जीएम से कहा कि जिस तरह वर्षो पूर्व पानी बंद होने से क्वार्टर में रहने वाले लोग वैकल्पिक व्यवस्था किये है, उसी तरह बिजली काटने से पूर्व उन्हें कुछ दिनों का समय दे ताकि वें झारखंड सरकार से बिजली का कनेक्शन ले सके। उन्होंने कहा कि जब तक सेल के क्वार्टर में लोग रह रहे है, तब तक क्वार्टर सुरक्षित है, अगर सेल प्रबंधन द्वारा सभी क्वार्टर खाली करा दी जायेगी तो खाली पड़े क्वार्टरों के खिड़की और ईंट को चोरों द्वारा बड़े पैमाने पर चोरी की वारदात का अंजाम दिया जाने लगेगा। वहीं सेल जीएम मनोज कुमार ने विधायक को आश्वस्त करते हुए कहा कि सेल के क्वार्टर में रह रहे लोगों को नहीं हटाया जायेगा, और ना ही उन्हें आवास खाली कराने जैसी नोटिस की पुनरावृति की जायेगी। विधायक भानु प्रताप शाही ने सेल जीएम से यह भी बात कहा कि सेल के एक अधिकारी और दो कर्मी पैसा लेकर क्वार्टर आवंटन कर रहे है। उन अधिकारी और कर्मियों द्वारा टाउनशिप आवासीय परिसर में लग रहे नलजल योजना में ठेकेदार को भयादोहन कर अवैध तरीके से पैसा उगाही कर लिया गया है। जिसे लेकर सेल के विजिलेंस को उक्त कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई हेतु लिखित शिकायत करने की बात कही है। कोशिश किया जा रहा है, जो किसी भी स्थिति में बर्दास्त नही किया जायेगा। विधायक ने सेल जीएम से कहा कि जिस तरह वर्षो पूर्व पानी बंद होने से क्वार्टर में रहने वाले लोग वैकल्पिक व्यवस्था किये है, उसी तरह बिजली काटने से पूर्व उन्हें कुछ दिनों का समय दे ताकि वें झारखंड सरकार से बिजली का कनेक्शन ले सके। उन्होंने कहा कि जब तक सेल के क्वार्टर में लोग रह रहे है, तब तक क्वार्टर सुरक्षित है, अगर सेल प्रबंधन द्वारा सभी क्वार्टर खाली करा दी जायेगी तो खाली पड़े क्वार्टरों के खिड़की और ईंट को चोरो द्वारा बड़े पैमाने पर चोरी की वारदात का अंजाम दिया जाने लगेगा। वहीँ सेल जीएम मनोज कुमार ने विधायक को आश्वस्त करते हुए कहा कि सेल के क्वार्टर में रह रहे लोगो को नही हटाया जायेगा, और ना ही उन्हें आवास खाली कराने जैसी नोटिस की पुनरावृति की जायेगी। विधायक भानु प्रताप शाही ने सेल जीएम से यह भी बात कहा कि सेल के एक अधिकारी और दो कर्मी पैसा लेकर क्वार्टर आवंटन कर रहे है। उन अधिकारी और कर्मियों द्वारा टाउनशिप आवासीय परिसर में लग रहे नलजल योजना में ठेकेदार को भयादोहन कर अवैध तरीके से पैसा उगाही कर लिया गया है। जिसे लेकर सेल के विजिलेंस को उक्त कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई हेतु लिखित शिकायत करने की बात कही है।

## ग्यारह सीटों पर हुए मतदान में दस फूल और एक फल के साथ एनडीए गठबंधन आगे: भानु

आजाद सिपाही संवाददाता



**भवनाथपुर।** क्षेत्रीय विधायक सह भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष भानु प्रताप शाही ने कहा है कि झारखंड में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में अब तक 11 सीटो पर मतदान पूरा हो चूका है। और इन ग्यारह के ग्यारह सीटो पर दस फूल और एक फल के साथ भाजपा एनडीए गठबंधन को जनता ने स्वीकार करने का काम किया है। भानु प्रताप शाही मंगलवार को टाउनशिप स्थित अपने आवास पर प्रेस वार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि पलामू, चतरा, रांची, हजारीबाग, धनबाद, गिरिडीह, जमशेदपुर लोस में भाजपा ने मुझे स्टार प्रचारक बना कर भेजने का कार्य किया। इन लोकसभा क्षेत्र में पहुंचकर वहां के पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ जी तोड़ मेहनत कर पसीना बहाया। कहा कि अभी तक संपन्न हुए प्रदेश की 11 लोस सीट पर कार्यकर्ताओं की फीडबैक, प्रेस मिडिया और न्यूट्रल सोर्स से यह बात सामने आ रही है, कि उक्त सभी 11 सीट भाजपा और आजसू के खाते में पहुंच चुकी है, और शेष बचे गोड्डा, दुमका व राजमहल लोस सीट भी शत प्रतिशत भाजपा के खाते में आयेगी। कहा कि सभी को 4 जून का इंतजार है। चार सौ पार का नारा जो यशस्वी प्रधानमंत्री ने दिया है, उसे हम लोग पार करेंगे ये जनता के मूड से दिखायी दे रहा है। कहा कि महिलाओं ने जाती धर्म से उपर उठकर अपना शत प्रतिशत वोट बीजेपी को दिया है। देश को सशक्त, मजबूत, विकसित राष्ट्र बनाने तथा भविष्य के खुशहाली के लिए राज्य के जनता ने प्रदेश के सभी चौदहों सीट पर भाजपा को जिताने का संकल्प लिया है, ताकि देश में अधूरे पड़े विकास कार्यो को पूरा किया जा सके।

## तीन माह से राशन नहीं मिलने पर दिया आवेदन



**भंडरिया (आजाद सिपाही)।** भंडरिया प्रखंड से कुरून गांव के आदिम जनजाति कोरवा ने डोर स्टेप डिलेभरी का तीन माह से राशन नहीं मिलने पर चिलचिलाती धुप में आदिम जनजाति के प्रखंड सदस्य को जीतेंदर कोरवा ने प्रेस विज्ञप्ति दिया। और कहा कि जब तक राशन नहीं मिलेगा, हम घर नहीं लौटेंगे और एक लिखित आवेदन भंडरिया अंचल पदाधिकारी राकेश भूषण सिंह को दिया। आवेदन के आलोक में अंचल पदाधिकारी ने कहा कि डाकिया द्वारा माल पैकिंग नहीं होने के कारण तीन माह का राशन नहीं मिला है। तत्काल दो दिन के अंदर राशन पहुंच जायेगा। मांग करने वालों में शांति देवी, प्रेम देवी, शिव काली देवी, सुग्रीव कुमार, इतवारी देवी, लाल देवी, जगन्नाथ कोरवा सीताराम कोरवा, सूर्य नारायण कोरबा, गुलाबी देवी, राजमती देवी काली देवी, दशमी देवी, सुनीता देवी सहित काफी लोग उपस्थित थे।

# संजय कुमार भारती के निधन से शिक्षक संगठन को अपूरणीय क्षति : जिलाध्यक्ष

**रंका सहायक अध्यापक संघ के प्रखंड अध्यक्ष संजय कुमार भारती का निधन, लोगों ने किया शोक व्यक्त**

आजाद सिपाही संवाददाता



संजय कुमार भारती का फाइल फोटो

**रंका।** रंका प्रखंड सहायक अध्यापक संघ के अध्यक्ष सह प्राथमिक विद्यालय उल्का के प्रधान शिक्षक संजय कुमार भारती का आकस्मिक निधन सोमवार को 11:30 बजे रात्रि में उनके आवास तमगेकला में हो गई। वे पिछले एक मांह से बीमार चल रहे थे। उनका ईलाज रांची से हो रहा था। किन्तु नियति को कुछ और ही मंजूर था। उनके निधन के समाचार सुनते ही शिक्षा विभाग के विभिन्न विद्यालयों के प्रधान शिक्षकों, प्रधानाध्यापकों, सहायक शिक्षकों ने गहरा दुःख व्यक्त करते हुए उनकी आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की है और दुख की इस घड़ी में उनके परिवार जनों को साहस और धैर्य प्रदान करने की कामना की है। उनके निधन पर सहायक अध्यापक संघ के जिलाध्यक्ष घनश्याम ठाकुर ने शिक्षक संगठन को अपुरनिये क्षति बताते हुए उन्होंने कहा है कि श्री भारती हमेशा तत्परता के साथ संगठन में योद्धा की तरह काम करते थे। उनके निधन पर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रंभा चौबे, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी संतोष कुमार दूबे, लेखापाल अभय कुमार, विनोद ठाकुर, आनंद कुमार, रामबदन राम, बीआरपी मेहबूब अंसारी, सीआरपी प्रदीप एक्का, पंकज कुमार गुप्ता, संजय प्रसाद, देवेंद्र नाथ उपाध्याय, शिक्षक धीरज सिंह, जिलाध्यक्ष घनश्याम ठाकुर, शशि भूषण कुमार, इरफान अंसारी, सुनिल यादव, राजकुमार यादव, नंदु उरांव, विनय प्रसाद, इंद्र देव सिंह, दिवाकर, राकेश तिवारी, सद्दाम, पिंटू, मनोज, राजेश चौबे सहित काफी संख्या में शिक्षकों ने गहरा शोक संवेदना व्यक्त किया है।

# अस्पताल में भर्ती मरीजों को गर्मी से राहत दिलाने की मांग उपायुक्त से की

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** सदर अस्पताल में भर्ती मरीजों को गर्मी से राहत दिलाने के लिए विधायक प्रतिनिधि कंचन कुमार साहू ने डीसी, स्थानीय विधायक, सिविल सर्जन को मांग पत्र देकर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग किया है। डीसी को दिये गये मांग पत्र में कहा है कि विगत कई दिनों से जिले में प्रचंड गर्मी पड़ रही है, उसके बाद भी सदर अस्पताल में भर्ती मरीजों को गर्मी से राहत देने के लिए जरूरी उपकरण अथवा उचित कार्य नहीं किया जाना कहीं न कहीं मरीजों के प्रति घोर लापरवाही है। विधायक प्रतिनिधि स्वास्थ्य विभाग ने आवेदन में कहा है कि स्वास्थ्य विभाग के द्वारा अति असंवेदनशीलता का परिचायक है। मांग पत्र में कहा है कि विगत वर्ष सभी वार्डों में कूलर के माध्यम से राहत दिलाने का प्रयास किया जा रहा था, परंतु इस बार वह भी उपलब्ध नहीं हैं। विगत वर्ष में जो कूलर उपलब्ध थे वह अभी तक वार्डों में पुनः उपलब्ध क्यों नहीं कराये गये या वह कूलर इस समय कहां रखे गये हैं। उन्होंने कहा कि यथाशीघ्र सभी वार्डों को वातानुकूलित करने की दिशा में उचित कार्रवाई करें, ताकि भीषण गर्मी में भर्ती मरीजों को राहत मिल सके।

## पूर्व मुखिया ने हुरदाग भुइयां टोला में खराब पड़े चापाकल को निजी खर्च से बनवाया



**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका प्रखंड अंतर्गत सोनदाग पंचायत के पूर्व मुखिया सह झामुमो महिला मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष मालती देवी ने हुरदाग गांव के भुईयां टोला में पिछले कई महिनों से खराब पड़े डीप बोर चापाकल को अपने निजी खर्च से बनवाया। इस भीषण गर्मी में उत्पन्न पेयजल समस्या से लोगों को निजात दिलाने का सरहनीय कार्य किया है। ज्ञात हो कि इस भुईयां टोला में डीप बोर चापाकल को खराब हो जाने से पानी पीने की समस्या से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। भारी तापमान को देखते हुए मालती देवी ने इसे बनवाने का काम किया। इस डीप बोर चापाकल को बन जाने से भुईयां टोला के लोगों में खुशी है। इसके लिए लोगों ने मालती देवी के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# परिवार क्लिनिक का हुआ उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



**श्री बंशीधर नगर।** चेचरिया स्थित मेन रोड पर परिवार क्लिनिक का उद्घाटन मंगलवार को हुआ। उद्घाटन वरिष्ठ झामुमो नेता ताहिर अंसारी और शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष कमलेश्वर पांडेय ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस दौरान ताहिर अंसारी ने कहा की शहर में एमबीबीएस डॉक्टरों की कमी थी। जिस कारण इलाज के लिए लोगों को बाहर जाना पड़ता था। जिससे समय के साथ पैसा भी अधिक खर्च होता था। इस क्लिनिक में 3 विशेषज्ञ डॉक्टर सेवा देंगे जो सराहनीय है। अस्पताल संचालक सौरभ पांडेय और उज्ज्वल कुमार ने बताया कि अस्पताल में एमडी डॉक्टर डीबी चक्रवर्ती, स्त्री रोग विशेषज्ञ एमबीबीएस डॉक्टर सुष्मिता सिंह और एमबीबीएस डॉक्टर गोखुल प्रसाद सेवा देंगे। जिससे लोगों को अब शहर के बाहर इलाज के लिए नही जाना पड़ेगा। इस दौरान झामुमो नेत्री किरण देवी, झामुमो अनुमंडल अध्यक्ष मुक्तेश्वर पांडेय, तारकेश्वर पांडेय, सुधीर प्रसाद जायसवाल, रजनीकांत देव, डॉक्टर प्रवीण मिश्रा, डॉक्टर आलोक पांडेय, मृगेंद्र सिंह, पंकज सिंह, शमीम खान, महमूद आलम सीनियर, दिलीप, विवेक सिंह, अनुरंजन, कैसर आलम सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# जिस कुआं की खुदाई हो गयी है, उसे 30 जून तक हर हाल में पूर्ण करें : पशुपतिनाथ

आजाद सिपाही संवाददाता

**धुरकी।** धुरकी प्रखंड कार्यालय के सभागार में मंगलवार को उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा की अध्यक्षता में प्रखंड में चल रहे सभी तरह के विकास योजनाओं को लेकर समीक्षा बैठक की गयी। इस दौरान उन्होंने सर्वप्रथम अबुआ आवास योजना का समीक्षा करते हुए कहा कि जिन लोगों को पहली किस्त की राशि दी गयी है, वे लोग उसके अनुरूप कार्य कर दिये हैं, तो कार्य प्रगति को देखते हुए दूसरी किस्त की राशि भी उन्हें दिया जाये।

वहीं प्रखंड में चल रहे बिरसा हरित क्रांति योजना के तहत कुप का भी समीक्षा किया और कहा कि जिस कुआं की खुदाई हो गयी है, उसे 30 जून तक हर हाल में पूर्ण करें नहीं तो बरसात होने पर कूप की खुदाई गिर सकती है, जिससे सरकार के राजस्व का नुकसान होगा। वहीं पीएम आवास योजना का भी समीक्षा किया।

उन्होंने समीक्षा के दौरान प्रखंड में बनायें जा रहे हैं, नये आंगनबाड़ी भवन का भी अध्यतन रिपोर्ट की समीक्षा की और कहा कि प्रखंड में अभी सबसे बड़ी समस्या पानी की सुनने को मिल रही है। इस पर निर्देश दिया कि पंचायत के मुखिया 15वीं वित्त की राशि से नियम संगत इसकी मरम्मती करें, ताकि पानी की समस्या दूर हो। वहीं सभी मुखिया पंचायत सचिव वह मनरेगा कर्मी को निर्देश दिया कि मनरेगा से संचालित सभी योजनाओं को बरसात आने से पूर्ण कार्य में तेजी लाकर योजनाओं को पूर्ण करें और अधिक से अधिक मजदूरों को रोजगार उपलब्ध करायें।

इस दौरान उन्होंने पंचायत समिति के साथ पंचायत के मुखिया को समन्वय बनाकर विकास योजना में सहभागिता निभाने को कहा। इस दौरान बैठक में बीडीओ जुल्फिकार अंसारी, प्रखंड प्रमुख शांति देवी, जिला परिषद सदस्य संगीता कुमारी, उप प्रमुख धर्मेंद्र यादव, मुखिया महबूब अंसारी, शंभू प्रसाद गुप्ता, रघुनाथ सिंह, सगुनी राम, अजरून निशा, नजारा बीवी, अंजू देवी, अनिल देवी ,के अलावा सभी पंचायत समिति सदस्य और सभी पंचायत सचिव, रोजगार सेवक स्वयंसेवक बैठक में शामिल थे।

## जिले में केंदू पत्ता तोड़ाई में लगे मजदूरों को कम मजदूरी भुगतान करने की शिकायत



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** बरडीहा प्रखंड जिला परिषद सदस्य सह वन और पर्यावरण सभापति अर्चना प्रकाश ने जिले में हो रहे केंदू पत्ता तोड़ाई में लगे मजदूरों को कम मजदूरी भुगतान करने की शिकायत उपायुक्त गढ़वा, उत्तरी वन प्रमंडल पदाधिकारी, लघु वन प्रमंडलीय प्रबंधक और जिला श्रम अधीक्षक को पत्र के माध्यम से किया है। उन्होंने अपने शिकायत पत्र में कहा है कि गढ़वा पीडी, भवनाथपुर ए और गढ़वा पीए में संवेदक और विभागीय मिलीभगत से मजदूरों को कम मजदूरी देकर केंदू पता तोड़ाई कार्य कराया जा रहा है, जो सरासर मजदूरों के साथ आर्थिक शोषण है। अर्चना प्रकाश ने कहा कि विभागीय बड़े अधिकारी के जानकारी के बावजूद ऐसी हरकत बरदाश्त लायक नहीं है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि पहले किये गये कम मजदूरी का पैसा जोड़कर एक साथ सरकारी दर से मजदूरों का पैसा तीन दिन के अंदर भुगतान करते हुए दोषी व्यक्ति पर कानूनी कार्रवाई नहीं की गयी, तो केंदू पत्ता का भंडारण किसी कीमत पर नहीं होने देंगे। साथ ही यदि जरूरत पड़ी तो जोरदार आंदोलन करने पर विवश होना पड़ेगा।

# पेंशनर्स कल्याण समाज की बैठक में कल्याण कोष सशक्त बनाने पर चर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** झारखंड पेंशनर्स कल्याण समाज गढ़वा के अध्यक्ष के के यादव की अध्यक्षता में कार्यकारिणी समिति की बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में श्री यादव ने सभा को संबोधित करते हुए कहा की जिले में तापमान काफी बढ़ गया है। जिसके चलते बैठक में उपस्थिति काफी कम है।वैसे इस भीषण गर्मी से बुजुर्गो को बचना चाहिए। आज के बैठक में कल्याण कोष की मजबूती, सदस्यता अभियान और अन्य विषयो पर समीक्षा की जानी है ।चुनाव लगभग समाप्ति पर है। हमारे संगठन के लोगों ने चुनाव में अपने मतों का प्रयोग खुलकर के किया है। इसके लिए सभी बधाई के पत्र हैं। उन्होंने कहा कि बैठक में यदि किसी प्रकार की कोई समस्या हो तो आप सदन के समक्ष रख सकते हैं। मंच का संचालन असरफी राम सचिव, को दायित्व सोपा गया। सभा को संबोधित करने वालों में संतोष कुमार, कोषाध्यक्ष ने अपने कोश की जानकारी सभा के समक्ष रखा। संरक्षक सीताराम चौबे ने कहा कि संगठन में विगत बैठक की कार्यवाही की संपुष्टि में बहुत अच्छे विचार रखे गये हैं। इस पर विचार और मनन होना चाहिए। सर्व समिति से निम्नलिखित प्रस्ताव पारित किया गया। विगत बैठक की कार्रवाई की संपुष्टि की गयी। कोषाध्यक्ष द्वारा प्रस्तुत आये एवं व्यय का विवरण सर्व सम्मति से अनुमोदित किया गया। गर्मी के बाद सदस्यता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। कल्याण कोष में राशि जमा करने के लिए अनुरोध किया गया। कार्यालय की मरमती करने हेतु स्थानीय विधायक सह मंत्री मिथिलेश ठाकुर से मिल कर अनुरोध करने का निर्णय लिया गया। इस सभा में उपस्थित सीताराम चौबे, श्रवण कुमार, अशर्फी राम, संतोष कुमार, बृजनंदन प्रसाद, रामाधार प्रसाद यादव, सुदामा राम गोपाल राम, शशि कुमार ननकू यादव आदि के अलावे भी अन्य लोगों उपस्थित थे।


# प्रखंड कार्यालय परिसर में दो पक्षों में भूमि विवाद को लेकर मारपीट, चार गिरफ्तार

आजद सिपाही संवाददाता



**केतार।** प्रखंड क्षेत्र के परती पंचायत के भूमि विवाद में दो पक्षों के मारपीट में विष्णदेव प्रजापति, रामविलास प्रजापति के बयान पर केतार थाना में प्राथमिकी दर्ज की गयी। केतार थाना कांड संख्या 27/24 दिनांक 28 मई 2024, धारा 341/323/ 325/307/34 भादवि के अंतर्गत प्राथमिक अभियुक्त रामलाल प्रजापति, राम लखन प्रजापति, जगरनाथ प्रजापति, तीनों पिता मुंशी प्रजापति, मनोज प्रजापति, पिता रामलाल प्रजापति, सीनियर प्रजापति पिता राम लखन प्रजापति और बबलू प्रजापति पिता जगरन्नाथ प्रजापति ग्राम परती कुस्वानी के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है। उक्त कांड के प्राथमिक अभियुक्त मनोज प्रजापति, रामलाल प्रजापति, जगरन्नाथ प्रजापति, बबलू प्रजापति को केतार थाना गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बताते चलें की सोमवार को प्रखंड कार्यालय में अंचलाधिकारी के समक्ष दोनों पक्षों को बुलाकर दिये गये आवेदन के बाद दोनों पक्षों से कागजात की मांग की गयी थी। अंचलाधिकारी के फैसले से दोनों लोग मानने से इनकार किया। उसके बाद दोनों प्रखंड कार्यालय के गेट से बाहर होने के बाद तीखी नोकझोंक हुई और तीखी नोक झोक मारपीट में बदल गया। स्थानीय लोगों के द्वारा बीच बचाव कर दोनों पक्षों को लोगों को अलग कराया गया। इस घटना में एक पक्ष के विष्णु देव प्रजापति मुनीलाल प्रजापति गंभीर रूप से घायल हो गये। जिन्हें इलाज हेतु भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भेजा गया। वहां के चिकित्सकों ने बेहतर इलाज हेतु गढ़वा रेफर कर दिया। दूसरे पक्ष के राम लाल प्रजापति, लखन प्रजापति, जगरनाथ प्रजापति, बबलू प्रजापति, मनोज प्रजापति को पुलिस उठाकर कर थाना ले गयी। इस मामले में थाना प्रभारी रोशन कुमार वर्णमाला ने बताया कि मामला दर्ज कर चार अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार ने भवनाथपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण




**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** गढ़वा जिले के सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार ने भवनाथपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। सिविल सर्जन ने सीएचओ को अपने-अपने हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों में ड्यूटी करने का सख्त आदेश दिया। कहा कि संसाधन के मुताबिक अंतिम लोगों तक स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाने की जिम्मेवारी है,इसमें आप सभी ईमानदारी पूर्वक कार्य करें, अन्यथा कार्य में लापरवाही बरतने वालों पर कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कर्मियों को ड्रेस कोड में रहने समय के मुताबिक ड्यूटी करने सहित कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया। मौजूद कर्मियों ने एक स्वर से बंद पड़े एक्स-रे मशीन को चालू करने की मांग की। कर्मियों ने बताया कि प्रतिदिन दर्जनों एक्स-रे कराने वाले मरीजों को बाहर एक्स-रे कराना पड़ता ऐसे में अस्पताल में मौजूद एक्सरे मशीन अगर चालू हो जाता तो सुदूरवर्ती क्षेत्रों से अस्पताल में पहुंचने वाले गरीब तपके के मरीजों को लाभ मिलता। जिसपर सीएस ने एक सप्ताह के भीतर बंद पड़े एक्सरे मशीन को चालू करके क्षेत्र के मरीजों को चिकित्सा सुविधा देने का अश्वासन दिया। मौके पर प्रभारी डॉ रंजन दास, डॉ दिनेश कुमार, बीपीएम प्रदीप कुमार पाठक, अरूण लकड़ा, सुनील पटेल, अजीत कुमार आदि कर्मी उपस्थित थे।

# झारखंड में एक नये नेता का उदय!

- मात्र दो साल में ही एनडीए और इंडी के समक्ष खड़ी कर दी चुनौती
- स्थापित राजनीतिक दलों को सोचने पर कर दिया है मजबूर
- गिरिडीह, हजारीबाग, जमशेदपुर और रांची के लोगों में होने लगी है चर्चा

प्रशांत झा

**दुमका।** झारखंड में लोकसभा चुनाव अंतिम चरण में है। 1 जून को बची हुई तीन लोकसभा सीटों पर मतदान होगा। इसके बाद 4 जून को परिणाम आ जायेगा। राज्य में नवंबर-दिसंबर तक विधानसभा चुनाव होना है। यानी अगले एक-दो महीने के अंदर राजनीतिक गतिविधियां एक बार फिर तेज हो जायेंगी। लोकसभा चुनावा का परिणाम जो भी हो, लेकिन राज्य में एक नये नेता का नाम हर किसी की जुबान पर चढ़ रहा। उसने लोकसभा चुनाव में राज्य में अपनी पहचान कायम कर ली है। इस बात को नकारा नहीं जा सकता है कि झारखंड के राजनीतिक फलक पर एक नये नेता का उदय हो रहा है। उस नेता का नाम है जयराम महतो। लोकसभा चुनाव में वोटों के हिसाब से उनकी कितनी दखलंदाजी रही, यह तो 4 जून को परिणाम आने के बाद पता चलेगा, लेकिन हर दल के नेता के बीच उनके नाम को लेकर चर्चा हो रही है। लोकतंत्र में एक नये नेता का उदय जनता के लिए अच्छी बात है, लेकिन राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दल के लिए राजनीतिक रूप से खतरे की घंटी हैं, इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है। विधानसभा चुनाव में राजनीतिक दलों को इस पर सोचना होगा। खासकर आजसू और झामुमो को। ऐसा इसलिए, फिलहाल जयराम महतो के साथ आजसू और झामुमो के समर्थक वर्ग के लोगों का ही जमावड़ा हो रहा है, इसे इस तरह कह सकते हैं कि आजसू और झामुमो जिनको अपना आधार वोट मानता है, उनके बीच ही जयराम महतो की लोकप्रियता बढ़ी है। वहीं, भाजपा और कांग्रेस को भी अपने गठबंधन को लेकर नये सिरे से विचार करना होगा।



### कौन हैं जयराम महतो:

झारखंड दशकों से क्षेत्रीय राजनीति की प्रयोगशाला रहा है। यहां के क्षेत्रीय और स्थानीय मुद्दों को लेकर कई पार्टियां और मोर्चे बनते रहे हैं। जयराम महतो युवा नेता हैं। पिछले तीन साल से जयराम ने 1932 खतियान आधारित स्थानीयता, क्षेत्रीय भाषा, रोजगार आदि लागू करने को लेकर संघर्ष शुरू किया है। राजनीति में प्रवेश करने से पहले इन मुद्दों को लेकर 50 से अधिक सभाएं की। आंदोलन किया। प्रदर्शन किया। धीरे-धीरे उनके साथ युवाओं की टोली जुट गयी। इसके बाद उन्होंने संघर्ष के लिए राजनीति में प्रवेश करने का विचार किया। बीते साल जून में उन्होंने एक नयी पार्टी 'झारखंडी भाषा-खतियान संघर्ष समिति (जेबीकेएसएस)' का गठन किया। वह इस दल के अध्यक्ष हैं। उन्होंने पार्टी गठन के बाद लोकसभा और विधानसभा चुनाव में युवाओं की राजनीति करने का एलान कर दिया। उन्होंने कहा कि झारखंड से दिल्ली तक आवाज उठाने की जरूरत है। युवाओं को सदन में भेजना होगा। हमें नीति और नियत दोनों बदलनी होगी। यह नया नेता सीधी-सरल और स्थानीय भाषा में भाषण देता है, जिससे स्थानीय लोगों से सीधा जुड़ाव होता है। उन्हें सुनने के लिए भारी संख्या में युवा और अन्य लोग पहुंचते हैं। इस चुनाव में यह भी देखने को मिला कि संसाधन में भी जयराम महतो किसी से बहुत पीछे नहीं रहे। अभी भी जयराम महतो का कारवां निकल रहा है और उस काफिले में कम से कम दस गाड़ियां चल रही हैं। 18 साल से लेकर 25 साल तक के युवा जयराम महतो की टोली में शामिल हो रहे हैं।

### लोकसभा चुनाव में मौजूदगी दिखा रहे:

धनबाद के तोपचांची इलाके के निवासी जयराम महतो ने राज्य में 'युवा टाइगर' के नाम से पहचान बना ली है। राजनीति में प्रवेश से पहले के आंदोलन में राज्य भर के युवा भारी संख्या में इनके साथ देखे गये। संघर्ष को अंजाम तक पहुंचाने के लिए राजनीतिक दल का गठन कर लिया। इसके बाद लोकसभा चुनाव 2024 से राजनीतक चौसर में उतर गये। जयराम खुद गिरिडीह से चुनाव लड़ रहे। वहीं, रांची, दुमका, हजारीबाग, जमशेदपुर और धनबाद से अपनी पार्टी जेबीकेएसएस से युवा प्रत्याशियों को मैदान में उतारा है। यह युवा नेता सोशल मीडिया पर बेहद लोकप्रिय हो रहा है। उनके वीडियो को यू-ट्यूब और फेसबुक पर काफी व्यूज मिल रहे। झारखंड में राजनीति के जो जातीय समीकरण हैं, वह जयराम महतो के कद और प्रभाव को विस्तार देने वाला है। वह कुर्मी जाति से आते हैं। राज्य की राजनीति में आदिवासियों के बाद कुर्मी जाति का सबसे ज्यादा प्रभाव माना जाता है। हालत यह है कि कहने वाले तो यहां तक कह रहे कि गिरिडीह में झामुमो के प्रत्याशी मथुरा महतो से अगर जयराम महतो आगे निकल जायें, तो आश्चर्य करनेवाली बात नहीं होगी। इस बात की सच्चाई पर से परदा तो चुनाव परिणाम आने के बाद ही उठेगा, लेकिन एक नया युवा नेता के बगैर किसी बड़े राजनीतिक बैनर के इतनी भी धमक कम नहीं है।

### राजनीतिक दल सोचने को मजबूर:

जयराम महतो निर्दलीय चुनाव मैदान में हैं। भाजपा, कांग्रेस से लेकर झामुमो और आजसू तक के नेताओं के बीच यह चर्चा का विषय है। लोकसभा चुनाव ज्यों-ज्यों आगे बढ़ रहा, इस युवा नेता को लेकर राजनीतिक दल के नेताओं की चिंता की लकीरें बढ़ रहीं। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि सबसे अधिक खतरा आजसू को है। क्योंकि आजसू के जातीय समीकरण में सबसे ज्यादा सेंधमारी होगी। झामुमो को भी सोचना होगा। क्योंकि कई इलाकों में उसके कुर्मी समीकरण पर असर पड़ेगा। वहीं, भाजपा को भी सोचना होगा, क्योंकि आजसू उसका सहयोगी दल है। विधानसभा चुनाव में निश्चय ही आजसू के साथ भाजपा का कई सीटों पर समझौता होगा। इन सीटों पर भी भाजपा को जीत सुनिश्चित करनी होगी। लिहाजा जयराम के बारे में भाजपा को भी सोचना होगा।

# ढांकदार बजाने वाले लोहरदगा के मशहूर लुपु महली का निधन

**आंजन धाम समिति ने जताया दुख, बोले-'महफिल में आयेंगे याद**

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** ढांकदार की दुनिया के मशहूर बजाने वाले लोहरदगा जिला के सेन्हा थाना क्षेत्र के सिठियो गांव निवासी लूपु महली का मंगलवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन पर लोहरदगा आंजन धाम समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश सिंह उर्फ पप्पू ने शोकाकुल परिवारों से मुलाकात कर अपनी ओर से गहरी संवेदना प्रकट किया। समिति शोकाकुल परिवारों के दुख के घड़ी में उनके साथ खड़ा है। वहीं बता दे की लूपु महली शादी - विवाह से लेकर बड़े-बड़े कार्यक्रमों में ढांकदार बजाने का काम करते थे। उनके निधन से पूरे लोहरदगा क्षेत्र में अशोक का माहौल है। मौके पर शोक व्यक्त करने वालों में सांसद सुदर्शन भगत, पूर्व सांसद समीर उरांव, समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश सिंह उर्फ पप्पू, मुख्य संरक्षक दिवाकर पाठक, कोषाध्यक्ष मनीष राजगढ़िया, मुखिया शोभा देवी, रिपुसूदन साहू, मनी रतन भगत, सुजीत भगत समेत अन्य शामिल है।



फाइल फोटो : लूपु महली

# मासिक धर्म स्वच्छता दिवस पर जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**किशोर और युवा वर्ग बढ़ चढ़ कर हुए शामिल**

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** जिला स्वास्थ्य विभाग के निदेर्शानुसार और सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज (सी 3) के तकनीकी सहयोग से लोहरदगा के विभिन्न प्रखंडों के उपस्वास्थ्य केंद्र, युवा मैत्री केंद्र और आंगनबाड़ी केंद्रों में मासिक धर्म स्वच्छता दिवस का आयोजन किया गया। किशोर किशोरियों के बीच माहवारी पर जागरूकता सत्र, वाद विवाद सत्र, स्लोगन लेखन आदि का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य उपकेंद्रों और आंगनवाड़ी केन्द्रों पर एएनएम, सहिया, सेविका और सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज (सी 3) के द्वारा किशोरियों को माहवारी के दौरान व्यक्तिगत स्वच्छता रखने हेतु समझाया गया तथा साफ सूती कपड़े या सेनीटरी नेपकिन का इस्तेमाल और नेपकिन के उपयोग के बाद उसका विसर्जन के बारे में विस्तार से बताया गया। विभिन्न गतिविधियों के द्वारा किशोरियों के बीच यह संदेश दिया गया कि माहवारी एक स्वाभाविक प्रक्रिया है और इस विषय पर हमें खुल कर बात करनी चाहिए।

कार्यक्रम के अंत में सभी किशोर किशोरियों ने उत्साह के साथ नारा लगाया 'पीरियड फ्रेंडली वर्ल्ड' और 'माहवारी पर चुप्पी तोड़ो स्वस्थ जीवन से नाता जोड़ो' इस आयोजन में युवा मैत्री केंद्र के सलाहकार सीता लिंडा, आर के एस के बीटीटी, सहिया, सेविका एएनएम और कुल 132 किशोर और 375 किशोरी शामिल हुए। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सेंटर फॉर केटलाइजिंग की टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



# दो बाइकों की टक्कर में पांच घायल, एक रिम्स रेफर



आजाद सिपाही संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा।** चमडू साप्ताहिक सोमवार बाजार के समीप दो बाइक की टक्कर में दो युवती सहित पांच लोग घायल हो गये। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से निजी वाहन द्वारा सभी को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं एक अधेड़ व्यक्ति की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। वहीं घायल की पहचान घाघरा थाना क्षेत्र के ईचा नवा टोली निवासी सातो भगत के 40 वर्षीय पुत्र धर्मेंद्र उरांव तथा सेन्हा थाना क्षेत्र के सांभरी निवासी काशीनाथ मुंडा के पुत्र धर्मराज मुंडा के रूप में किया गया है। जबकि समाचार लिखे जाने तक अन्य तीन लोगों (दो युवती और एक युवक) की पहचान नहीं हो सका था। वहीं सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार धर्मेंद्र उरांव के सर पर गंभीर चोट होने के कारण सदर अस्पताल लोहरदगा में चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया है। जबकि अन्य लोगों को इलाज के बाद घर भेज दिया गया।

## पशु को बचाने में युवक घायल, रेफर

**बरवाडीह (आजाद सिपाही)। बरवाडीह थाना क्षेत्र के बेतला कुटमु रोड के आईटीआई कॉलेज के समीप पशु को बचाने के चक्कर में मोटरसाइकिल सवार सड़क दुर्घटना का हुआ शिकार गंभीर रूप से हुआ गया। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार चुंगरु पंचायत के नावाडीह निवासी बागेश्वर भुइयां के 19 वर्षिय पुत्र बीरेंद्र भुइयां मंगलवार को अपने घर से अखरा अपने ससुराल जा रहा था। तभी दुर्घटना का शिकार हो गया। वहीं चिकित्सक डॉ अनुपमा एक्का ने बताया कि सर में 14 टांके लगे है और एक दाहिना पैर फैक्चर होने के कारण बेहतर इलाज के लिए एमएमसीएच मेदिनीनगर रेफर कर दिया गया।**

# इंटर डिस्ट्रिक्ट कबड्डी मैच का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** मंगलवार को बरवाटोली स्थित नगर भवन लोहरदगा में इंटर डिस्ट्रिक्ट कबड्डी मैच प्रतियोगिता का आयोजन होप और लोहरदगा ग्राम स्वराज संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में टीडीएच कोलकाता के सहयोग से किया गया। इस अवसर पर टीडीएच कोलकाता से श्रेया दास आयी हुई थी। कार्यक्रम में मंच का संचालन राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक गणेश लाल के द्वारा किया गया। यह कार्यक्रम कबड्डी का एंपावरमेंट किशोरियों के सुरक्षा हेतु लगातार 3 वर्षों से लोहरदगा और रांची जिला के बेड़ो के पंचायतों में होप तथा लोहरदगा ग्राम स्वराज संस्थान के द्वारा कबड्डी द्वारा किशोरियों की सुरक्षा के लिए पहल की गयी। इसमें रांची जिला के दो टीम अंडर 14 और अंडर 18 तथा लोहरदगा जिला के दो टीम अंडर 14 और अंडर 18 ने कबड्डी टूर्नामेंट में भाग लिया। इस टूर्नामेंट में होप की टीम अंडर 14 और अंडर 18 दोनों विनर हुए तथा लोहरदगा ग्राम स्वराज संस्थान की दोनों टीम रनर हुई। इस अवसर पर होप के अध्यक्ष मुंता तिर्की, पूपेन एक्का, करगे स्कूल की प्रधानाध्यापिका बसंती हेरेंज, खुखरा स्कूल से ममता तिग्गा, दीघिया जनता स्कूल की प्रधानाध्यापिका मुक्ति खलखो, पूर्व वार्ड कमिश्नर जॉर्ज केरकेट्टा, शिक्षक दीपक, नूतन लकड़ा जिला बाल संरक्षण ईकाई से अनुरंजन इत्यादि उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम में अरविंद वर्मा, उज्जवल कुशवाहा, रुपेश, संतोष, सोनम, पूनम इत्यादि ने सहयोग किया।



# रेल विद्युत कर्षण केंद्र में नया ट्रांसफॉर्मर स्थापित

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** धनबाद रेल मंडल के बरवाडीह रेलवे स्टेशन में रेल विद्युत ट्रेन परिचालन(ओएचई) हेतु बनाये गये विद्युत कर्षण केंद्र टीएसएस (132केवी) के बदले में मालगाड़ियों के परिचालन हेतु बनाये जा रहे थर्ड रेलवे लाइन का निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद मालगाड़ियों का सफल परिचालन हेतु पुराने कर्षण केंद्र लगाये गये 132केवी के जगह पर नवीन उन्नत ट्रांसफार्मर 30/42 एमवीए का सफलता पूर्वक लगा कर टेस्टिंग किया गया। इस कार्य को सफलता पूर्वक अधिष्ठापित करने के लिए मेसर्स कल्पतस इंटरनेशनल प्रोजेक्ट लिमिटेड के परियोजना प्रबंधक पंकज कुमार ओएचई/पीएसआई के साथ उनके टीम के सदस्य निवास जैन, मथुन घोष द्वारा ट्रांसफार्मर लगाये जाने के बाद इसकी सफलता पूर्वक संचालन किया गया। मौके पर अधिकारियों ने बरवाडीह विद्युत कर्षण केंद्र का निरीक्षण भी किया। इस कार्यक्रम में रेलवे के अधिकारी सिद्धकी साहब, वकील खां, मोहमद अहसन खान, महेंद्र साहू, कमलेश कुमार, संजय कुमार, मो अशफाक खान समेत थर्ड रेलवे लाइन निर्माण कार्य में लगे रेल विकास निगम कंपनी के रवि कुमार, सचिन गोस्वामी, अभिषेक, विशाल, सुधीर का सहयोग रहा।



## फाइलेरिया रोग के संचरण को लेकर आकलन करें : डीसी



**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार फाइलेरिया उन्नमूलन कार्यक्रम के तहत मंगलवार को रात्रि रक्त-पट्ट संग्रहण के सफलतापूर्वक क्रियान्वयन हेतु उपायुक्त गरिमा सिंह के निर्देशानुसार जिला समन्वय समिति की बैठक समाहरणालय सभागार में संबंधित पदाधिकारियों के साथ आहूत की गयी। उक्त बैठक में लातेहार जिला अंतर्गत सभी प्रखंडों के चयनित ग्रामों में रात्रि रक्त-पट्ट संग्रह कार्य किया जाना है, ताकि जिले में फाइलेरिया रोग के संचरण की स्थिति का आकलन किया जा सके। इसके सफल क्रियान्वयन को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक में अपर समाहर्ता रामा रविदास, असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अवधेश सिंह, सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक भीबीडी सलाहकार, जिला कार्यक्रम प्रबंधक संबंधित अन्य उपस्थित थे।

## सौतेली मां पर जानलेवा हमला करने वाला युवक गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**भंडरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के पोड़हा गांव में नशे से धुत युवक द्वारा अपनी सौतेली मां पर धारदार हथियार से हमला कर घायल करने वाले आरोपी युवक को भंडरा पुलिस ने गिरफ्तार कर मंगलवार को लोहरदगा जेल भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि नशे में धुत जोगिंदर उरांव ने अपनी सौतेली मां वीणा उरांव के पैर में दबिया से वार कर घायल कर दिया। इस घटना की सूचना मिलते ही भंडरा थाना पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर घायल स्वर्गीय सौमा उरांव की पत्नी वीणा उरांव 60 वर्ष व आरोपित जोगिंदर उरांव को इलाज के लिए भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया था। आरोपित जोगिंदर उरांव से घटना के संबंध में पूछने पर उसने ऐसा क्यों किया, तो उसका कहना था कि उसके खेत में लगाये गये फसल को मवेशियों द्वारा बर्बाद कर दिया जाता है। इसी बात को लेकर मानसिक तनाव में थे। इधर भंडरा पुलिस आरोपी युवक जोगिंदर उरांव पर भंडरा थाना कांड संख्या 29/24 के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लोहरदगा जेल भेज दिया।

# चोरों के लिए धंधे का जरिया बन गये हाइ टेंशन टावर, पुलिस बेखबर

**क्यों नहीं रूक पा रही हाई टेंशन टावर अवैध रूप से कटिंग**

मुकेश कुमार सिंह

**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार जिले के चंदवा थाना क्षेत्र में एक संगठित गिरोह द्वारा हाइटेंशन टावर को गिराकर कटिंग कर बेचा जा रहा है। इस गिरोह में अपराधी, उग्रवादी, कबाड़ी दुकानदार और माफिया शामिल हैं। इन सबों को पुलिस का संरक्षण प्राप्त है। यहीं कारण है कि सूचना के बाद भी पुलिस न तो उस स्थान पर जाती भी नहीं है और न ही अवैध परिवहन को रोकती है। ताजा मामला रविवार की रात का है। चंदवा थाना क्षेत्र के हुटाप गांव में लगाये गये टावर को अपराधियों ने गिरा दिया। इसके बाद गैस कटर के माध्यम से लोहे को काटकर पिकअप के माध्यम से चंदवा के कबाड़ी दुकान में भेज दिया गया। इस कार्य में 25 अपराधियों की टीम लगी रहती है। इसकी सूचना भी पुलिस के वरीय अधिकारी को सोमवार की शाम को दी गयी। लेकिन आश्चर्यजनक बात यह रही कि जब पिकअप वैन से लोहा निकलकर कबाड़ी दुकान के लिए चला जाता है। एक महीने में चिरो मे एक और दो टावर हुटाप में गिराया गया। टावर गिराकर बेच दिया गया। उस समय भी पुलिस को सूचना दी गयी थी, लेकिन पुलिस उधर जाना भी मुनासिब नहीं समझा। गौरतलब हो कि पूरे प्रखंड क्षेत्र में एस्सार पावर प्लांट द्वारा टावर लगाए गये थे। जिसका उद्देश्य बिजली आपूर्ति करना था। लेकिन एस्सार पावर प्लांट के बंद होने के बाद यह लावारिस हो गया। जिसके बाद माफियाओं की नजर इस पर पड़ी। पिछले लगभग तीन साल के अंदर 30 से अधिक हाई टेंशन टावर का कटिंग हो गया है।



**क्या कहते हैं लातेहार एसडीपीओ**

**इधर इस संबंध में लातेहार एसडीपीओ संतोष कुमार ने कहा कि चंदवा के थाना प्रभारी को बोला हूं। जो लोग इस कार्य मे शामिल होंगे उसे चिन्हित कर कानूनी कार्रवाई की जायेगी। पुलिस गिरोह के सक्रियता पर नजर बनाये है।**

जो आज भी जारी है। हाई टेंशन टावर को जमीन से गैस कटर से कटकर गिराने का एक गिरोह कई सालों से कार्य कर रहा है। इसमें कई लोग अलग-अलग क्षेत्र में कई ग्रुप मिलकर इस कार्य को अंजाम देते हैं। चंदवा प्रखंड के माल्हन पंचायत जमीरा पंचायत हुटाप पंचायत चकला पंचायत चेतर पंचायत के क्षेत्रो में आज भी हाई टेंशन टावर लगातार कटिंग हो रही है। अभी हुटाप पंचायत में टॉवर कटिंग जारी है। इसमें कबाड्डी दुकानदारों का अहम भूमिका होती है। चोर गिरोह को सारे व्यवस्था कबाड्डी दुकानदारों के द्वारा चोर ग्रुप को दी जाती है।जो योजना बनाकर जिस क्षेत्र में हाई टेंशन टावर है। उसे गैस कटर से कटकर पहले तो जमीन पर गिरा दिया जाता है और धीरे-धीरे हाई टेंशन टावर के लोहे को गैस कटर से कटकर पिकअप वैन जैसे छोटी गाड़ियों में लाद कर बालूमाथ, चंदवा, कुडू, लोहरदगा जैसे जगह पर भेज दिया जाता है। ऐसे कार्य को लगातार चोर गिरोह अंजाम देते आ रहे हैं। परंतु चंदवा पुलिस इस हाई टेंशन टावर को गिरा कर बेचने वाले गिरोह को अभी तक धर दबोचने में नाकाम साबित हुई है। कुछ दिन पूर्व चंदवा प्रखंड के हुटाप पंचायत के समीप एक योजना बनाकर एक टावर को कटिंग कर गिरा दिया गया और महज 15 दिनों के अंदर उस टावर को गैस कटर से काटकर कुछ भाग को बेच दिया गया। पुलिस इसको भी नजर अंदाज करती दिखाई दे रही है। इधर चोर के साथ-साथ कबाड़ी दुकानदारों की बल्ले बल्ले हो रही है।

कंपनी को एक टावर लगाने में एक करोड़ 12 लाख रुपये खर्च आए थे। जिसका बीमा भी इतनी ही राशि का हुआ था। अब बीमा कंपनी टावर की बीमित राशि इस लिए नहीं कि टावर माफिया गिरोह द्वारा काटा जाता है। टावर में 21 मिट्रिक टन लोहा होता है। जिसमे माफिया 8 लाख रुपये में बेच देते है। कबाड़ी दुकानदार 38 रुपये किलोग्राम की दर से खरीदते हैं। माफिया को एक टावर काटने में पांच लाख रुपये का मुनाफा होता है। शेष तीन लाख की राशि मैनेजर और मजदूर को देने में खर्च होता है। टावर काटने वाले गैस कटर वाले को तीन रुपये प्रति किलोग्राम की दर से भुगतान किया जाता है, जबकि मजदूरों को एक हजार रुपये दिहाड़ी दी जाती है। यह बात एक कारोबारी ने ही बताया है, जिसका साक्ष्य उपलब्ध है।

## जिला स्तरीय स्वास्थ्य प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न




**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार स्वास्थ्य विभाग के तत्वाधान में स्थानीय श्रीराम वाटिका परिसर में जिला स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन सेवानिवृत सिविल सर्जन डॉ एसपी शर्मा, सिविल सर्जन डॉ अवधेश कुमार सिंह और जिला यक्ष्मा पदाधिकारी और डॉ शोभना टोप्पो ने संयुक्त रूप से दीप जला कर कार्यक्रम चालू किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में राज्य के पदाधिकारी और अन्य कंसलटेंट प्रशिक्षकों ने बताया कि जुलाई माह में व्यस्क बीसीजी का टीका अभियान चलाया जायेगा। टीबी रोगियों को रोकथाम के लिए व्यस्कों को बीसीजी का टीका लगाया जा रहा है, जिसमें टीबी रोगियों के संपर्क वाले और पास पड़ोस के लोग प्राथमिकता के तौर पर 18 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को दिया जाना है। उन्होंने यह भी बताया कि पिछले पांच वर्षों में टीवी से ग्रसित लोग और उनके निकट संपर्क में रहने वाले लोग बुजुर्ग नागरिक कुपोषित व्यक्ति, वर्तमान या अतीत में धूम्रपान करने वाले लोग, मधुमेह और एचआईवी रोगियों को बीसीजी का टीका लगाया जाना है।

## चिंता : एनएच 98 पर तारकोल पिघलकर जगह-जगह बने गड्ढे

हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)। भीषण गर्मी के चलते शहर के राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच)- 98 सड़क के कई जगहों पर तारकोल पिघलकर इकट्ठा होने से लगातार दुर्घटनाएं हो रही है। एनएच 98 पर उबड़ खाबड़ गड्ढे बड़ी घटना को न्योता दे रहे है और प्रशासन मौन है। मंगलवार को छत्तरपुर थाना क्षेत्र के लठेया की एक महिला अपने पति के साथ बाइक पर सवार होकर हरिहरगंज की ओर जा रही थी। तभी श्री शनि साईं मंदिर के पास गड्ढे में अनियंत्रित होकर गिर गई। जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी। इससे पहले नौडीहा बाजार की एक महिला अपने बच्चे को इलाज कराने के लिए जा रही थी और बाइक गड्ढे में गिरकर घायल हो गई। महिला के साथ 5 महीने का बच्चा भी घायल हो गया था। इस तरह की अब तक 10 से 12 छोटी घटनाओं में दो पहिया वाहन चलाने वाले गिरकर घायल हो चुके हैं। यह शहर के श्री शनि साईं मंदिर, न्यू एवं पुरानी बस स्टैंड के पास तारकोल पिघलकर इकट्ठा हुआ है। जिससे मुख्य सड़क पर उबड़ खाबड़ गड्ढा हो गया है।फिलहाल तो छोटी घटना हो रही है, लेकिन बड़ी घटना से इनकार नहीं किया जा सकता।

**नाराजगी : मोनू मिश्रा के अपहरण और हत्या से परिजनों-ग्रामीणों में आक्रोश**

# हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर ग्रामीणों ने थाना घेरा, प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** विश्रामपुर थाना अंतर्गत नावाडीह कला ओपी क्षेत्र के छिपादोहर गांव निवासी मोनू मिश्रा के कथित अपहरण और हत्या का मामला अब तुल पकड़ने लगा है। हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर ग्रामीणों ने मंगलवार को विश्रामपुर थाना के समक्ष सांकेतिक प्रदर्शन किया। ग्रामीण अपहरण और हत्या में शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी और नावाडीह कला ओपी प्रभारी पर विभागीय कार्रवाई की मांग कर रहे थे। ग्रामीणों का आरोप था कि नावाडीह कला ओपी और विश्रामपुर पुलिस ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया। प्राथमिकी दर्ज कराने के बाद भी नामजद आरोपियों पर कार्रवाई की बात तो दूर उनसे कड़ाई से पूछताछ भी नहीं की गई। पुलिस शव भी ढूंढने में नाकाम रही। इस पर थाना प्रभारी सौरभ चौबे ने ग्रामीणों से कहा कि आरोपियों के गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापामारी कर रही है। जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा। थाना प्रभारी के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने प्रदर्शन खत्म किया। बताते चलें कि छिपादोहर निवासी चंद्रशेखर मिश्रा का 25 वर्षीय पुत्र मोनू मिश्रा विगत 10 मई से लापता था। जिसका कंकाल सोमवार को महुआखला पचघारा जंगल से बरामद हुआ था। अपहरण के बाद से मोनू के पिता चंद्रशेखर मिश्रा अपने बेटे की बरामदगी के लिए प्रतिदिन पुलिस के पास जाकर गुहार लगाते रहे। इस दौरान चंद्रशेखर मिश्रा नावाडीह कला ओपी व विश्रामपुर थाना का प्रति दिन चक्कर लगाते रहे। नावाडीह कला ओपी और विश्रामपुर पुलिस से मायूस होने के बाद वे पुलिस निरीक्षक से भी मिलकर अपनी व्यथा सुनाई। इसके बाद चंद्रशेखर मिश्रा पलामू एसपी से मिलने उनके कार्यालय भी गए, लेकिन चुनावी ड्यूटी के चलते मुख्यालय से बाहर होने के कारण उनकी मुलाकात एसपी से नहीं हो पाई। तब उन्होंने अपना आवेदन एसपी कार्यालय में जमा करा दिया था।



थाना के समक्ष प्रदर्शन करते मृतक के परिजन व ग्रामीण।

### कंकाल को फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा गया रिम्स अस्पताल

मोनू मिश्रा का कंकाल फॉरेंसिक जांच के लिए पुलिस ने रांची रिम्स अस्पताल में भेज दिया है। जानकारी के अनुसार विश्रामपुर पुलिस ने कंकाल को पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में भेजा था। नरकंकाल का पोस्टमार्टम या फोरेंसिक जांच की सुविधा यहां उपलब्ध नहीं होने के कारण उसे रांची के रिम्स भेजा गया। इधर मृतक के परिजन फॉरेंसिक जांच की लंबी प्रक्रिया को देखते हुए जंगल से मिले कंकाल के अवशेष हिस्से को संग्रह कर एक कृत्रिम पुतले के साथ दाह-संस्कार की प्रक्रिया मंगलवार को पूरी की।

# स्वच्छता के प्रति जागरूक और लू से बचाव करेगा सीबीसी का जागरूकता रथ

## डालटनगंज केंद्रीय संचार ब्यूरो का 5 दिवसीय जागरूकता अभियान

**नगर आयुक्त ने हरी झंडी दिखाकर रथ को किया रवाना**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** हाल के दिनों में पड़ रही भीषण गर्मी में लू से बचाव और स्वच्छ भारत अभियान को लेकर आम लोगों में जागरूकता फैलाने के लिए डालटनगंज केंद्रीय संचार ब्यूरो की ओर से मंगलवार को पांच दिवसीय जागरूकता अभियान शुरू किया गया। उपर्युक्त विषयों पर विशेष रूप से डिजाइन किए गए जागरूकता रथ को मेदिनीनगर नगर निगम के नगर आयुक्त मोहम्मद जावेद हुसैन से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ शहर के विभिन्न हिस्सों में घूम-घूम कर लोगों को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा बताए गए लू से बचाव के उपाय जैसे-खाने में तरल पदार्थ का इस्तेमाल बढ़ाने और हीट स्ट्रोक के लक्षणों को ध्यान में रखने, धूप और भीड़ भाड़ वाले स्थान में जाने बचने, खाने में स्वच्छता, पानी और छाया का ध्यान रखने आदि के बारे में जागरूक करेगा। गर्मी से संबंधित बीमारियां हल्की से लेकर गंभीर (हीट स्ट्रोक) तक हो सकती हैं। गर्मी के तनाव के लक्षणों में चक्कर आना, सर दर्द, अत्यधिक प्यास और तेजी से सांस लेना शामिल है। जागरूकता वाहन के जरिए खेल-खेल में स्वच्छ भारत अभियान को कैसे साकार कर सकते हैं इसके बारे में भी बताया गया है। जैविक और अजैविक कचरा को अलग करने के फायदे, सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल बंद करने, गंदगी कम करना और प्रदूषण कम करने के फायदों के बारे में भी जानकारी दी जा रही है। इस अवसर पर सीबीसी डालटनगंज के विभाग के कर्मियों और अधिकारियों ने महात्मा गांधी के स्वच्छता के प्रति समर्पण को याद करते हुए स्वच्छता शपथ ग्रहण किया और अपना श्रमदान करने का शपथ लिया। ज्ञात हो कि पूरे देश में भीषण धूप और लू से बचाव के लिए भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, ताकि लोग इस बढ़े हुए तापमान में अपना ख्याल रखें। सोशल मीडिया पर 'बीट से हिट' पर भी इस अभियान के बारे में जानकारी प्राप्त की जा सकती है। इस मौके पर क्षेत्रीय प्रचार सहायक मनोज कुमार, नगर निगम कार्यालय के धीरज कुमार, नीरज कुमार, सोनी कुमारी कार्यालय सहायक, सुरेश प्रसाद आदि उपस्थित रहे।



# संत मरियम के कराटे खिलाड़ी कर रहे कमाल, प्रधानाचार्य ने किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** कराटे के बेल्ट ग्रेडिंग में उतीर्ण हुए संत मरियम के बाल कराटेकारो को विद्यालय के प्रधानाचार्य कुमार आर्दश की ओर से मंगलवार को प्रार्थना सभा में बेल्ट व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही उनकी हौसला अफजाई की गयी। विदित हो कि पलामू मिक्स्सड मार्शल-आर्टस टाईगर्स एकेडमी के तत्वाधान में विगत दिनों एकदिवसीय बेल्ट ग्रेडिंग का आयोजन किया गया था जिसमें संत मरियम विद्यालय के कराटेकारों ने हिस्सा लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कई कराटेकारों ने विद्यालय का मान बढ़ाया था, जिसे लेकर उन्हें विद्यालय परिसर में सम्मानित किया गया। जिसमें आसिफ खान, अयान सिद्दीकी, आशीष कुमार शर्मा, प्रिंस कुमार यादव को ऑरेंज बेल्ट, ओम प्रकाश, प्रियांशु कुमार, सुंदरम कुमार सिंह, आर्यन राज, कृष कुमार, अंकित कुमार सिंह, एकलव्य कुमार सिंह, प्रियांशु सोनी, प्रिंस कुमार चंद्रवंशी और शशिकांत सिंह भी शामिल हैं। कुमार आदर्श ने कहा कि कराटेकारों का श्रेष्ठ प्रदर्शन प्रशिक्षकों के उत्कृष्ट प्रशिक्षण अथवा इनके प्रबल हौसले का परिणाम है कि इस विद्यालय का कराटेकार लगातार नई बुलंदियों को झू रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस नए सत्र मे प्रयास रहेगा की उनके प्रशिक्षण में उपयोग होने वाले बेहतर उपकरण उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा, ताकि वे खुद को बेहतर तरीके से सांवारकर विद्यालय व जिले का मान बढ़ा सकें। मौके पर मुख्य मार्शल-आर्टस प्रशिक्षक शिहान संतोष कुमार, विद्यालय के समस्त शिक्षक व बच्चे मौजूद रहे।



# विधायक शशिभूषण मेहता ने अधूरे शिव मंदिर निर्माण कार्य को पुनः शुरू करवाया

आजाद सिपाही संवाददाता

**पांकी/पलामू।** पांकी प्रखंड के शिरम में शिव मंदिर निर्माण कार्य करवाया जा रहा था। मंदिर निर्माण किसी कारण से बंद हो जाने के कारण शिरम गाँव के ग्रामीणों ने क्षेत्रीय विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता को सूचना दिया। विधायक ने सूचना मिलने के बाद मंगलवार को शिरम गाँव में पंहुचने के बाद ग्रामीणों के साथ विचार विमर्श करने के बाद पुनः मंदिर निर्माण शुरू करवाया।और अपने ओर से सहयोग राशि दिया। इस दौरान विधायक ने विधानसभा वासियों के खुशहाली के लिए मंदिर में पूजा पाठ किया। मंदिर निर्माण पुनः शुरू होने से शिरम के ग्रामीणों में खुशी का माहौल देखा गया। इस मौके पर प्रो. बच्चन ठाकुर, कमेश यादव,संतोष वर्मा,साकेत सिंह,चन्दन सिंह,नागेंद्र सिंह,रामाधार सिंह,धीरज सिंह,मनु सिंह,संतोष सिंह, विशेश्वर सिंह,लक्ष्मीनारायण सिंह,विजय कुमार पाठक, रामकिशोर सिंह,मंटू लाल गुप्ता,निरंजन गुप्ता,सुरेंद्र मेहता, धर्मदेव मेहता,टिमन भुइयाँ,अमेरिका सिंह,सुमन कुमार सिंह,उमेश सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।



## 700 मतगणकों को मिला मतगणना का प्रशिक्षण

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी शशिरंजन के आदेश पर त्रुटि रहित व निष्पक्ष मतगणना के लिए गिरिवर प्लस 2 उच्च विद्यालय मेदिनीनगर में 700 मतगणना कर्मियों को मतगणना का प्रशिक्षण दिया गया। जिनमें मतगणना सहायक, मतगणना सुपरवाइजर एवं माइक्रो आब्जर्वर शामिल हैं। सदर एलआरडीसी प्यारेलाल व छतरपुर एलआरडीसी विजय कुमार केरकेट्टा ने प्रशिक्षण का अनुश्रवण किया। जिला प्रशिक्षक परशुराम तिवारी, रामानुज प्रसाद, अमरेंद्र पाठक व अशोक सिंह, प्रधान लिपिक रामलखन राम, सौरव कुमार सिन्हा, विपिन कुमार पटेल ने मतगणना प्रशिक्षण का अनुसमर्थन किया। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर रामप्रवेश शर्मा, क्यूम अंसारी, श्यामलाल उरांव, चंद्रशेखर शुक्ला, नसीम अहमद सहित अन्य लोगों द्वारा पोस्टल बैलेट, कंट्रोल यूनिट एवं वीवीपीएटी से मतों को गिनने सहित सम्पूर्ण मतगणना प्रक्रिया का गहन प्रशिक्षण दिया गया।

## छत्तरपुर पहुंचे डीएमओ, विंध्वासिनी स्टोन माइंस के खनन कार्य को बंद करवाया

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** डीसी शशि रंजन के निर्देश पर मंगलवार को पलामू के डीएमओ आनंद कुमार छतरपुर पहुंचे यहां उन्होंने इस इलाके में संचालित विभिन्न क्रशरों की जांच की। इस दौरान उन्होंने अनुमोदित खनन योजना का अनुपालन नहीं करने सहित अन्य खनन नियमों का उल्लंघन करने को लेकर छतरपुर थाना अंतर्गत बसडीहा गांव में संचालित विंध्वासिनी स्टोन माइंस द्वारा खनन कार्य को बंद करवा दिया। बतातें चलें कि जांच के दौरान जिला खनन पदाधिकारी ने पाया कि अनुमोदित खनन स्कीम के अनुसार कुल 490 पौधारोपण किया जाना है जिसका अनुपालन विंध्वासिनी स्टोन माइंस द्वारा नहीं किया गया। इसी तरह खनन स्कीम के तहत उत्खनित क्षेत्र में ओवरबर्डन द्वारा ब्लैक फील किया जाना था, जिसका अनुपालन भी नहीं किया गया। इसी क्रम में जांच में अनुमोदित खनन स्कीम के तहत कार्य बल अनुपस्थित पाये गये। इसके अतिरिक्त विंध्वासिनी स्टोन माइंस द्वारा डीजीएमएस से अनुमति के बगैर ही कार्य कराया जा रहा था।

## अखंड कीर्तन व भंडारे का आयोजन

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बुलंद बीघा गांव में मंगलवार को श्री प्राचीन बजरंगबली मंदिर प्रांगण में अखंड कीर्तन एवं भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें उपाध्याय परिवार एवं ग्राम वासियों की ओर से सुबह 10 बजे से अखंड कीर्तन प्रारंभ किया गया, जो बुधवार की सुबह 10 बजे तक चलेगा। मौके पर समाजसेवी ज्ञान प्रकाश उपाध्याय, किशोरी मोहन उपाध्याय, सुरेश उपाध्याय, जय कृष्ण उपाध्याय, जय नारायण उपाध्याय, कमांडेंट हिर्दय शंकर उपाध्याय आदि उपस्थित थे।

# जिला खनन पदाधिकारी ने एनएचएआइ के परियोजना पदाधिकारी को लिखी चिट्ठी

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** डीसी सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन के निर्देश पर पलामू के खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के परियोजना पदाधिकारी को चिट्ठी लिखकर पलामू जिला अंतर्गत कराये जा रहे निर्माण कार्य यथा एनएच-98, एन एच -39 एवं अन्य में ब्लास्टिंग से उत्पादित/व्यवहतक लघु खनिजों यथा पत्थर,मोरम,बालू, एवं ईट आदि की मात्रा एवं दोगुनी स्वामिस्व या अन्य वैधानिक शुल्क का भुगतान जेआईएमएमएस पोर्टल पर जमा करवाने की बात कही है। गौरतलब हो कि एनएचएआई द्वारा जिले में एनएच-98 व 39 पर निर्माण कार्य कराया कराया जा रहा है जिसमें व्यवहतक लघु खनिजों यथा पत्थर, मोरम, बालू एवं ईट आदि की दोगुनी स्वामिस्व या अन्य वैधानिक शुल्क का भुगतान एनएचएआई द्वारा नहीं किया जा रहा है। इसके साथ ही पथ निर्माण कार्य के क्रम में संवेदक द्वारा ब्लास्टिंग भी किया जाता है। जिससे लघु खनिज का उत्पादन भी होता है। इसकी जानकारी भी जिला खनन कार्यालय को उपलब्द नहीं करायी गयी है।

# भीषण गर्मी और हीटवेव से बचाव के लिए बरतें सावधानी, बच्चे-बुजुर्गों का रखें ख्याल: आयुक्त

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू प्रमंडलीय आयुक्त बाल किशुन मुंडा ने भीषण गर्मी को देखते हुए प्रमंडलवासियों से हीटवेव यानी लू से बचने के लिए विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया कि वे लू से बचाव के लिए जरूरी प्रबंध रखें। छोटे बच्चों व बुजुर्गों का भी विशेष देखभाल जरूरी है। उन्होंने कहा कि मौसम विभाग के अनुसार पलामू में आगामी कुछ दिन और अधिक गर्मी होने के साथ लू चलेगी। ऐसे में लोगों को सावधानी बरतने की जरूरत है। स्वास्थ्य विभाग की एडवाईजरी के अनुरूप कमजोरी, चक्कर आना, सिरदर्द, दौरे जैसे हीट स्ट्रोक, हीट रैश के संकेतों को पहचाने। यदि आप बेहोशी या बीमार महसूस कर रहे हैं तो डॉक्टर को दिखाएं। लू से बचने के लिए पानी पीयें। धूप में बाहर जाते समय चश्मे, छाता, टोपी, जूते या चप्पल का प्रयोग करें। ओआरएस, घर पर बने पेय जैसे लस्सी, नींबू पानी आदि का सेवन करें।



# स्पोर्ट्स

आइसीसी ने अमेरिका की मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) को लिस्ट-एक का दर्जा दे दिया है। यह किसी एसोसिएट देश की आधिकारिक तौर पर लिस्ट-ए का दर्जा पाने वाली दूसरी टी-20 लग बन हई है।

# आइसीसी ने मेजर लीग क्रिकेट को दिया लिस्ट-ए का दर्जा

## टीमें भी छह से बढ़कर होंगी 10, दूसरा सीजन पांच जुलाई से

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आइसीसी) ने अमेरिका की मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) को लिस्ट-ए का दर्जा दे दिया है। यह किसी एसोसिएट देश की आधिकारिक तौर पर लिस्ट-ए का दर्जा पाने वाली दूसरी टी-20 लीग बन गई है। एसोसिएट यानी जिन्हें आइसीसी ने टेस्ट क्रिकेट खेलने का दर्जा नहीं दिया है। एमएलसी को लिस्ट-ए का दर्जा मिलने के बाद इसे अब एक आधिकारिक टी-20 लीग के रूप में मान्यता दी जाएगी। इस टूर्नामेंट के सभी आंकड़ों को भी अब आधिकारिक दर्जा दिया जाएगा। लीग का दूसरा सीजन इस साल टी-20 वर्ल्ड कप के बाद पांच जुलाई से खेला जाएगा। टूर्नामेंट के निदेशक जस्टिन गिले ने एजेंसी को बताया कि 'हम इस खबर से वास्तव में उत्साहित हैं क्योंकि यह टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों के लिए शानदार होगा।'

### लीग की टीमें भी बढ़ेंगी

एक रिपोर्ट के अनुसार, एमएलसी की मौजूदा छह टीमों को आने वाले कुछ साल में बढ़ाकर 10 करने की योजना है। दूसरी ओर, लीग का पहला सीजन 19 मैचों का खेला गया था, जो बाद में 34 हो जाएगा। दूसरा सीजन 25 मैचों का खेला जाएगा।

### एमआइ न्यूयॉर्क पहले सीजन का चैंपियन

पहला सीजन 13 से 31 जुलाई 2023 तक खेला गया था। पहले सीजन में 15 ग्रुप-स्टेज और चार प्लेऑफ मैच हुए। निकोलस पूरन की कप्तानी में एमआइ न्यूयॉर्क पहले सीजन का चैंपियन बना। डालास के ग्रैंड पीयर स्टेडियम में टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी ओरकास टीम ने 20 ओवर में 9 विकेट पर 183 रन बनाए थे। जवाब में एमआइ ने कप्तान पूरन की विस्फोटक पारी के दम पर 16 ओवर में ही मुकाबला जीत लिया।

### पेरिस ओलंपिक : उद्घाटन समारोह में पारंपरिक पोशाक में नजर आयेंगे भारतीय एथलीट

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** इस साल जुलाई-अगस्त में होने वाले पेरिस ओलंपिक की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। भारतीय एथलीट अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए पूरा दम लगाने को तैयार हैं। चार साल में होने वाले खेल के इस महाकुंभ के उद्घाटन समारोह को लेकर एक दिलचस्प जानकारी सामने आई है। पेरिस ओलंपिक में पारंपरिक भारतीय पोशाक साड़ी की वापसी हो गई है। सीन नदी के तट पर होने वाले ओलंपिक के उद्घाटन समारोह में बेटियां इस बार साड़ी में नजर आएंगी और पुरुष खिलाड़ी बंडी और कुर्ते में सजे-धजे होंगे। इस बार पुरुष और महिला खिलाड़ियों की पोशाक खास होगी।

# प्रगनानंद का सामना फ्रांस के अलीरजा से

**कार्लसन लंबे समय बाद क्लासिकल टूर्नामेंट में करेंगे वापसी**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रगनानंद नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के पहले दौर में फ्रांस के अलीरजा फिरोजा से खेलेंगे, जबकि आर वैशाली की टक्कर महिला विश्व चैंपियन चीन की वेंजुन जू से होगी। नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में पुरुष वर्ग में शीर्ष छह ग्रैंडमास्टर भाग लेंगे, जबकि महिला वर्ग में शीर्ष छह खिलाड़ी खेलेंगी। वहीं, दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन लंबे समय बाद क्लासिकल शतरंज टूर्नामेंट में भाग लेंगे। भारतीय शतरंज खिलाड़ियों ने हाल के दिनों में सराहनीय प्रदर्शन किया है जिससे सभी की उम्मीदें एक बार फिर इनसे बेहतर प्रदर्शन की होगी।



### डिंग लिरेन पर रहेंगी नजरें

सभी की नजरें मौजूदा विश्व चैंपियन चीन के डिंग लिरेन पर होंगी जो साल के आखिर में भारत के डी गुकेश की चुनौती का सामना करेंगे। रूस के इयान नेपोम्नियाश्चि को विश्व चैंपियनशिप मुकाबले में हराने के बाद उन्होंने काफी कम प्रतिस्पर्धी शतरंज खेली है। पहले दौर में उनका सामना कार्लसन से होगा। इनके अलावा अमेरिका के फेबियानो कारूआना और हिकारू नकामूरा भी इसमें भाग लेंगे। दोनों पहले दौर में एक दूसरे के आमने सामने होंगे। महिला वर्ग में वैशाली के अलावा कोनेरू हम्पी, यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक ,स्वीडन की पिया क्रामलिंग और चीन की वेनजुन और तिंगजि लेइ भाग लेंगे।

### अलग होता है प्रारूप

इस टूनामेंट का प्रारूप दूसरों से अलग है और इसमें किसी मुकाबले में अंक नहीं बंटते हैं। ड्रॉ होने पर खिलाड़ी टाइब्रेकर खेलेंगे। क्लासिकल टाइम कंट्रोल के तहत जीतने पर तीन अंक मिलेंगे, जबकि ड्रॉ रहने पर टाइब्रेकर जीतने वाले को डेढ़ और हारने वाले को एक अंक दिया जाएगा।

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 29 मई, 2024
www.azadsipahi.in
11

### प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को डीआइटी और स्माइल फाउंडेशन ने किया सम्मानित

# मेधावी विद्यार्थियों को अच्छा प्रदर्शन करने का उत्तम समय है: राज सिन्हा

आजाद सिपाही संवादगदाता

**धनबाद।** धनबाद इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी (डीआइटी) ने स्माईल फाउंडेशन के साथ मिलकर जिलेभर के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। इनमें सीबीएसई एवं झारखंड बोर्ड में शामिल 90 फीसदी से ज्यादा अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं का चयन कर उन्हें पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर धनबाद विधायक राज सिन्हा और झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह मौजूद रहीं। विधायक राज सिन्हा ने छात्र-छात्राओं का हौसला अफजाई करते हुए कहा कि प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं के लिए यह उत्तम समय है जब वे अपने करियर का निर्माण कर मनचाहे क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं। वहीं झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने भी छात्र-छात्राओं को मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उनका हौसला बढ़ाया।



जिलेभर के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित करते विधायक राज सिन्हा, विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह व अन्य।

# ट्रांसफार्मर में शॉर्ट सर्किट से लगी आग जारंगडीह और आसपास बिजली सेवा ठप

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेरमो।** सीसीएल कथारा क्षेत्र के रिजनल सब स्टेशन में जारंगडीह फीडर के 5 एमबीए क्षमता वाले ट्रांसफार्मर में आग गयी। जिससे दौरान रिजनल सब स्टेशन में तैनात कर्मियों के बीच अफरा तफरी मच गयी। सभी जगह की लाइन काट दी गयी। वहीं, कथारा कोलियरी का वाटरटैंकर को बुलाया गया। इसी बीच तेनुघाट और गोमिया का अग्निशामक दस्ता घटना स्थल पर पहुंच गया। काफी परिश्रम से आग पर काबू पाया जा सका। जानकारी के अनुसार रिटर्न लाईन आने की वजह से उक्त ट्रांसफार्मर में आग लग गयी। यहां कथारा क्षेत्र के स्टाफ अफसर इएंडएम विपिन कुमार और कथारा कोलियरी के परियोजना अभियंता ने बताया कि जारंगडीह क्षेत्र को देर रात और बाकि स्थानों पर विद्युत आपूर्ति को बहाल करने का कार्य शुरू कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि जारंगडीह के इलाका में विद्युत आपूर्ति के लिए वैकल्पिक व्यवस्था के लिए रखे गए तीन एमवीए के ट्रांसफार्मर से विद्युत आपूर्ति करने के लिए प्रबंध किया जा रहा है। इस अवसर पर फोरमैन नचिकेता कुमार, मो जाकिर, मो रफीक, मो रुहुल आदि उपस्थित थे।

# बलियापुर में नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन



आजाद सिपाही संवाददाता

**बलियापुर।** प्रखंड अंतर्गत बाघजोबरा गांव में नाइट गेम क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन हुआ, जिसका उद्घाटन प्रखंड उप प्रमुख आशा देवी ने किया। उन्होंने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के बाद खेल को खेल भावना से खेलने को कहा। उन्होंने कहा कि अभी आइपीएल खत्म हुआ है। इस दौरान कई युवा खिलाड़ियों ने अपना जौहर दिखाया। आज बाघजोबरा के क्लब ने क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया है और यहां से भी खिलाड़ियों को एक मंच मिलेगा। जरूरत है खिलाड़ियों को मेहनत करने की। खेल को खिलाड़ी भविष्य संवारने के लिए इस्तेमाल करें। इस दिन के खेल में बाघजोबरा, बोरमुरी, सिंगियाटांड, बाघमारा, दूधिया, काशीटाड़, डांगापाडा, बलियापुर आदि की टीमों ने भाग लिया।

# बिजली संकट से जूझ रही सिंदरी की जनता का टूटा सब्र का बांध, हर्ल गेट किया जाम

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिंदरी।** भीषण गर्मी के बीच बिजली संकट से जूझ रहे सिंदरी की जनता का सब्र का बांध मंगलवार को टूट गया। सैकड़ों आक्रोशित लोगों ने हर्ल गेट को जाम कर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी एफसीआय एलओर झारखंड बिद्युत बोर्ड के अधिकारियों से बिजली और पानी की समस्या पर संयुक्त रूप से गेट पर आकर वार्ता करने की मांग कर रहे थे। सबसे पहले एफसीआईएल के सलाहकार देवदास अधिकारी और हर्ल के हेड सुरेश प्रमाणिक गेट पर आए और प्रदर्शनकारी से जाम हटाने का आग्रह किया, लेकिन प्रदर्शनकारी हटने को तैयार नहीं हुए। उनकी मांग थी कि कोई भी बातचीत सिर्फ और सिर्फ एफसीयाइएल, हर्ल और झारखंड विद्युत बोर्ड तीनों के अधिकारियों के संयुक्त उपस्थिति में ही होगी। इसके बाद झारखंड विद्युत बोर्ड के अधिकारी, एफसीआईएल और हर्ल के अधिकारी के संयुक्त उपस्थिति में वार्त हुई। तीनों अधिकारियों ने मंगलवार की तक बिजली बहाल करने के आश्वासन दिया। जिसके बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ।

# न्यायाधीश ने किया तेनुघाट जेल का औचक निरीक्षण



आजाद सिपाही संवाददाता

**तेनुघाट।** देश की सर्वोच्च न्यायलय, झारखंड उच्च न्यायालय और बोकारो प्रधान जिला जज अनिल कुमार मिश्रा के निर्देश पर तेनुघाट व्यवहार न्यायालय के जिला जज प्रथम अनिल कुमार ने मंगलवार को तेनुघाट जेल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अनुमंडल विधिक सेवा प्राधिकार समिति के सचिव सह एसडीजेएम रश्मि अग्रवाल भी मौजूद थी। निरीक्षण के दौरान वार्ड में बंदियों से मिलकर जेल में मिलने वाली सुविधाएं के बारे में जानकारी ली। इस दौरान जेलर नीरज कुमार, जेल कंपाउंडर संजय कुमार मंडल, विजय कुमार मौजूद थे। इसकी जानकारी अनुमंडल विधिक सेवा प्राधिकार समिति के सचिव सह एसडीजेएम रश्मि अग्रवाल ने दी।

# शानदार खेल दिखाकर चार टीमों ने सेमीफाइनल में बनायी जगह

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** झारखंड स्टेट बास्केटबॉल एसोसिएशन की ओर से बोकारो के एमजीएम हाई सेकेंडरी स्कूल में आयोजित झारखंड स्टेट यूथ बास्केटबॉल के 24वें टूर्नामेंट के दूसरे दिन मंगलवार को बोकारो डिस्ट्रिक्ट बास्केटबॉल एसोसिएशन का दबदबा रहा। बोकारो के बॉयज और गर्ल्स बास्केटबॉल टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए क्वार्टर फाइनल में अपना स्थान पक्का कर लिया। बॉयज टीम ने जहां अपने तीन मैच जीत कर क्षमता का लोहा मनवाया।

वहीं, गर्ल्स टीम ने दो में से एक मैच जीत कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं, क्वार्टर फाइनल मैच में गर्ल्स टीम ने सरायकेला पर आरबीए ने 02-16 से बढ़त हासिल कर सेमीफाइनल में अपना स्थान पक्का किया। वहीं, जैप वन टीम ने बीडीबीए (बोकारो) को सात के मुकाबले 34 से पराजित दिया। इएसडीबीए की टीम डब्लूएसडीबीए पर 02-55 से हरा कर सेमीफाइनल पहुंची। वहीं, बीएसए ने रोमांचक मुकाबले में जेबीए पर 25-27 से जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में स्थान पक्का किया।



### मैच का विवरण :

इएसडीबीए ने डब्लूएसडीबीए पर 20-37 से जीत दर्ज की। धनबाद की टीम ने जामताड़ा टीम पर 04-26 से आसान जीत हासिल की। वहीं, दुमका टीम पर बीडीबीए (बोकारो) ने 19-26 से बढ़त हासिल कर मैच जीत लिया। एचबीए और रामगढ़ के बीच रोचक मुकाबले में रामगढ़ ने एचबीए को 25-28 से हरा दिया। इवनिंग सेशन में बीएसए टीम ने सरायकेला टीम को 29-40 से हराया। बीडीबीए की टीम ने रामगढ़ पर 16-38 से जीत दर्ज की। जैप वन टीम ने जामताड़ा को 12-39 से हराया। इएसडीबीए ने आरबीए को 22-41 से हराया।

दूसरी ओर, गर्ल्स में सरायकेला टीम ने डब्लूएसडीबीए पर 09-13 से जीत हासिल की। जैप वन ने बीएसए पर 02-28 से एकतरफा जीत दर्ज किया। रामगढ़ टीम को इएसडीबीए ने 0-32 से हरा कर दर्शकों को हैरान कर दिया। वहीं, इवनिंग सेशन में आरबीए की टीम ने रामगढ़ टीम पर 04-25 से जीत दर्ज की। धनबाद टीम पर बीएसए ने 10-23 से जीत दर्ज की। जेबीए टीम पर बीडीबीए 01-29 से जीत हासिल की।

# हेवी ब्लास्टिंग होने से कई घर क्षतिग्रस्त, ग्रामीणों का हंगामा



**कतरास (आजाद सिपाही)।** रामकनाली ओपी क्षेत्र स्थित बीसीसीएल क्षेत्र संख्या-4 में कार्यरत मां अंबे आउटसोर्सिंग कंपनी की ओर से कथित रूप से सुरक्षा मानकों को ताक पर रखकर मंगलवार की दोपहर 3.15 बजे हैवी ब्लास्टिंग की गई। जिस कारण बड़े-बड़े पत्थर हवा में उड़कर बुद्धू बाबू बंगला के कुम्हार पट्टी में जा गिरा। जिससे कई घर क्षतिग्रस्त हो गए। वहीं, विशाल पंडित, आर्यन कुमार के साथ ही एक अन्य युवक घायल हो गये। आनन फानन में स्थानीय लोगों ने तीनों का इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल ले गए। वहीं, इसकी खबर फैलते ही सैकड़ों ग्रामीण आक्रोशित होकर आउटसोर्सिंग परियोजना पहुंच गए और मुआवजा की मांग करते हुए प्रदर्शन करने लगे। इसके बाद कंपनी प्रबंधक ने बड़ी संख्या में सीआइएसएफ जवानों को बुलाकर ग्रामीणों को खदेड़ने के लिए लाठीचार्ज शुरू करवा दिया। इससे ग्रामीण और आक्रोशित हो गये और जवानों पर पत्थरबाजी शुरू कर दी। कुछ देर के लिए परियोजना परिसर रणक्षेत्र में तब्दील हो गया। ग्रामीण की बढ़ती संख्या को देख सीआइएसएफ के जवान पीछे हटने लगे। तब जाकर ग्रामीण शांत हुए। करीब दो घंटे बाद बीसीसीएल एरिया-4 के सेफ्टी अफसर प्रेम शंकर ने घटनास्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों से वार्ता कर उन्हें शांत करवाया। साथ ही बुधवार को मुआवजा संबंधी वार्ता के लिए कार्यालय में बुलाया। तब जाकर ग्रामीण शांत हुए और वापस लौटे। वहीं, सुरक्षा पदाधिकारी ने बताया कि हैवी ब्लास्टिंग के कारण घर क्षतिग्रस्त हुआ है और तीन लोगों को चोट लगी है। बुधवार को मासस नेता हलधर महतो के साथ ग्रामीणों के बीच मुआवजा संबंधी वार्ता होगी।

# झारखंड-बंगाल सीमा पर छह जून तक जारी रहेगी वाहनों की जांच



आजाद सिपाही संवाददाता

**एग्यारकुंड।** भले ही धनबाद और आसनसोल लोकसभा सीट पर मतदान हो चुका है, लेकिन झारखंड-बंगाल सीमा पर वाहनों की जांच अभी भी जारी है, जो छह जून तक नियमित जारी रहेगी। ताकि चुनाव के दौरान या चुनाव के बाद संदिग्ध सामानों का आवागमन रोका जा सके। इसी क्रम में सोमवार देर शाम झारखंड-बंगाल सीमा स्थित चिरकुंडा चेक पोस्ट पर मजिस्ट्रेट और एसएसटी टीम ने जांच किया। वहीं, मैथन स्थित मुकुल पटेल पेट्रोल पंप के समीप, मैथन डैम एवं पंचेत डैम पर भी लगातार वाहनों की जांच जारी है।

## जमुआ सीओ ने जब्त किया अवैध बालू लदे पांच ट्रैक्टर

**गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** जमुआ सीओ संजय पांडेय के नेतृत्व में मंगलवार को थाना प्रभारी मणिकांत कुमार ने जमुआ के अलग-अलग जगहों पर छापामारी कर पांच अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त किया। थाने लाकर जमुआ सीओ ने आवश्यक कार्रवाई के लिए जिला खनन पदाधिकारी को प्रेषित कर दिया।

# सीसीएल कथारा प्रबंधन-पुलिस ने अभियान चलाकर अवैध कोयला को नष्ट किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेरमो।** सीसीएल कथारा कोलियरी प्रबंधन और ओपी पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाकर अवैध रूप से रखे गए कोयला को नष्ट कर दिया। इस अभियान में कथारा कोलियरी के प्रबंधक आरके सिंह, ओपी थाना प्रभारी जितेश कुमार, रवि चौरसिया, एएसआई केएस पाठक सहित विभिन्न कथारा कोलियरी के पदाधिकारी और पुलिस बल के जवान शामिल थे। कथारा कोलियरी के झिरकी गांव के समीप खदान से कोयला निकालकर फिर उसे जलाकर पोडा बनाकर बेचा जाता था। स्थानीय पुलिस को जब इसकी सूचना मिली तो सीसीएल प्रबंधन के साथ मिलकर उस स्थान पर डोजर चलाकर पोडा कोयला के आग लगाए जाने वाले स्थल को नष्ट कर दिया। वहीं, पोडा कर बोरे में रखे गए कोयला को भी नष्ट कर दिया गया।



### अबुआ आवास योजना में तेजी लाने को लेककर बलियापुर बीडीओ ने की समीक्षा बैठक

# कार्य में कोताही बरतने पर पंचायत सचिव गौतम सिंह और रोजगार सेवक संजय-श्यामपद को कारण बताओ नोटिस

आजाद सिपाही संवाददाता

**बलियापुर।** प्रखंड सभागार में मंगलवार को अबुआ आवास योजना में तेजी लाने को लेकर बीडीओ की उपस्थिति में समीक्षा बैठक की गई। अबुआ आवास योजना में द्वितीय किश्त भुगतान के लिए लाभुकों के जाति प्रमाण पत्र एवं जॉब कार्ड अपलोड करना अनिवार्य है। इसी को लेकर सभी पंचायत सेवकों को एक सप्ताह के अंदर कागजात कार्यालय में जमा करने का निर्देश दिया गया।

साथ ही द्वितीय किश्त भुगतान के लिए जियो टेग करने का निर्देश दिया। मनरेगा के तहत पंचायत में मानव दिवस श्रृजन स्थिति अच्छी नहीं होने से संबंधित रोजगार सेवकों को स्थिति में सुधार लाने का निर्देश दिया गया। साथ ही बिरसा सिंचाई कूप चालू करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान कार्य में लापरवाही बरतने पर पंचायत सचिव गौतम कुमार सिंह, रोजगार सेवक संजय साह एवं श्यापद प्रमाणिक को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया। बैठक में बीपीओ आदि मौजूद थे।


पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते बलियापुर बीडीओ।

कार्यालय:-वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमण्डल
E-mail :forest-gumla@jharkhandmail.gov.in
Mobile No. – 8987790115
Pin Code - 835207

पत्रांक ........................../ दिनांक ........................../

आवश्यक सूचना

सूचित किया जाता है कि दिनांक 13.04.2024 को गुप्त सूचना के आधार पर ग्राम–जुरा, थाना–सिसई के पास, सिसई–भरनो पथ पर 05 पीस जामुन बोटा, 04 पीस गम्हार बोटा सहित एक ट्रेक्टर एवं ट्रोली सं0–अज्ञात को वनकर्मियों के द्वारा जप्त कर सिसई स्थायी पौधशाला परिसर में लाकर सुरक्षित रखा गया है। उक्त जप्त वन पदार्थ सहित वाहन के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में अधिहरण की कार्रवाई प्रारम्भ की गई है।

अतः समाचार पत्रों के माध्यम से जप्त वन पदार्थ के दावेदार (यदि कोई हो) एवं सम्बन्धित सभी को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 13.06.2024 को प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में 11:00 बजे पूर्वाह्न स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर एक पक्षीय निर्णय ले लिया जायेगा।

प्राधिकृत पदाधिकारी,
–सह–
वन प्रमंडल पदाधिकारी,
गुमला वन प्रमंडल

:– वन है,तो जीवन है –:

PR 325155 Forest, Environment and Climate Changes (24-25)_D

# परमेश्वर फुंकवाल ने पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक का कार्यभार संभाला

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** परमेश्वर फुंकवाल, आइआरएमएस ने पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक का पदभार ग्रहण कर लिया है। श्री फुंकवाल आइआइटी, कानपुर के पूर्व छात्र रहे हैं और भारतीय रेलवे इंजीनियर्स सेवा (आइआरएसइ) के 1988 बैच के अधिकारी हैं। दशकों के उल्लेखनीय करियर के दौरान उन्होंने डीआरएम/राजकोट, एडीआरएम/अहमदाबाद, अध्यक्ष/आरआरबी और कार्यकारी निदेशक/आरडीएसओ जैसे कई महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवा दी है। पूर्व तट रेलवे में अपनी नियुक्ति से पहले वे पश्चिम रेलवे, मुंबई में प्रधान मुख्य अभियंता के रूप में पदस्थापित थे। श्री फुंकवाल ने आरडीएसओ में अपने कार्यकाल के दौरान ट्रेनों की गति बढ़ाने के लिए ट्रैक और पुलों के क्षेत्र में नवीन तकनीकों को पेश करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। रेलवे इंजीनियरिंग के अलावा, श्री फुंकवाल के पास मानव संसाधन कार्यों, अनुसंधान एवं डिजाइन और सामान्य प्रशासन के क्षेत्र का व्यापक अनुभव है। अंतर्राष्ट्रीय पत्रिकाओं में ट्रैक, ब्रिज और पर्यावरण इंजीनियरिंग पर इनके कई शोध पत्र प्रकाशित हुए हैं। उन्होंने बीजिंग (चीन), कैलगरी (कनाडा) और नयी दिल्ली में इंटरनेशनल हेवी हॉल एसोसिएशन (आईएचएचए) सम्मेलनों में भी अपने पेपर प्रस्तुत किए। उन्होंने विभिन्न प्रशिक्षण और अध्ययन कार्यों के लिए स्वीडन, डेनमार्क, फ्रांस, जर्मनी, चीन, कनाडा, मलेशिया, सिंगापुर और इटली का भी दौरा किया। श्री फुंकवाल की साहित्य में गहरी रुचि है। इनकी कई कविताएं समकालीन हिंदी साहित्यिक पत्रिकाओं में प्रकाशित हुई हैं।

# चार जून को नवीन बाबू पूर्व मुख्यमंत्री बन जायेंगे : शाह

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने मंगलवार को ओडिशा के भद्रक, जाजपुर और जगतसिंहपुर में जनसभा को संबोधित करते हुए बीजेडी सरकार पर श्री रत्न भंडार के संचालन में अपारदर्शिता, भ्रष्टाचार व केंद्र की योजनाओं को प्रदेश में लागू न करने को लेकर जमकर प्रहार किया। कार्यक्रमों के दौरान ओडिशा भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मनमोहन सामल, भाजपा नेता कमल कांत, भद्रक लोकसभा से प्रत्याशी अभिमन्यु सेठी, जाजपुर लोकसभा से प्रत्याशी रवि नारायण बैरा एवं जगतसिंहपुर से भाजपा प्रत्याशी अनिता शुभदर्शिनी सहित कई वरिष्ठ नेता उपस्थित थे।

श्री शाह ने कहा कि 6 चरणों के मतदान समाप्त हो चुके हैं। पांच चरणों के मतदान में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 310 सीटें जीत कर भाजपा सरकार बना चुके हैं और छठे-सातवें में 400 पार कराना है। साथ ही, ओड़िशा में भी भाजपा सरकार बनानी है। ओड़िशा में भारतीय जनता पार्टी 75 से ज्यादा सीटें जीतकर 'डबल इंजन' सरकार बनाने जा रही है। 4 जून को चुनाव आयेगा और नवीन बाबू अब मुख्यमंत्री नहीं रहेंगे, बल्कि पूर्व सीएम' बन जायेंगे। ओड़िशा का नया मुख्यमंत्री ओड़िया बोलने वाला युवा होगा और भगवान जगन्नाथ का भक्त होगा। 25 वर्षों के बाद ओड़िशा को ओड़िया बोलने-लिखने वाला मुख्यमंत्री मिलने वाला है।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि यह चुनाव ओडिया अस्मिता, भाषा, गौरव और उत्कल प्रदेश के स्वाभिमान का चुनाव है। ओड़िशा की जनता तमिल बाबू के शासन से त्रस्त हो चुकी है। भाजपा सरकार आने के बाद यहां एक जनसेवक शासन करेगा। बीजेडी सरकार पिछले 25 वर्षों में राज्य के विकास के लिए कुछ नहीं कर पायी। ओड़िशा देश के समृद्ध प्रदेशों में से एक है, खनिज बाहुल्य क्षेत्र है। 12 माह जल प्रदान करने वाली नदियां हैं, लेकिन ओड़िशा के लोग गरीब ही रह गये और इसके दोषी केवल नवीन पटनायक हैं। समग्र ओड़िशा से लाखों युवा अपने बूढ़े मां-बाप को छोड़कर देशभर में मजदूरी के लिए जाते हैं। ओड़िशा में भाजपा की सरकार बनने के बाद, ओडिशा में ही इंडस्ट्री लगाकर युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाए जायेंगे।

श्री शाह ने कहा कि ओड़िशा में खदानों के क्षेत्र में ढेरों अवसर हैं फिर भी प्रदेश के आदिवासी भूखे रह जाते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने डिस्ट्रिक्ट मिनरल फंड के लिए पैसे भेजे, लेकिन ओड़िशा के बाबू लोग ने सब कुछ दबा लिया। श्री शाह ने जनता से ओड़िशा के धरतीपुत्र को भाजपा का मुख्यमंत्री बनाने और नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की अपील की।

# भारत का परचम पूरे विश्व में लहराया : लक्ष्मण प्रसाद सिंह



आजाद सिपाही संवाददाता

**गोड्डा।** वरिष्ठ भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने मंगलवार को गोड्डा लोकसभा के मधुपुर प्रखंड के पढ़जोरी, मडकियारी, कजरा, कोलवा, गोबिंदपुर, गोबिंदपुर, साही विभिन्न पथ पंचायतों में जनसंपर्क अभियान चला कर भाजपा प्रत्याशी निशिकांत दूबे के समर्थन में जनसंपर्क अभियान चलाकर भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील की। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश लगातार विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। भारत ही नहीं, अपितु विश्व में भारत का परचम लहराया है। गोड्डा लोकसभा क्षेत्र के देवघर में एम्स, एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन एवं रोड का कार्य सांसद निशिकांत दुबे के कार्यकाल में पूरा हुआ। 1 जून को कमल फूल पर जनता वोट कर भारी मतों से गोड्डा लोकसभा भाजपा के प्रत्याशी निशिकांत दुबे को विजयी बनायेगी और पीएम मोदी के हाथ को मजबूत करेगी। इस मौके पर उदय सिंह, नकुल राय, लोकेश कुमार, अमर सिंह, भारत भैया, अवध भोक्ता एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

# चुनाव ड्यूटी पर जाते समय हादसा, पुलिस गाड़ी पलटने से नौ महिला कर्मचारी घायल

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** चुनाव ड्यूटी पर तैनात एक पुलिस वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। हादसे में नौ महिला पुलिस कर्मचारी घायल हो गयी। ये हादसा भुवनेश्वर के सतसंग बिहार पार्क के पास हुआ। सभी घायल महिला पुलिसकर्मियों को बचाया गया और कैपिटल अस्पताल में भर्ती कराया गया। सारे पुलिस कर्मचारी चुनाव ड्यूटी के लिए बलांगीर से केंद्रापड़ा जा रहे थे। बस में करीब 35 महिला कांस्टेबल थीं।

# मिजोरम में लैंडस्लाइड से 17 की मौत

**आइजोल।** पश्चिम बंगाल में रविवार को आये रेमल तूफान का असर अब नॉर्थ-ईस्ट में दिखने लगा है। मिजोरम में तूफान के कारण लगातार हो रही बारिश की वजह से मंगलवार सुबह 6 बजे आइजोल में एक पत्थर की खदान ढह गयी। अब तक इसमें 17 लोगों की मौत हुई है। इनमें 4 साल का लड़का और 6 साल की लड़की शामिल है। दो लोगों का रेस्क्यू भी किया गया है। अब तक 17 शव निकाले गये हैं। इनमें में 8 स्थानीय लोगों के हैं, जबकि 4 दूसरे राज्यों के हैं। बाकी शवों की पहचान की जा रही है। मलबे में 6-7 लोगों के दबे होने की आशंका है।

# प्रशांत जगदेव कांड का सीसीटीवी फुटेज सार्वजनिक किया जाये : पीतांबर आचार्य

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** विगत 25 तारीख को तीसरे चरण के चुनाव के दौरान चिलिका व खुर्दा के विधायक प्रशांत जगदेव द्वारा इवीएम तोड़ने की घटना पूरी तरह झूठ है। राजसुनाखला के निर्धारित बूथ पर जब वोटिंग चल रही थी, तो सांसद अपराजिता षड़ंगी और प्रशांत जगदेव पहुंचे। श्री जगद्देव 3.45 बजे वोट देने के लिए बूथ में दाखिल हुए। बीजू जनता दल के कार्यकर्ता योजनाबद्ध तरीके से वहां मौजूद थे और उन्होंने श्री जगद्देव को फंसाने की साजिश रची। इसके अलावा बीजेपी सांसदों और विधायकों के साथ गाली गुलाज किया गया। खुर्दा के एसडीपीओ दिलीप दास को वहां खनन माफिया के रूप में जाना जाता है।

एसडीपीओ श्री दास ने विधायकों के साथ भी दुर्व्यवहार किया और अपराधियों जैसा व्यवहार किया। इसकी निगरानी पुलिस मुख्यालय से की जा रही थी। साढ़े चार बजे पुलिस की तीन गाड़ियों ने अपराधियों की तरह सांसद की गाड़ी रोकी। बीजेपी के दो विधायक प्रत्याशियों को थाने के बरामदे पर बैठाकर प्रताड़ित किया गया है। फिर भी परिवार के सदस्य को उन्हें से मिलने नहीं दिया। ऐसी घटनाओं के पीछे पूरी तरह से एसडीपीओ का हाथ है। राज्य प्रवक्ता और वरिष्ठ वकील पीतांबर आचार्य ने कहा कि बिना सबूत के विधायकों के साथ अपराधी जैसा व्यवहार करना एसडीपीओ की नीति और नियमों का उल्लंघन है। इसके अलावा, एसडीपीओ सत्तारूढ़ दल के कार्यकर्ताओं की तरह काम कर रहे हैं और अनुशासन तोड़ कर बीजू जनता दल के लिए काम कर रहे हैं। प्रदेश कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में श्री आचार्य ने कहा कि बीजू जनता दल ने विधायक प्रशांत जगदेव को गिरफ्तार करने की योजना पहले ही बना ली थी। पुलिस अधिकारियों का सत्ताधारी दल के लिए काम करना लोकतंत्र के लिए खतरा है। अगर श्री जगद्देव दोषी हैं, तो सीसीटीवी वीडियो सार्वजनिक किया जाना चाहिए। श्री आचार्य ने कहा कि एक विधायक को इस तरह गिरफ्तार करना बेहद निंदनीय और लोकतंत्र के लिए खतरा है।

मुख्यमंत्री कार्यालय में बैठे वरिष्ठ पुलिस अधिकारी डीएस कुटे और एसडीपीओ श्री दास ने मिलकर स्वतंत्र, निष्पक्ष और निरपेक्ष चुनाव को गुमराह करने की साजिश रची। उनके कॉल रिकॉर्ड की जांच होनी चाहिए। श्री आचार्य ने कहा कि चिलिका विधायक एवं भाजपा के खोर्धा प्रत्याशी श्री जगददेव को पुलिस की मदद से जबरन झूठे मामले में फंसाया गया है। संवाददाता सम्मेलन में प्रदेश प्रवक्ता दिलीप मल्लिक, प्रदेश मीडिया समन्वयक सुजीत कुमार दास प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# प्रशांत जगदेव की इवीएम तोड़फोड़ में भूमिका नहीं : अपराजिता षडंगी

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** खुर्दा विधायक प्रत्याशी प्रशांत जगदेव की गिरफ्तारी को लेकर भुवनेश्वर सांसद अपराजिता षड़ंगी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए और किन परिस्थितियों में विधायक प्रशांत जगदेव को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। वह खुद उस बूथ पर गये, जहां इवीएम तोड़ी गयी थी। उनके खिलाफ कभी किसी ने शिकायत नहीं की।

प्रशांत इवीएम तोड़ने की किसी ने शिकायत नहीं की। बूथ परिसर में लगे सीसीटीवी की जांच क्यों नहीं की गयी? राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति गंभीर है। वहीं, ड्राइवर बनबाली बाबू ने कल जो कहा, उससे साफ है कि प्रशांत जगदेव ने इवीएम नहीं तोड़ा। बनमाली बाबू को 4 पुलिसकर्मियों ने प्रताड़ित किया। वे चाहते थे कि वह कहें, प्रशांत जगदेव ने उस इवीएम को तोड़ है।

दूसरी ओर अपराजिता ने कहा कि क्या सरकार प्रशांत जगदेव बाबू की लोकप्रियता से डरती है? उनके खिलाफ साजिश की जा रही है। उनके पास सीसीटीवी फुटेज है। अपराजिता षड़ंगी ने कहा कि उस फुटेज में प्रशांत जगद्देव द्वारा इवीएम तोड़ने का कोई सबूत नहीं है।













| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

# सिजिमाली खदानों के पास वेदांता एल्युमीनियम ने ग्रामीणों के लिए मोबाइल स्वास्थ्य इकाई शुरू की

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** भारत के सबसे बड़े एल्युमीनियम उत्पादक वेदांता एल्युमीनियम ने ओड़िशा के रायगड़ा और कालाहांडी जिलों में सिजिमाली खदानों के आसपास के क्षेत्रों में अपनी मोबाइल हेल्थ यूनिट (एमएचयू) सेवाओं का विस्तार किया है। इस पहल के माध्यम से कंपनी का लक्ष्य घर तक आवश्यक सुविधाएं पहुंचाना है। समुदायों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जायेंगी, जिससे दूरदराज के गांवों में स्वास्थ्य सेवा पहुंच में सुधार होगा। एमएचयू सेवाएं सिजिमाली खदानों के आसपास के 40 गांवों में 10,000 से अधिक व्यक्तियों तक पहुंचेंगी। वेदांत एल्युमिनियम की एमएचयू सेवाएं पूरे ओड़िशा के 100 से अधिक गांवों में लगभग 2 लाख लोगों तक पहुंचती हैं। मोबाइल हेल्थ यूनिट (एमएचयू) एक विशेष वैन है जिसमें महत्वपूर्ण चिकित्सा उपकरण और दवाएं शामिल हैं। साथ ही मेडिकल स्टाफ में एक योग्य और अनुभवी डॉक्टर, नर्स, लैब तकनीशियन और एक फार्मासिस्ट शामिल हैं। यह जांच, रक्त शर्करा परीक्षण और मुफ्त दवाओं के प्रावधान सहित कई प्रकार की सेवाएं प्रदान करता है। ये प्रयास न केवल तत्काल स्वास्थ्य देखभाल आवश्यकताओं को संबोधित करते हैं, बल्कि नियमित जागरूकता सत्रों के माध्यम से निवारक देखभाल भी प्रदान करते हैं, जिससे समग्र सामुदायिक कल्याण को बढ़ावा मिलता है। थुआमुल रामपुर गांव के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी नीतीश झा ने कहा कि मैं दूरदराज के क्षेत्रों में सामुदायिक विकास में वेदांता की सक्रिय भूमिका की सराहना करता हूं। निवासियों की स्वास्थ्य देखभाल आवश्यकताओं को पूरा करके उन्होंने एक ऐसा भविष्य बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है, जो न केवल उज्ज्वल बल्कि स्वस्थ है, यह सुनिश्चित करते हुए कि प्रत्येक व्यक्ति को बुनियादी चिकित्सा देखभाल तक पहुंच मिले।


क्षेत्र की एक मान्यता प्राप्त सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता मालती माझी ने कहा कि मोबाइल हेल्थ यूनिट एक बहुत ही विचारशील पहल है। यह देखते हुए कि ऐसे कई गांव हैं, जहां गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच का अभाव है। वेदांता ग्रामीण समुदायों के बीच गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंच के अंतर को पाट रहा है। निवासियों को उनके दरवाजे पर आवश्यक चिकित्सा देखभाल प्रदान कर रहा है।

वेदांता एल्युमीनियम की माइंस टीम शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, आजीविका, ग्रामीण बुनियादी ढांचे और जमीनी स्तर के खेल और संस्कृति में रणनीतिक हस्तक्षेप के माध्यम से सामुदायिक विकास को आगे बढ़ाने में सबसे आगे है। इनमें से एक उल्लेखनीय पहल वेदांत नंद घरों की स्थापना है, जो आधुनिक आंगनबाड़ियां हैं, जो गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल और पोषण संबंधी सहायता प्रदान करके बच्चों, गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं के व्यापक विकास के लिए गतिशील सामुदायिक केंद्र के रूप में कार्य करती हैं। ये प्रयास राज्य के समग्र विकास और उन्नति के लिए सामुदायिक योगदान की भावना को बढ़ावा देने, अपने परिचालन क्षेत्रों के भीतर और बाहर जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डालने की कंपनी की प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हैं। स्थानीय अधिकारियों, कल्याण संगठनों और समुदाय के सदस्यों के साथ घनिष्ठ सहयोग के माध्यम से वेदांत एल्युमीनियम सक्रिय रूप से ग्रामीण ओड़िशा में सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन का नेतृत्व करता है। समुदायों की विशिष्ट आवश्यकताओं को संबोधित करते हुए और उनकी पूर्ति के लिए हाथ से काम करते हुए कंपनी सामूहिक कल्याण की दिशा में एक सार्थक यात्रा चलाने में सहायक है। वेदांता एल्युमीनियम, वेदांता लिमिटेड का व्यवसाय, भारत का सबसे बड़ा एल्यूमीनियम उत्पादक है, जो वित्त वर्ष 24 में भारत के आधे से अधिक यानी 2.37 मिलियन टन एल्यूमीनियम का उत्पादन करता है। यह मूल्यवर्धित एल्यूमीनियम उत्पादों में अग्रणी है, जिनका मुख्य उद्योगों में महत्वपूर्ण अनुप्रयोग होता है। वेदांता एल्युमीनियम एल्युमीनियम उद्योग के लिए एसएंडपी ग्लोबल कॉरपोरेट सस्टेनेबिलिटी असेसमेंट 2023 विश्व रैंकिंग में प्रथम स्थान पर है, जो इसकी अग्रणी सतत विकास प्रथाओं का प्रतिबिंब है। भारत में अपने विश्व स्तरीय एल्यूमीनियम स्मेल्टर, एल्यूमिना रिफाइनरी और बिजली संयंत्रों के साथ कंपनी हरित कल के लिए 'भविष्य की धातु' के रूप में एल्यूमीनियम के उभरते अनुप्रयोगों को बढ़ावा देने के अपने मिशन को पूरा करती है।










आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**